नॉर्थ अमेरिका में पहले सम्मेलन में दी गयी सीख

ली होंगज़ी

मार्च 29-30, 1998 न्यू यॉर्क

मैं इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए यहां आया हूं और बाकी सभी की तरह, मैं आपके अनुभवों को सुनना चाहता हूँ। मैंने ही पहले इस सम्मेलन को आयोजित करने का सुझाव दिया था। क्योंकि हमने संयुक्त राष्ट्र में कभी भी राष्ट्रव्यापी दाफा छात्रों के अनुभव-साझा सम्मेलन का आयोजन नहीं किया है, इसलिए मैंने सोचा कि छात्रों को एक-दूसरे के साथ मिलना और अनुभव साझा करना और उचित होगा। और यह समय सही है। एक वर्ष बीत चुका है जब मैं अंतिम बार अमेरिका में फा सिखाने आया था। आप सभी ने पिछले एक वर्ष के दौरान साधना के माध्यम से प्रगति की है, और विशेष रूप से, आप सभी ने पिछली बार अनुभव किया था कि फा को सुनने से आपकी प्रगति को तेज करने में एक निश्चित प्रभाव पड़ा। लेकिन यह पता लगाने के लिए कि आपने वास्तव में कितनी प्रगति की है, मैंने सोचा कि आपके अनुभवों को साझा करने से लाभ होगा। ऐसा करने से हमारे दाफा के प्रसार में भी तेजी आ सकती है।

इसके प्रसार में, वर्तमान में एक भ्रान्ति फैली हुयी है। कुछ लोगों ने कहा, "गुरु जी ने हमें वास्तव में साधना करने पर ध्यान देना सिखाया है।" उन्होंने सोचा कि मेरे कहने का अर्थ है कि उन्हें वास्तव में साधना करने के अलावा बाकी सब कुछ करना छोड़ देना चाहिए। बेशक, मैं यह नहीं कह रहा था कि आप अब आम लोगों का काम नहीं कर रहे हैं; आप आम लोगों के काम और साधना की जरूरतों को संतुलित करने में सक्षम हैं। मुख्य समस्या यह है कि आपने फा (होन्ग फा) को फैलाना गंभीरता से नहीं लिया है। आप फा प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन कुछ अन्य हैं जिन्होनें अभी तक नहीं किया है। मैं यह कह सकता हूं कि वास्तव में, आज के मानव समाज में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो मानव बना रहे। मेरे कहने का क्या तात्पर्य है? मैंने इस फा की शिक्षा देने के लिए बहुत पहले से प्राचीन, सुदूर काल से व्यवस्था की थी। इसके अलावा, जो कुछ सिखाया जा रहा है, वह एक बहुत ही विशाल फा है—पूरे ब्रह्मांड का फा। पिछली बार, सैन फ्रांसिस्को में, मैंने आपको ब्रह्मांड की संरचना के विषय में समझाया था। आप में से कई लोगों ने इसकी कुछ समझ प्राप्त की है, और यह सोचा कि, "अच्छा, तो ब्रह्मांड की रचना ऐसे की गयी थी।"

वास्तव में, मैं आपको यह बताना चाहता हूँ : मैंने जिस अवधारणा को पिछली बार बताया था जिसमें ब्रह्मांड की संरचना सम्मिलित थी, जो आपको लगती है कि

बस अथाह है, वह भव्य ब्रह्मांडीय पिंड में धूल के एक कण मात्र का वर्णन करती है। तो जरा सोचिए कि ब्रह्मांड कितना विशाल है। फिर सोचिए कि इस विशाल फा के लिए किसी व्यक्ति को आत्मसात करना कितना सरल होगा, जब इसे मानव समाज में सिखाया जायेगा। मैं एक सरल तुलना करके समझाता हूँ : यदि लकड़ी के चूरे का एक टुकड़ा पिघले हुए इस्पात की भट्टी में गिरता है, तो वह पलक झपकते ही गायब हो जाएगा। आपके जैसे किसी व्यक्ति को आत्मसात करना हमारे इस विशाल फा के लिए बहुत ही सरल होगा, आपके कर्म को हटाना, आपके अनुचित विचारों को दूर करना, इत्यादि। यह देखते हुए कि फा की शक्ति इतनी महान है, हम इसे इस तरह से क्यों नहीं करते हैं? हम साधारण मानव समाज में ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि उस तरह से साधना करना साधना नहीं माना जाएगा। बल्कि, इसे पुनः निर्माण माना जाएगा। इसका अर्थ होगा कि आप को पूरी तरह से नष्ट कर किसी अन्य व्यक्ति का निर्माण करना। यदि आप परिणाम स्वरूप स्वयं का अस्तित्व बनाए रखना चाहते है तो आपको वास्तव में साधना करनी होगी। जैसे जैसे आप साधना करते जायेंगे, नैतिक गुण के कई परीक्षण उत्पन्न होंगे, और जब आप, हमारे छात्र, दाफा का कार्य सहयोग से नहीं करते हैं, तो घर्षण पैदा होगा, और इसी तरह। यह सब तो होगा ही, केवल आपको इसका एहसास नहीं है।

यदि, जब किसी फा को सार्वजनिक किया जाता है, और यह कठिनाइयों से नहीं गुजरता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए अपार पुण्य को पीछे नहीं छोड़ जाता है, मैं कहूँगा कि यह एक दुष्ट फा है। इसमें कुछ भी महान नहीं होगा, आनंदित होने का कुछ भी कारण नहीं होगा, और आने वाली पीढ़ियों के लिए कोई अपार पुण्य नहीं छोड़ा जाएगा। यह वास्तव में ऐसा ही होगा। आपने वह फा प्राप्त किया है जो मैं सिखाता हूं और अब आप साधना करने में सक्षम हैं, लेकिन आपको दूसरों के बारे में सोचना होगा कि वे फा की साधना और प्राप्ति करने में कैसे सक्षम हों। जैसा कि मैंने अभी कहा, मानव जगत में कोई भी व्यक्ति मानव होने के उद्देश्य से नहीं आया है। लेकिन आप आत्मतुष्ट न हो जाएं—यदि आप फा प्राप्त नहीं करते हैं, या यदि आप साधना करके वापस नहीं लौट सकते हैं, तो आप केवल एक मनुष्य हैं। आप और भी नीचे गिर सकते हैं और वास्तव में मनुष्य से निम्न हो सकते हैं। इसलिए आपको फा को फैलाने के महत्व को समझने की आवश्यकता है। इसके विषय में मैं बस इतना ही कहूँगा।

कई छात्र चाहते हैं कि मैं कुछ उच्च और नया बोलूं। यदि उस मोहभाव से छुटकारा नहीं पाते हैं, तो आप फल पदवी प्राप्त नहीं करेंगे। क्या यह ऐसा नहीं है? कोई भी मोहभाव एक बाधा होती है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आज के समाज का विकास और इसकी संपूर्ण विकास प्रक्रिया, इसका गठन और क्रम-विकास, परग्रही प्राणियों द्वारा नियंत्रित और संचालित है। मैं आज इन चीजों के बारे में बात कर रहा हूं। यदि मैं प्राचीन चीन की संस्कृति और भाषा का उपयोग करता, तो मैं शायद इसे अधिक गहराई से समझा पाता, लेकिन आज आप इसे नहीं समझेंगे। आपकी मानसिकता पूरी तरह से समकालीन मनुष्य की है, इसलिए मेरी शिक्षाओं में मुझे आधुनिक विज्ञान से ज्ञान को एकीकृत करना पड़ता है। यह वास्तव में काफी निम्न-स्तर है, क्योंकि इसका निहित अर्थ बहुत ही सतही है। "अनुभवजन्य विज्ञान" के रूप में जो जाना जाता है, वह मानवीय नेत्र को दिखाई देने वाले भौतिक आयाम तक सीमित है—तीन लोकों में से केवल एक आयाम। फिर, तीनों लोकों में पदार्थ की कितनी परतें हैं? वे असंख्य हैं, और मानव जाति का निवास उनमें से केवल एक में है। आपकी आँखें केवल वही देख सकती हैं जो इस एक परत के भीतर है; वे केवल इसी एक क्षेत्र तक ही सीमित हैं। विशाल ब्रह्माण्ड की मानव मन द्वारा कभी भी थाह नहीं ली जा सकती है, क्योंकि आपके मस्तिष्क की क्षमता में अभाव है। मनुष्य की भाषा बहुत उच्च लोकों के ब्रह्मांड का वर्णन नहीं कर सकती है। इसके लिए ऐसी कोई शब्दावली नहीं है, न ही अवधारणाएँ—कुछ भी स्पष्ट रूप से वर्णित नहीं किया जा सकता है। इसलिए मानव की भाषा का उपयोग यह सिखाने के लिए नहीं किया जा सकता है जो उच्च स्तरों का है। केवल साधना में निरंतर प्रगति के माध्यम से आप धीरे-धीरे इसे समझ सकते हैं या इसकी गहरी समझ प्राप्त कर सकते हैं। जब आप फा पढेंगे, तो फा आपको चीजों के बारे में सजग करेगा।

वह क्या जो इस फा को इस तरह के एक विशाल प्रभाव डालने, और आपके लिए इस तरह के ऊँचे सिद्धांतों को सीखना संभव बनाता है? मैं आपको बता सकता हूं कि एक साधारण मानवीय पुस्तक, अर्थात्, श्वेत कागज पर मुद्रित काली स्याही के बंधे पन्नों, का कोई विशेष प्रभाव नहीं होता है। यह केवल इतना कर सकती है कि मानव जाति को जिसका ज्ञान है उन सरल मानव सिद्धांतों को समझा सके।

पुस्तक जुआन फालुन भिन्न नहीं होती यदि इसमें कोई गहरे अर्थ नहीं होते। तो ऐसा क्यों है कि जुआन फालुन को बार-बार पढ़ने से आप वास्तविक रूप से उच्च स्तर के सिद्धांतों को देख या अंतर्दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रत्येक शब्द के पीछे बुद्ध, ताओवादी दिव्य और दिव्यों की अनगिनत, परतें हैं। इनकी संख्या अनगिनत है। यहाँ उपस्तिथ दर्शकों में से चाहे आप कितने भी उच्च स्तर तक साधना कर लें, फिर भी आप उनका अंत नहीं देख पाएंगे चाहे आप भविष्य में ज्ञान प्राप्ति पा लें। फिर आप सोचें कि आप इस पुस्तक से साधना द्वारा किस स्तर तक पहुँच सकते हैं। जब आपके ऊँचे उठने का समय आ जाता है, तो हर एक शब्द के पीछे के सभी बुद्ध, ताओवादी देवता, और दिव्य इसे देख सकते हैं। आप एक नए स्तर पर पहुँच गए हैं और उस स्तर के सिद्धांतों को जानने के लिए तैयार हैं, इसलिए वे आपको उस शब्द या उस पंक्ति के पीछे के वास्तविक अर्थ को प्रकट करेंगे। आप अचानक उस अंतर्दृष्टि को प्राप्त करेंगे। ऐसा नहीं है कि आप अधिक समझदार हो गए हैं, बल्कि, उन्होंने जानबूझकर इसे आपके सामने प्रकट किया है, और इस प्रकार आपने वह अंतर्दृष्टि प्राप्त की है। तो इसके लिए एक कठोर आवश्यकता है: यदि आप साधना के माध्यम से उस आयाम तक नहीं पहुंचे हैं और उस आयाम को प्राप्त नहीं किया है, तो आपको उस स्तर के सिद्धांतों को जानने की अनुमति नहीं है। जब आप उस स्तर के सिद्धांतों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं, तो आप वास्तव में उस आयाम में होते हैं।

हमारे कई छात्र चिंतित हो जाते हैं जब वे अनुभव करते हैं, जैसा कि वे अक्सर करते हैं, कि उनकी साधना सतह पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है और अनुचित विचार और अनुचित मन की स्थिति अक्सर दिखाई देती है। लेकिन मैं आपको बता दूं कि, आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। आज हमारी साधना जिस रूप में हो रही है, वह उन सभी प्राचीनताओं से भिन्न है, फिर भी समान है। वे इस बात में भिन्न हैं कि हम वह मार्ग नहीं अपनाते हैं जो एक निम्न फा या ताओ अपनाता है; और वे सभी इस बात में समान हैं कि वे सभी प्राचीन फा उसका निम्न और सबसे सीमित साधना रूप हैं जो ब्रह्मांडीय दाफा हम आज सिखाते हैं। स्वाभाविक रूप से, जैसा कि मैं इस दाफा को सिखा रहा हूं, इसकी विशाल

शक्तियां, हमारे द्वारा अपनाया गया मार्ग, और लोगों को बचाने के लिए उपयोग किए जाने वाले तरीके सबसे अच्छे विकल्प हैं। तो यह देखते हुए, क्या इस फा का इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ सकता है? मैंने बस इस बारे में बात की कि पुस्तक के भीतर क्या है क्योंकि इसमें इतना गहरा अर्थ है।

बुद्ध, ताओवादी देवता, और दिव्य जिनके बारे में मैंने आपको बताया वे नकली नहीं हैं। वे सच्चे बुद्ध, ताओवादी देवता, और दिव्य हैं जो इस फा में प्रकट होते हैं। उनके पास मेरे द्वारा वर्णित अपार शक्तियाँ हैं। आप देख सकते हैं कि वे प्रत्येक शब्द के पीछे हैं, और जब वे विशाल दिखना चाहते हैं, तो वे असीम रूप से हो सकते हैं। यही उनका कर्तव्य है। वे फा की एक अभिव्यक्ति हैं। इसके कारण इस फा के लिए किसी व्यक्ति को आत्मसात करना सरल होता है। भूतकाल के सभी फा और साधना के तरीके ब्रह्मांड के अपार फा के केवल कुछ निम्न-स्तरीय रूप थे। उनका स्तर काफी निम्न था। यदि समय अनुमति देता है, तो बाद में मैं आपको कुछ स्तरों पर ब्रह्मांड की संरचना के बारे में और भी बताऊंगा।

आइए पहले फा का अध्ययन करने के महत्व के बारे में बात करते हैं। दूसरे शब्दों में, फा का अध्ययन करने से आप सुधार कर सकते हैं, और यह इसलिए क्योंकि फा के पीछे गहरे अर्थ हैं। कोई अन्य पुस्तक इस स्तर, इस स्थिति को क्यों नहीं प्राप्त कर सकती है? इसका कारण यह है कि उनमें कुछ भी नहीं है, हालांकि यह कहना उचित नहीं होगा कि उनमें पहले कभी कुछ नहीं था, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की परिस्थितियां भिन्न होती हैं। मैं आपको अक्सर कहता हूं कि बुरे धर्मों की पुस्तकें न रखें। बेशक, मैं दुष्ट या बुरे धर्म, या बुरी चीगोंग प्रथाओं की उन पुस्तकों के विषय में बात कर रहा हूं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके शब्दों के पीछे भी कुछ चीजें हैं, और उनकी चीजें उनमें अंतर्निहित हैं। लेकिन वे चीजें बुद्ध, ताओवादी दिव्य या दिव्य नहीं हैं, बल्कि गंदी, मैली चीजें हैं जैसे कि वश में करने वाले प्राणी, भूत, आत्मा और इत्यादि। मानव का शरीर एक वस्त्र की तरह है और व्यक्ति का मस्तिष्क केवल एक टोपी की तरह है। जो भी उन्हें पहनता है, वही उसे संचालित करता है। ऐसा कैसे? मनुष्य इतना निर्बल है कि कुछ भी उन्हें नियंत्रित कर सकता है और उनके साथ हस्तक्षेप कर सकता है। क्या मनुष्य दया के योग्य नहीं है? लेकिन यद्यपि यह दयनीय है, मानव जाति अपने स्वयं की करनी के कारण इस स्तर तक गिर गई है। वास्तव में, हम में से प्रत्येक और आप में से जो यहाँ बैठे हैं,

जो फा का अध्ययन करते हैं, उनके लिए यह सरल नहीं है। आपके साथ सभी प्रकार के हस्तक्षेप और कठिनाइयाँ होती हैं। जब भी आप फा का अध्ययन करना चाहते हैं, तो आपके कार्यों में व्यस्तता बढ़ जाती है, आपको समय में कमी लगती है, और इसी तरह। ये घटनाएँ आपको स्वाभाविक लगती हैं, लेकिन वास्तव में, वे आपके साथ हस्तक्षेप करने और आपको फा प्राप्त करने से रोकने के सभी प्रकार के कारक हैं। और वास्तव में कुछ लोग ऐसे हैं जो दावा करते हैं कि यह फा अच्छा नहीं है। लेकिन इस तरह के व्यक्ति के बारे में कोई राय न बनाएं, क्योंकि उसके विचार उसके स्वयं के नहीं बल्कि किसी और के होते हैं। जो व्यक्ति यह कहता है उसे वे बुरी चीज़ें नियंत्रित करती हैं। हम उस तरह के व्यक्ति को नहीं बचा सकते। क्या हम यह कह रहे हैं कि क्योंकि यह व्यक्ति स्वयं के नियंत्रण में नहीं है, उसे फिर अब कैसे बचाया जा सकता है? ऐसा इसलिए है, क्योंकि जब किसी व्यक्ति का उस तरह फायदा उठाया जाता है, तो ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उसके विचार पहले से ही इतने बुरे थे। इसलिए हम उन लोगों को नहीं बचा सकते जो सीधे-सीधे दाफा को हानि पहुँचाते हैं। यह उन लोगों पर भी लागू होता है जो पूरी तरह से बुरे हैं और जो पूरी तरह से अपने विवेक खो चुके हैं। यद्यपि वे बुरी चीजें जो संचालित करती हैं कि वे क्या कहते हैं और क्या करते हैं, वे अब स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख सकते हैं। हमारे फा में जागरूक मन से साधना करने की आवश्यकता है। हम किसी ऐसे व्यक्ति को फा नहीं दे सकते हैं जो सचेत नहीं है या वह अव्यवस्थित विचारों वाला है और परात्माओं द्वारा नियंत्रित होने के लिए तैयार है, ऐसे कैसे बुरी चीजों को हमारे फा को नियंत्रित करने की अनुमति दी जा सकती है? इसीलिए इसे ऐसे व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता है।

आप साधना करते हुए कई कठिनाइयों का सामना करेंगे। जब मैं समय-समय पर आपको साधना करते समय बहुत सी कठिनाइयाँ सहते हुए देखता हूं, तो यह देखना मेरे लिए भी कठिन होता है! कभी-कभी मैं इस बारे में सोचता हूं कि जब कोई अभ्यासी परीक्षा पास नहीं कर पाता है और दयनीय रूप से अपनी आंखों में आँसू लिए मेरी तस्वीर को देखता है, अपने मन में गुरु जी से भीख मांगते हुए उसकी कठिनाइयों को और भी दूर करने में सहायता मांगता है या उसे दुर्भाग्य से मुक्त करने के लिए कहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मैं क्या सोच रहा हूं? यदि मैंने आपके लिए उस कष्ट को दूर कर दिया, तो आप प्रगति करने का अवसर खो देंगे। क्या आपको लगता है कि आप सरलता से, बिना किसी कष्ट के, अपने

आप को एक उच्च स्तर तक बढ़ा सकते हैं? इसकी निश्चित रूप से अनुमति नहीं है। हम सभी जानते हैं कि मनुष्य ने हर जन्म में बहुत बुरे कर्म एकत्रित किए हैं। जैसा यीशु ने कहा था, मनुष्य पापी है। यदि आप अपने कर्म और पापों का भुगतान किए बिना स्वर्ग जाना चाहते हैं, तो क्या आप वास्तव में बस उन्हें झटक सकते हैं, उन्हें पीछे छोड़ सकते हैं और स्वर्ग जा सकते हैं? इसके बारे में सोचें, क्या ऐसा हो सकता है? निश्चित रूप से नहीं। इसीलिए आपको स्वयं ही बुरे कर्मों को हटाकर अपने ऋण चुकाने होंगे जो आप पर बकाया है। आपको अपने बुरे कर्म को खत्म करने के साथ-साथ अपने नैतिक गुण को भी सुधारना होगा। आप एक उच्च स्तर पर तभी पहुँच सकते है जब आप उस आयाम तक स्वयं को ले जा सकें। यह फा है जो आपको उस स्तर तक ऊंचा उठने में सक्षम बनाता है।

आप अपनी साधना के दौरान कई प्रकार की कठिन परीक्षाओं का सामना करेंगे। जब तक आप मन लगाकर फा का अध्ययन करते हैं, तब तक आप किसी भी कठिनाई को दूर करने में सक्षम होंगे। जब तक आप फा का मन लगाकर अध्ययन करते हैं, तब तक आपको फा के भीतर उत्तर मिलेंगे जो आपके मन की किसी भी उलझन या किसी भी धारणा को सुलझाने में सक्षम होंगे। इस फा में यह दर्शाया गया है कि एक मनुष्य होने के साथ-साथ दिव्य व्यक्ति कैसे होना चाहिए। मैं आपको यह भी बता रहा हूं कि बुद्ध, ताओ, या दिव्य, और यहां तक कि उच्च स्तर के दिव्य कैसे बनें। आपकी धारणाओं को समाप्त करने में फा कैसे विफल हो सकता है? कैसे फा आपके मन को नहीं खोल सकता है? फा आपकी समस्याओं को कैसे हल नहीं कर सकता है? यह वह सबकुछ कर सकता है। आप इतने लंबे समय तक मानव समाज में रहने पर अक्सर विभिन्न धारणाओं को छोड़ने के लिए तैयार नहीं होते हैं। आपके पास विभिन्न क्षेत्रों में कुछ उपलब्धियाँ हैं, और यह मानते हुए कि आपने कुछ उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं, आपने उन्हें जकड के रखा है और आप उन्हें छोड़ना नहीं चाहते हैं। और जो आपके विचार में "सटीक" अवधारणाएं हैं जिनको आपने साधारण लोगों के बीच सीखा है उन्हें आप जकड़ के रखते हैं । वे साधारणतः ऐसी चीजें हैं जो लोगों को पीछे की ओर खींचती हैं। अन्य चीज़ें विभिन्न प्रकार की आदतें हैं जो आप में से बहुतों सामान्य समाज में विकसित होती हैं, एक व्यक्ति का स्थापित जीने का तरीका, और वे चीजें जो सामान्य लोगों को लगता है कि उन्हें उनका पीछा करना चाहिए। ये चीजें सबसे गहरी और संवेदनशील हैं। प्रश्न करने पर, वे तुरंत आपत्ति करेंगे। कुछ लोग फा सीखना छोड़

देना पसंद करेंगे [स्वयं को बदलने के बजाए]। ऐसी स्तिथि में कुछ नहीं किया जा सकता है। कोई फा सीखता है या नहीं यह उस पर निर्भर है। कोई किसी को इसे सीखने के लिए विवश नहीं कर सकता।

एक व्यापक बात कहें तो, सभी को फा का अध्ययन करने में बाधा होती है। विद्वान व्यक्तियों के लिए, यह बाधा आधुनिक विज्ञान है। यदि कुछ इस विज्ञान के अनुरूप है, तो वे इसे स्वीकार कर लेते हैं; यदि ऐसा नहीं होता है, तो वे नहीं कर सकते हैं। यह उनके लिए एक गंभीर रुकावट है। कोई नहीं समझ पाता कि मैं आधुनिक विज्ञान को क्यों सम्मिलित करता हूं जब मैं फा सिखाता हूं। मैं ऐसा क्यों करता हूँ? कारण यह है कि मैं आप के उस कवच को तोड़ना चाहता हूं जो आपको फा प्राप्त करने से रोकता है। कुछ लोग कुछ धर्मों से प्रभावित होते हैं। यदि किसी व्यक्ति के धर्म में विश्वासों के अनुसार कुछ होता है, तो वह कहेगा कि यह अच्छा है और इसे सीखेगा। अन्यथा, वह इसे नहीं सीखेगा। आपको बचाने के लिए और आपको फा प्राप्त करने में सक्षम करने के लिए, मैंने धार्मिक चीजों के बारे में, साथ ही साथ धर्म के पतन की प्रक्रिया और रूप के विषय में भी बात की है। और यहां तक कि उन सामान्य लोगों के लिए भी, जो साधारण समाज में नौकरी करते हैं और वे अपना काम नहीं छोड़ सकते हैं, मेरे फा ने साधारण लोगों के तरीकों का अत्यधिक अनुपालन करते हुए साधना करना बताया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि मैं आपको समायोजित करने के लिए समझौता कर रहा हूं। यह फा वास्तव में आपको नौकरी करते हुए साधना करने में सक्षम बनाता है, और कई अन्य परिस्थितियां भी हैं। सभी को बाधाएं होती हैं और एक या एक से अधिक धारणाएं होती हैं जिन्हें वे छोड़ नहीं पाते हैं । कोई भी मानवीय धारणा एक बाधा होती है। मैं उन श्रेष्ठ उपलब्धियों के विरुद्ध नहीं हूं, जो आज तक समाज के विकास के साथ हुई हैं, और न ही मैं उस प्रक्रिया में संचित ज्ञान से असहमत हूं। हालांकि, मैं आपको बता दूँ, कि एक साधक के रूप में यह आवश्यक है कि, आप अपने मन को स्वच्छ कर लें। साधारण लोग इस तरह की महिमाओं का आनंद ले सकते हैं और मानवीय मन के साथ जीवन व्यतीत कर सकते हैं, लेकिन, साधक के रूप में, आपको उन बनायी धारणाओं को त्यागना होगा। दूसरे शब्दों में, मैंने जो सिद्धांत सिखाये हैं, वे यह है: जितना संभव हो सके उतना साधारण लोगों के अनुरूप रहते हुए आपको साधना करनी चाहिए। क्योंकि आप साधारण लोगों के बीच रहते हैं,

आप काम कर सकते हैं और अध्ययन कर सकते हैं [जैसा कि एक सामान्य व्यक्ति करता है]। लेकिन आपको मानवीय धारणाओं को छोड़ना होगा।

मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि जैसे-जैसे आप मानव धारणाओं को छोड़ देंगे, तो आप एक भिक्षु या ताओवादी पुजारी की तरह सभी भौतिक संपत्ति खो देंगे। ऐसी बात नहीं है। क्योंकि मैं आपसे सामान्य लोगों के बीच साधना करने के लिए कहता हूं, इसलिए आपको सामान्य समाज के तरीकों को ध्यान में रखना होगा। दूसरे शब्दों में, जो आपको छोड़ना चाहिए वास्तव में वे आपके मोहभाव हैं। मानव जाती मोहभावों को छोड़ ही नहीं पाती। हालांकि जब आप वास्तव में एक मोहभाव को त्याग देते हैं, तो आप पाएंगे कि आपने कुछ भी नहीं खोया है। फा सीखना अपने आप में एक आशीर्वाद है—फिर आपने कुछ कैसे खोया है? वास्तव में, यदि आप सच में कुछ खो देते हैं, तो यह आपकी मोहभाव को छोड़ने की अनिच्छा के कारण होता है। आपके मोहभाव को छुडवाने के लिए उसे हमेशा धीरे धीरे करके तोड़ा जाता है। यदि आप वास्तव में स्वयं को संकट में पाते हैं, तो इसका अर्थ है कि यह आपके मोहभाव को हटाने के लिए है। तो क्या होगा यदि आप इसे नहीं हटाने पे बल देते हैं और उससे अभी भी जकड़े रहते हैं? परिणाम स्वरूप रूकावट पैदा हो जाएगी। जितनी देर यह रूकावट बनी रहेगी, आपकी स्थिति और जीवन का परिवेश उतना ही बिगड़ता चला जायेगा। जब आप वास्तव में मोहभाव को छोड़ देते हैं, तो आप पायेंगे कि आपकी परिस्तिथियाँ तुरंत बदल गयी हैं, जिससे आपका मन तुरंत शांत हो जाएगा, और आपका शरीर बदला हुआ और आप पूरी तरह से हल्का अनुभव करेंगे। पीछे मुड़कर देखने पर, आप पाएंगे कि आपने कुछ भी नहीं खोया है। यह उस चीनी कहावत की तरह ही है, "[जब दुर्गम पहाड़ और नदियाँ पार करना असंभव लगता है], तब घने पेड़ों और फूलों के बीच से कहीं दूर एक नया गाँव दिखाई देता है।" अच्छी चीजें अचानक फिर से आपके सामने आएँगी।

जब अच्छी चीजें फिर से आपके पास आ जाती हैं, भले ही आपके पास अधिक धन, अच्छा भाग्य, या अधिक चुनौतियाँ हों, तो आप पाएंगे कि अब आप एक सामान्य व्यक्ति की तरह उनके साथ मोहभाव नहीं रखते हैं। आप उन चीजों को हल्के में लेंगे, लेकिन आपके पास अभी भी सब कुछ होगा। क्या यह श्रेष्ठ नहीं होगा? आप पैसे, नौकरी, या इच्छाओं के लिए इतने दर्दनाक रूप से क्यों उलझ जाते है यहाँ

तक कि आप अच्छी तरह से खा या सो नहीं सकते हैं और हमेशा उन्हें खोने के बारे में चिंतित रहते हैं? क्या आपको लगता है कि उस तरह से जीना अच्छा है? वास्तव में, जो लोग छोड़ नहीं पाते हैं वे हैं उनके मोहभाव। केवल लोगों के साधना करने से मानव समाज की स्थिति नहीं समाप्त हो जाएगी। मानव जाति का अस्तित्व हमेशा के लिए जारी रहेगा। आप इसे चाहते हैं या नहीं, इसका अस्तित्त्व हमेशा रहेगा। बस यह है कि जब साधारण लोग अपने मोहभावों को नहीं छोड़ सकते, तो यह उनके अपने जीवन को अत्यधिक थका देता है।

अवश्य ही, मनुष्य बहुत जटिल होते हैं। किसी व्यक्ति के भाग्य की सीमा का संबंध उसके पिछले जन्म के साथ, उससे पहले, या उससे भी पहले के विभिन्न कालों के जन्मों के साथ हो सकता है। यह देखते हुए कि कोई और एक प्रमुख व्यवसायी है, आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि यदि आप साधना करते हैं और अपने मोहभावों को छोड़ देते हैं तो आप भी उनकी तरह एक सी ई ओ बन सकते हैं। आप नहीं बन सकते। जैसे मानव समाज में चीजें काम करती हैं, इसका संबंध उससे है जो आप अपने साथ यहां लेकर आए हैं। जब आप साधना करते हैं, तो आपके पास एक निश्चित मात्रा में अच्छा भाग्य होता है, और यदि आप ना भी करें तो भी शायद आपके पास उतना ही होगा। फिर इसमें अंतर क्या है? अंतर यह है कि आपका मन शांत है [एक साधक के रूप में]। अन्यथा दूसरी परिस्तिथि में, आपका मन तनावपूर्ण होता। वैसे भी आप एक थकावट भरा जीवन जीते, और आपका मन और भी थकाहारा हो जाता, जिससे आप अच्छी तरह से खाने या सोने में असमर्थ हो जाते। अवश्य ही, आपका शरीर थक जाएगा और बूढ़ा हो जाएगा, कमजोर हो जाएगा, और, एक सामान्य व्यक्ति की तरह, विभिन्न रोगों से घिर जायेगा। यदि, इसके विपरीत, आप उस सब को छोड़ देते हैं, तो आप दरिद्र होने पर भी बहुत शांत अनुभव करेंगे। वास्तव में, आप दाफा सीखने के कारण दरिद्र नहीं बनेंगे। हालांकि मुझे लगता है, इस तरह मोहभाव से जकड़े रहने से बेहतर है खुशी से रहना। आपको अपने सांसारिक कार्य करने ही है। जैसे जैसे अधिक लोग साधना करते हैं, मैं कहूँगा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य होगा यदि आप सभी काम करना बंद कर देते हैं। यह चीजों को अच्छी तरह से संतुलित करने की बात है। जो भी हो, दाफा सीखना एक आशीर्वाद है। सामान्य मानवीय मोहभावों को छोड़ देने के बाद दाफा अपने शिष्यों के लिए सौभाग्य लाता है। सौभाग्य निश्चित रूप से वह नहीं है जो सी ई ओ बनने से जुड़ा है।

एक और बात यह है कि जब फा का अध्ययन करते हुए कोई प्रश्न उठते हैं, या जब आप उन समस्याओं का सामना करते हैं जिनका कोई हल नहीं होता है, तो आपको बाह्य रूप से उत्तरों की खोज के पीछे नहीं भागना चाहिए। उदाहरण के लिए, जब शिष्यों या स्वयंसेवकों के बीच समस्याएँ होती हैं, तो ऊँगली उठाना और घर्षण या तनाव पैदा करना उचित नहीं है। यदि ऐसा दाफा शिष्यों के साथ होता है या यदि आपको उन मुद्दों पर गुस्सा आता हैं, तो आपकी सोच एक सामान्य व्यक्ति की है। जब भी कोई समस्या हो तो आपको उत्तर के लिए फा की ओर देखना चाहिए। आपको स्वयं को जाँचना चाहिए और अपने भीतर देखना चाहिए, यह पूछते हुए: "मैंने क्या अनुचित किया? क्या मैंने कुछ ऐसा अनुचित किया जिससे यह समस्या पैदा हुई है?" इस पर ध्यान से सोचें।

कठिनाई के समय में, आप में से कितने वास्तव में अपने भीतर कारणों को ढूँढते हैं? अवश्य ही, आप में से कई लोग कुछ अवसरों पर ऐसा करते हैं, लेकिन कई बार आप ऐसा नहीं करते। जब आपको अपने भीतर वास्तविक कारणों का पता लगता है, यदि आप उनका सामना करने और उन्हें स्वीकार करने का साहस करते हैं, तो आप देखेंगे कि विषय तुरंत बदल जाता है और समस्या गायब हो जाती है। अचानक, बिना किसी स्पष्ट कारण के, ऐसा लगेगा कि कोई घर्षण या कुछ भी आपके और दूसरे व्यक्ति के बीच कभी हुआ ही नहीं। क्योंकि एक साधक के लिए "संयोग से" होने जैसा कुछ है ही नहीं; किसी भी अनियमितता को आपकी साधना को बाधित करने की अनुमति नहीं है।

जो कुछ भी आपके सामने आता है वह यह देखने के लिए एक परीक्षा होती है कि क्या आप स्वयं को एक साधक के रूप में मान सकते हैं या नहीं और स्वयं के अनुचित कार्यों और गलतियों का पता लगा सकते हैं या नहीं। जब यह बात आती है कि क्या आप स्वयं एक साधक के रूप में आचरण कर सकते हैं या नहीं, तो मेरे इन शब्दों को याद करें : चाहे आप किसी भी कठिनाई का सामना करें, चाहे आपको कोई बात दुखी करती है, और चाहे सतही तौर पर आपको कोई बात सही लगती है या गलत, यदि आप वास्तव में स्वयं को एक साधक मानते हैं तो आपको हमेशा अपने भीतर कारण की जांच करनी चाहिए। अपने आप से पूछे कि क्या आपका कोई गलत, कठिनाई से पता लगने वाला कारण है जो समस्या से संबंधित है। यदि

आप एक साधक के रूप में, केवल सतही तौर पर चीजों को छोड़ते हैं, लेकिन अन्दर ही अन्दर आप अभी भी किसी बात को बचाने और सिद्ध करने पर अड़े रहते हैं, स्वयं के महत्वपूर्ण स्वार्थ को दूसरों द्वारा हस्तक्षेप किए जाने से अपना बचाव करते हैं, मैं कहूँगा कि आपकी साधना ढोंगी है! यदि आपकी सोच नहीं बदलती है, तो आप एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते हैं और स्वयं को धोखा दे रहे हैं। जब आप वास्तव में भीतर से सुधार करते हैं, तभी आप वास्तविक प्रगति कर सकते हैं। तो यह याद रखना सुनिश्चित करें: जब भी आप किसी भी चीज़ का सामना करते हैं जैसे कि समस्याएं, अप्रिय चीजें, या दूसरों के साथ टकराव, तो आपको स्वयं की जांच करने और भीतर झांकने की आवश्यकता है। आपको वह कारण मिल जाएगा जिसने समस्या को हल होने से रोक रखा है। कुछ पहले, चीगोंग संचार के दौरान, कई लोगों ने सीखा कि किसी व्यक्ति का अपना ऊर्जा क्षेत्र उसके परिवेश को प्रभावित कर सकता है। लेकिन वास्तव में, ऐसा नहीं है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आपके भीतर कोई समस्या होती है, जो ब्रह्मांड की मूल प्रकृति का विरोध करती है, और इसलिए आप अपने आस-पास की हर चीज को अपने विरुद्ध पाते हैं। यह ऐसे ही कार्य करता है। यदि आप हर चीज़ को पुनर्व्यवस्थित करने में सक्षम होते हैं तो सब कुछ सरलता से हो जाएगा। यह ऐसा ही है।

फा-अध्ययन के विषय में एक और बात है। जब कुछ छात्रों के फा-अध्ययन की बात आती है, तो यह कहना मुश्किल है कि वे गंभीर नहीं हैं क्योंकि उन्होंने पुस्तक को कुछ पढ़ा है, लेकिन आप उन्हें गंभीर भी नहीं कह सकते क्योंकि उन्होंने एक बार भी पूरी पुस्तक नहीं पढ़ी है, जुआन फालुन को पूरा पढने में असमर्थ रहे हैं। मैं आपको बता रहा हूं कि इस स्थिति को हल्के में न लें। विशेष महत्व की बात यह होती है जब नए छात्र पहली बार पुस्तक पढ़ते हैं: यदि आप इसे पूरा नहीं पढ़ते हैं, तो आप पाएंगे कि अब से आपके पास इसे पढ़ने का समय या अवसर नहीं होगा। जब आपके पास समय होगा तब भी आप इसे दोबारा पढ़ना भूल जायेंगे। क्यों? सभी के विचार-कर्म होते हैं, जो स्वार्थी और बुरे होते हैं । जब उन्हें यह पता चलता है कि आप जो अध्ययन करते हैं, वह कितना पवित्र और अच्छा है, और यह कि वह [विचार-कर्म] समाप्त हो जाएगा, तो कर्म डर जाएगा और आपको अधिक पढ़ने और अध्ययन करने से रोकने की कोशिश करेगा। यदि आप पुस्तक को बीच में पढ़ना छोड़ देते हैं, तो यह विचार-कर्म आपको दाफा पुस्तक को पढ़ने का अवसर देने से रोकेगा और उसके संपर्क में आने से रोकने का प्रयत्न करेगा। यही कारण है

कि कुछ लोगों को पता चलता है कि पुस्तक का केवल एक छोटा सा भाग पढ़ने के बाद, फा को सीखने का एक और अवसर ढूंढना कठिन है। इसलिए एक बार जब आप पहली बार पुस्तक पढ़ने का फैसला करते हैं, तो आपको इसे बिना रुके शुरू से अंत तक पढ़ना चाहिए। जब आप पहली बार पुस्तक पढ़ना समाप्त कर लेते हैं, तो आप पाएंगे कि आपकी सोच को प्रभावित करने वाली सभी बुरी धारणाओं को मूल रूप से समाप्त कर दिया गया है। अगली बार जब आप फा का अध्ययन करेंगे तो इस संबंध में कोई बाधा नहीं आएगी। इसलिए हमारे शिष्यों, विशेष रूप से हमारे अनुभवी अभ्यासियों को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। जब आप किसी और को इसे पढ़ने के लिए कहें (यदि वह इसे पढ़ना चाहता है), तो उसे बिना रुके शुरू से अंत तक पढ़ने के लिए कहें। यदि पहली बार वह इसे पढ़ना छोड़ देता है और रुक जाता है, जब आप अगली बार उसे पुस्तक पढ़ने के लिए कहेंगे तो वह तुरंत कहेगा कि उसके पास समय नहीं है और उसने केवल थोड़ा सा ही पढ़ा है। वह व्यक्ति वास्तव में मूर्खता कर रहा है। मैंने कहा है कि एक व्यक्ति का शरीर एक वस्त्र की तरह होता है, जो भी इसे पहनता है, वही उसका प्रभारी होता है; आपका मन केवल एक टोपी की तरह है, जो कोई भी इसे पहनता है, यह उसका प्रभारी बन जाता है। वह दावा करता है कि उसके पास समय नहीं है, लेकिन यह वाक्य वास्तव में उस बुरे कर्म द्वारा बोला जाता है, जो उसे पढ़ने से रोकता है। यह उसे व्यस्त रखने के लिए चीजें ढूँढता है और उसे पुस्तक पढ़ने को याद रखने से रोकता है। यह एक ऐसी समस्या है जो सरलता से फा-अध्ययन के साथ हो सकती है, इसलिए हर तरह से इस पर ध्यान दें।

जुआन फालुन के अन्य भाषा संस्करणों का भी वही प्रभाव होता है जो चीनी भाषा की पुस्तक का होता है। लेकिन यहां एक समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है। हमारे कई छात्र जो विभिन्न भाषाओं में पुस्तक का अनुवाद करते हैं, वे हमेशा एक-दूसरे के साथ बहस करते हैं, कहते हैं, "इसका अर्थ यह है जिसे आपने समिल्लित नहीं किया है," "इसका अर्थ यह है जिसे आपने छोड़ दिया है," "यह शब्द सही ढंग से अनुवादित नहीं हुआ है," "इस शब्द का अनुचित अनुवाद किया गया है," इत्यादि। वे अक्सर इस तरह बहस करते हैं और अनुवाद को अंतिम रूप नहीं दे पाते हैं। मुझे आपके साथ कुछ साझा करना है। क्या आपका ऐसा करना अनुचित है? नहीं, आप अनुचित नहीं हैं, लेकिन साथ-साथ आप अनुचित भी हैं। आप अनुचित क्यों नहीं हैं? आप जो कहते हैं उसका अर्थ [एक दी गई पंक्ति में]

जिसे सम्मिलित होना चाहिए वह वास्तव में आपकी समझ के अनुसार है, लेकिन यह सामान्य लोगों के स्तर से परे है। हालाँकि श्वेत पन्ने पर काली स्याही में जो लिखा है वह साधारण लोगों के स्तर से शायद अधिक ऊँचा नहीं है। इसलिए जब आप अनुवाद करते हैं, तो जब तक किसी साधारण व्यक्ति के स्तर पर मूल अर्थों को अधिक से अधिक अच्छी तरह से प्रस्तुत किया जाता है तब तक ठीक है। आपने शब्दों के पीछे गहरे अर्थों और सिद्धांतों को अनुभव किया है क्योंकि उनके पीछे के तत्वों ने अपना कार्य किया है। अनुवाद के कार्य में इस तरह की चीज़ें आम होती हैं।

जैसे-जैसे हमारे छात्र निरंतर प्रगति करते हैं तो एक समस्या उत्पन्न हो सकती है, और यहां मैं आपको यह स्पष्ट करना चाहता हूं। मैं आपके साथ कुछ बात करना चाहता हूं जो हमारे कुछ काकेशियन शिष्यों और अन्य [गैर-चीनी] जाती के शिष्यों के लिए विशेष रूप से लागू होती है। जैसे-जैसे वे दाफा की साधना करते जाते हैं, बहुत से लोग कुछ चीज़ें देख पाते हैं: उन्हें पता चलता है कि हमारे छात्रों में, साधना के माध्यम से विकसित होने वाले कई शरीर बौद्ध मार्ग से सम्बन्ध नहीं रखते हैं। इसके बजाय, कुछ ताओवादी हैं, कुछ दिव्यों की तरह हैं, और अन्य काकेशियन दिव्यलोक के दिव्यों के समान होते हैं। मैं आपको बता दूं कि आपकी यह धारणा कि कौन सा मार्ग बेहतर है और कौन सा इतना अच्छा नहीं है वह एक साधारण मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है। उच्चतर स्तरों पर चीजें अलग तरह से समझी जाती हैं। तो, हमारे कुछ शिष्य अलग-अलग दिव्यलोकों का स्वरूप क्यों धारण करते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि आप विभिन्न स्थानों से आते हैं, और शायद आपने एक निश्चित मानव जाति के रूप में पृथ्वी पर पुनर्जन्म लिया है। लेकिन यदि आप एक उच्च स्तर से नीचे आने वाले प्राणी हैं, तो आपको अपने मूल स्थान पर लौटने की आंतरिक इच्छा होगी। अभी आपको लगता है कि आप मास्टर के दिव्यलोक में जाना चाहते हैं। यह विचार मानवीय तरीके से सोचने से आता है। इसलिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप अपनी वर्तमान इच्छा के बजाय अपनी मूल इच्छा को पूरा कर सकें—दूसरे शब्दों में, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप फा के साथ आत्मसात हो जाएं और फिर अपने मूल स्थान पर लौट सकें—हालांकि यह जो मैं सिखा रहा हूं वह बुद्ध मार्ग पर आधारित है, यह पूरे ब्रह्मांड का फा है और इसमें विभिन्न स्तरों के सभी जीवों के लिए, विभिन्न स्तरों पर और विभिन्न विशिष्ट लोकों के फा सिद्धांत सम्मिलित है।

इस विषय पर, मुझे एक और दृष्टिकोण से, आयाम के विषय पर विस्तार करने का अवसर दें। मैंने अभी-अभी कहा है कि मनुष्य विभिन्न आयामों और स्तरों से आते हैं। मैं साथ-साथ ब्रह्मांड की संरचना के बारे में भी बात करुंगा। जैसा कि मैंने कहा है, हमारी पृथ्वी ब्रह्मांड के लगभग केंद्र में स्थित है। बहुत ही छोटी संख्या में पृथ्वी जैसे ग्रह और स्थानों पर भी मौजूद हैं, लेकिन केवल हमारा ग्रह केंद्रीय स्थान पर है। एक केंद्रीय स्थिति पर उपस्तिथ रहने का अपना महत्व है, लेकिन एक ब्रह्मांडीय सोच से इसका क्या अर्थ है, इस पर चर्चा नहीं की गई है। उदाहरण के लिए, जब सामान्य लोग मानव समाज में ज्ञान प्राप्त करते हैं, तो वे केंद्र को सर्वोच्च या सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। मैं आपको बता दूं कि ब्रह्मांड के संदर्भ में, हालांकि, पृथ्वी केंद्र में होने के कारण, सबसे खराब स्थिति में है। क्यों? क्योंकि ब्रह्मांड गोलाकार है और ब्रह्मांड में विभिन्न प्रकार के जीव अपने स्तर से गिरेंगे। जब वे गिरते हैं तो वे कहां जाते हैं? क्योंकि ब्रह्मांड गोलाकार है, जबकि बाईं ओर को ऊपर समझा जाता है, तो क्या नीचे को ऊपर नहीं समझा जा सकता? दाईं ओर भी ऊपर है (हाथ के इशारे करते हुए), जैसे कि पीछे और सामने है, इसलिए ब्रह्मांड में खराब चीजें नीचे की ओर गिरेंगी। और जब वे गिरती हैं तो वे कहां जाती हैं? वे केंद्र में आती हैं, है न? फिर भी ब्रह्मांड बेहद जटिल है, और केंद्रीय स्थिति से संबंधित अन्य अवधारणाएं और भी हैं।

ब्रह्मांड में बहुत सारे स्तर हैं। उदाहरण के लिए, आकाश गंगा जैसी लगभग 300 करोड़ आकाशगंगाएँ एक ब्रह्मांड के विस्तार को समाहित करती हैं। हम आमतौर पर इसे एक छोटा ब्रह्मांड कहते हैं। फिर इस से परे ऐसे लगभग तीन हजार छोटे ब्रह्मांड हैं, और उनके बीच की दूरी बहुत अधिक है। साधारण लोगों के बीच ऐसी अवधारणा नहीं है। यहां तक कि जब साधारण देव इसकी अवधारणा करते हैं, तब भी वह दूरी बहुत लंबी होती है और दृष्टि की सीमा से परे होती है। फिर इन तीन हज़ार ब्रह्मांडों के बाहर एक आवरण है जो दूसरी परत वाले ब्रह्मांड का निर्माण करता है। इस तरह से आगे बढ़ते हुए, इस दूसरी-परत के ब्रह्मांड से परे, उस आकार के तीन हजार ब्रह्मांड एक तीसरी-परत वाले ब्रह्मांड का निर्माण करते हैं। इन संख्याओं के वर्णन की अवधारणा बहुत विशाल है। यदि हम एक ब्रह्मांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चावल के दाने का उपयोग करते हैं, तो जब हम इसे गुणा करते हैं, तो चीजें काफी बड़ी हो जाती हैं। तब चावल के तीन हजार दाने मेज

के जितने बड़े, या उससे भी बड़े होते हैं। फिर, तीन हजार मेज, इस सभाग्रह में भी नहीं समाएँगे। तो इन गुणकों का आकार काफी विशाल है। दूसरे शब्दों में, इसका आयतन और दायरा अत्यंत विशाल है।

फिर भी मैंने आपको इस ब्रह्मांड के बारे में जो बताया है वह केवल एक सरल की हुई अवधारणा है। इस तरह के एक ब्रह्मांड को अभी भी एक कण के रूप में देखा जाता है। वास्तव में, यह सच में एक कण है, और यह ब्रह्मांड में एक प्रकार का छोटा कण है। साथ ही, ब्रह्मांडीय पिंड की समग्र संरचना में, प्रत्येक कण के भीतर ब्रह्मांडीय पिंड के अस्तित्व के विभिन्न रूप हैं; उस ब्रह्मांडीय पिंड के भीतर दिव्यलोकों की अलग-अलग परतें भी हैं। एक ब्रह्मांडीय पिंड के प्रत्येक कण के भीतर अलग-अलग परतें होती हैं, जो उनके अंदर के प्राणियों के लिए, अलग-अलग दिव्यलोक या दिव्यलोक की अलग-अलग परतें लगती हैं। दिव्यलोकों की इन विभिन्न परतों के भीतर विभिन्न दिव्यों के असंख्य दिव्यलोक हैं। पिछली बार जब मैं संयुक्त राज्य अमेरिका आया था और सैन फ्रांसिस्को में फा सिखाया था, तो मैंने आपको एक अवधारणा बताई थी जो बहुत विशाल थी। मैंने कितनी परतों का उल्लेख किया था? पहले मैंने इक्यासी परतों की बात की, और बाद में मैंने एक हजार से अधिक परतों की बात की। वह विस्तार जिसकी मैंने बात की थी वह काफी विशाल था। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं, जिस विस्तार के बारे में मैंने बात की है, जिसे आप समझ से बाहर मानते हैं, वास्तव में अभी भी बहुत छोटा है। यदि आप इससे कुछ दूरी पर होते है, या इससे ऊपर उठते हैं, और इसे पीछे मुड़कर देखते हैं, तो यह भी ब्रह्मांड में धूल के एक कण की तरह दिखाई देगा। ब्रह्मांडीय पिंड इतना विराट है।

फिर भी मैं आपको बता रहा हूं कि विशालकाय ब्रह्मांडीय पिंड जो विकसित होता है ("विकसित" उचित शब्द नहीं है, लेकिन मैं केवल मानवीय भाषा का उपयोग कर सकता हूं क्योंकि कोई अन्य भाषा उपलब्ध नहीं है) और पृथ्वी को आधार मानकर विस्तृत होता है—उस सम्बन्ध को केवल "विकास" के रूप में वर्णित किया जा सकता है—जो केवल एक प्रणाली है। इस तरह की प्रणालियाँ असंख्य हैं, और इनकी गणना मनुष्य को ज्ञात संख्याओं से नहीं की जा सकती है। उन ब्रह्मांडीय पिंडों में विभिन्न जीव होते हैं, जो विशाल दूरियों से अलग किये गए हैं। इसके बारे में सोचें। यह ब्रह्मांड इतना विशाल है कि इसका आकार मानवीय भाषा

द्वारा नहीं समझाया जा सकता है। तो इसका अर्थ यह है कि जीवों के बीच अंतर काफी अधिक है। मानव जाति को अपनी इस सभ्यता पर गर्व है जो इसने अब तक विकसित की है, जैसे कि मैनहटन में विश्व में सबसे ऊँची और सबसे अधिक गगनचुंबी इमारतें हैं। मनुष्य अपनी वर्तमान वैज्ञानिक उपलब्धियों से गर्वित है, जिसे वे अद्भुत मानते हैं। पीछे मुड़कर देखते हुए, वे सोचते हैं कि आधुनिक लोगों की तुलना में पूर्वजों की स्थिति बहुत खराब थी; पूर्वजों को घोड़ा गाड़ियों की सवारी करनी पड़ती थी, जबकि आज के लोग कार, ट्रेन और हवाई जहाज से यात्रा करते हैं। लोगों को लगता है कि उनकी उपलब्धियाँ काफी शानदार है। लेकिन मैं आपको यह बता दूं। आप विभिन्न ब्रह्मांडीय पिंडों और विश्वों से आए हैं, और मानव समाज में विकसित की गई हर चीज उन यादों के द्वारा है, या जिसे "संदेश" भी कहा जा सकता है, जो उन विभिन्न ब्रह्मांडीय पिंडों और समाजों से है जो मानव मन में बसे हुए हैं और मानव आयाम के इन स्थूल पदार्थों का उपयोग करके, सामान्य मनुष्यों के बीच ऐसी चीजें बनाने के लिए आपको फिर से सक्षम करते हैं। दूसरे शब्दों में, ब्रह्मांड के विभिन्न आयामों में ये चीजें बहुत पहले से मौजूद थीं।

जैसा कि मैंने अभी कहा, बहुत से लोग दूर-दूर स्थानों से आते हैं। इसके बारे में सोचें, फिर: उनमें और उनकी विशेषताओं में काफी अंतर होना चाहिए। जैसे-जैसे समय बीतता जाता है और जीव पहले जैसे अच्छे नहीं रह जाते हैं, (स्वर्ग की भाषा में "अच्छा" या "बुरा" जैसा कुछ नहीं होता है; जिन शब्दों या अवधारणा का वे अक्सर उपयोग करते हैं, वह यह है कि कुछ "गिरने लगता है"), वे गिरने और जमने लगते हैं। जब वे अब इतने शुद्ध नहीं रह जाते हैं, या हल्के और तैरते नहीं हैं, तो वे जमने लगते हैं। वास्तविकता में पदार्थ में बदलाव में हुआ है; यही कि, अब यह अशुद्ध हो गया है। अतीत में इसी तरह गिरने और नीचे की ओर जमने की प्रक्रिया से जीवन आगे बढ़ता था। फिर भी यह एक बेहद धीमी प्रक्रिया है, और लोग स्वयं में कोई बदलाव अनुभव नहीं करते हैं। और न ही दिव्यों को अनुभव होता है कि उनमें परिवर्तन आया है। क्योंकि यह समय बहुत लंबा होता है; इसकी गणना मानव समय के साथ नहीं की जा सकती।

इसलिए समय की बात करें तो, विभिन्न आयामों में अलग-अलग समय होते हैं। समय अविश्वसनीय रूप से जटिल है। यह लगभग एक घड़ी के भीतर विभिन्न आकार के गियर जैसा दिखता है, केवल यह कि इसकी जटिलता वास्तव में एक

अरब-या-खरब-गुना है। इसे किसी भी मानवीय अवधारणा के साथ एकीकृत नहीं किया जा सकता है। [उस ब्रह्मांडीय पिंड] का अपना घूर्णन और अपना समय है। इसलिए, मेरे द्वारा वर्णित पदार्थ उन विविधताओं को अपने साथ लेकर जम गया है। मानव स्तर पर पहुंचने पर, लोग मानव मन को जटिल मानते हैं। मैं आपको बता दूँ कि मानव मन वास्तव में जटिल है, क्योंकि यहां पहुंचने से पहले यह बहुत लम्बे समय से गुजरा है। और उस अधिक लम्बे समय के दौरान, आपका जीवन प्रत्येक [पिछले] स्तर की चीजों को अपने साथ ले आता है। वैज्ञानिकों को आज पता है कि मानव मस्तिष्क के सत्तर प्रतिशत भाग का उपयोग नहीं होता है। अर्थात मानवीय बुद्धि कम हो गई है। यदि मानव बुद्धि पर कोई प्रतिबंध नहीं होता जिससे मनुष्य को दिव्यों जितना ज्ञान होता, तो यह भयानक होगा, मानव समाज में उन जटिल विचारों का उपस्तिथ होना। समाज में क्या बदलाव होते यह बता नहीं सकते। इसलिए जब कि हम इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं, तो मैं यह उल्लेख करना चाहता हूं कि मानव जाति का वर्तमान विकास अच्छी बात नहीं है। मानवीय लालच की कोई सीमा नहीं है। यदि कोई व्यक्ति उच्च स्तर को प्राप्त करने बाद भी लालच रखता है, और अभी भी उच्च स्तर पर जाने की उम्मीद रखता है, तो यह बिल्कुल अच्छा नहीं है। ऐसा क्यों है? यदि लोग मनुष्य की अवस्था से ऊपर जाते हैं या इससे ऊपर जो मानव द्वारा जाना जा सके, वह मानव जाति के लिए अत्यंत डरावना होगा। मानव बुद्धि बंद कर देने का कारण यह है कि मनुष्य को इतना जानना और इतना ज्ञान रखना मना है।

इतना कहने पर, मैं कुछ और कहूँगा। निम्नलिखित पर विचार करें: यदि आप अपने विचारों पर ध्यान देते हैं, तो आप पाएंगे कि वे एक पल में बदल जाते हैं। एक क्षण में कई विचार उभर सकते हैं, और आप यह नहीं बता पाएंगे कि वे कहाँ से आए हैं। कुछ विचार बल्कि विचित्र होते हैं, उस स्थिति में वे आपके कई पिछले जन्मों की धारणाएं होती हैं। कठिनाइयाँ आने पर वे सामने आयेंगे। प्रत्येक व्यक्ति अपने या अपने स्वयं के हितों के लिए स्वार्थी और सुरक्षात्मक होने वाली धारणाओं को बनाता है, और यही कारण है कि मानव जाती तेजी से अनैतिक होती जा रही है। इसी कारण मानव केवल नीचे की ओर गिर सकता है और उच्च स्तर की और नहीं बढ़ पाता। ज्ञानप्राप्त प्राणी, बुद्ध और दिव्य लोगों को बचाने के लिए आते हैं क्योंकि वे इन चीजों को देख पाते हैं। हालाँकि, इसमें कई अन्य जटिल कारक शामिल हैं। दिव्य ऐसे ही किसी को नहीं बचाएंगे। सभी अपने-अपने लोगों

को बचाना चाह रहे हैं। बेशक, मैंने एक और रहस्य को उजागर किया है। मैं ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति हूं जिसने सभी लोगों को बचाने के लिए इन सभी बाधाओं को हटा दिया है। आप में से कुछ का कहना है कि आपको बचाना यह गुरु जी की करुणा है। और फिर भी इसमें बहुत कुछ ऐसा है जो आपको जानने की अनुमति नहीं है। आपको यह जानने की अनुमति कभी नहीं दी जाएगी कि आपको बचाना कितना कठिन है। इसके बारे में सोचें: आपकी उन जटिल धारणाओं में दिव्यलोकों, विश्वों और आयामों के विभिन्न स्तरों की बातें सम्मिलित हैं। चीन में एक कहावत है, जिसके अनुसार किसी चीज़ का हल निकालना "समान रूप से चीजों को संतुलित करना" है। वैसे, इस तरह की चीज़ों को समान रूप से कैसे संतुलित किया जाए?

हर कोई "लोगों को बचाने" के बारे में बात करता है, लेकिन कोई नहीं जानता कि लोगों को उच्च स्तरों पर कैसे बचा कर ले जाया जाए, क्योंकि यह बहुत ही कठिन है। जैसा कि मैंने अभी कहा, ज्ञानप्राप्त प्राणी अपने ही लोगों को बचाने में लगे हैं; वे अन्य लोगों को सम्मिलित नहीं करते हैं और उन्हें छोड़ देने की पूरी कोशिश करते हैं। एक बार जब अन्य लोग सम्मिलित हो जाते हैं, तो वे उन्हें बचा नहीं सकते हैं, और वे स्वयं को एक कठिन परिस्थिति में भी पहुंचा सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस विश्व से जुड़े मामले बहुत जटिल हैं। यहां तक कि अच्छे और बुरे की अवधारणाएं भी कुछ स्तरों पर बदल गयी हैं। [ये प्राणी] अच्छे और बुरे की मानवीय अवधारणाओं से सरोकार नहीं रखते हैं। जब आप उनकी चीजों को प्रभावित करते हैं, तो आपने उनकी कई और अन्य चीजों को भी प्रभावित किया हो सकता है, उनके विश्वों को भी शायद बदल दिया हो, और इत्यादि। क्या आप इसका उत्तरदायित्व ले सकते हैं? आप नहीं ले सकते। बलपूर्वक ऐसा कुछ करना कुछ बुरा करने के बराबर होगा, भले ही आप लोगों को बचाने की कोशिश कर रहे हों। यह वैसा नहीं है जैसा आप सोचते हैं। यह एक अत्यंत कठिन उत्तरदायित्व है। प्रत्येक अतिरिक्त शिष्य या छात्र मेरी कठिनाइयों में और एक भाग जोड़ता है। लेकिन मैं फिर भी आपको बचाना चाहता हूं, और मैं यथासंभव अधिक से अधिक लोगों को बचाने के लिए अपनी पूरी कोशिश करुंगा। मैं आपको एक सरल उदाहरण देता हूँ। मान लीजिए कि मैं आपको बचाना चाहता हूं, लेकिन आप एक निश्चित धर्म में विश्वास करते हैं। यह धर्म काफी पवित्र हुआ करता था, लेकिन अब यह लोगों को नहीं बचा सकता है और एक राजनीतिक इकाई बन गया है। इसलिए

आपको बचाने के लिए, मुझे आपको सूचित करना होगा कि यह धर्म अब लोगों को नहीं बचा सकता है। फिर क्या यह धर्म बुरा नहीं मानेगा? तो यह रुकावट और बाधा पैदा करेगा, या विभिन्न बुरे काम भी करेगा। यह एक सरल उदाहरण है।

बेशक, मैंने इस हद तक चीजों पर चर्चा की है क्योंकि दर्शकों में आप सभी मेरे दाफा शिष्य हैं। हम यह नहीं कह सकते कि अतीत में कई धर्म दुष्ट थे। मैं मानता हूं कि बौद्ध धर्म, ईसाई धर्म, कैथोलिक धर्म, साथ ही यहूदी धर्म और कुछ अन्य धर्म ऐतिहासिक रूप से सच्चे थे। लेकिन इस वर्तमान ऐतिहासिक दौर में जहां आज के समाज में मानव मानसिकता का आधुनिकीकरण किया जाता है, लोग अब उन धर्मों को समझने के लिए अपनी मूल मानव प्रकृति और प्राचीन मानसिकता का उपयोग नहीं कर सकते हैं। कहने का अर्थ यह है कि, आपकी अवधारणाओं और उन मूल शिक्षाओं के बीच कोई संबंध नहीं रहा है। चूँकि आप अब उन्हें समझ नहीं सकते हैं, आप उनके द्वारा नहीं बचाए जा सकते हैं और वे आपकी देखभाल नहीं करेंगे। फिर भी लोग अपनी धार्मिक साख को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करेंगे और दूसरों का विश्वास पाने के लिए प्रेरित करेंगे और उनसे लाभ उठाएंगे। वे लाभ और प्रसिद्धि चाहते हैं, और यहां तक कि राजनेता भी बन जाते हैं। इसलिए उस पर गौर करें और एक पल के लिए ध्यान दें: क्या वे धर्म अभी भी सच्चे हैं? मैंने यह नहीं कहा कि बुद्ध, ताओ और दिव्य सच्चे नहीं हैं। मैं धर्मों की बात कर रहा हूं। धर्मों को मानव द्वारा बनाया और माना जाता है। दिव्य धर्मों को मान्यता नहीं देते हैं। बल्कि, वे केवल मानव हृदय को देखते हैं। यद्यपि आपका लक्ष्य किसी बुद्ध या यीशु के दिव्यलोक में जाना है, लेकिन आपका आचरण यह नहीं दर्शाता है। जब धर्म के विषय में सब कुछ ऐसा हो जाता है, तो क्या आप इसे सच्चा धर्म कहेंगे? यह इसे अधिक महत्त्व देना होगा। मुझे आप सभी के प्रति उत्तरदायित्व निभाना है। मैं आपको यह इसलिए बता रहा हूं क्योंकि मुझे डर है कि आप उन धर्मों द्वारा बाधित हो सकते हैं जो लोगों को बचाने में असमर्थ हैं।

बाकी सभी की तरह, मैं भी इस सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए यहाँ हूँ, इसलिए मैं जो भी मुद्दे देखूँगा उन्हें संबोधित करूँगा।

जब मैं हमारे छात्रों के भाषणों को सुन रहा था, तब आप में से कुछ शांति से बैठ नहीं पा रहे थे और चाहते थे कि वे अपने भाषणों को काट कर छोटा कर दें ताकि मैं

बात कर सकूं। यह फा-सम्मेलन अनुभवों और अंतर्दृष्टि के आदान-प्रदान के लिए एक मंच है। हमें इससे भटकना नहीं चाहिए। मैं फा तभी सिखाता हूं जब कोई विशिष्ट उद्देश्य होता है, और विशिष्ट मुद्दों को संबोधित करना होता है। जैसे ही मैं समस्याओं को देखता हूँ, मैं उन्हें विस्तार से बताता हूं ताकि आपके सुधार में सहायता हो। बेशक, ऐसे कई प्रश्न आयेंगे जैसे-जैसे आप साधना में आगे बढ़ेंगे। मैंने बार-बार कहा है कि जगत का कोई भी भाग हो जहाँ आप साधना करते हैं, हमें चीन में उपयोग होने वाले मार्ग और प्रणाली का पालन करना चाहिए। ऐसा क्यों है? जैसा कि आप जानते हैं, लोगों को अनुशासित करने के मामले में चीनी समाज को कड़ा माना जा सकता है। यदि हम किसी समाज में फा को सुचारु रूप से फैलाने का प्रबंधन कर सकते हैं जो उतना ही कड़ा है, तो भविष्य में, किसी भी समाज में हानि पहुँचाए बिना फा को फैलाया जा सकता है। दूसरे शब्दों में, क्योंकि मैंने वर्षों से चीन में फा सिखाया है, मैंने वहां के लोगों को वह चीज़ें करने के लिए बतायी हैं जैसे वे होनी चाहिए। जब भी समस्याएं उठीं मैंने वे ठीक कर दीं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि चीजें सहज और उचित तरीके से विकसित हों। आप सभी अन्य देशों और क्षेत्रों में भी ऐसा ही करें, ताकि फा कम से कम मोड़ से गुज़रे और साधकों को कम से कम रूकावट और हानि पहुंचे। यही उद्देश्य है।

साधना एक अत्यंत गंभीर चीज है। मैं आपको बता सकता हूं कि मानव समाज के संपूर्ण विकास में एक भी चीज संयोग से नहीं हुई है। मानव समाज के विकास के बारे में मेरा दृष्टिकोण आपसे बिल्कुल अलग है। किसी भी मुद्दे पर सभी मानवीय सोच और विचार किसी एक राष्ट्र, क्षेत्र या यहां तक कि स्वयं के व्यक्तिगत हित के लिए होती है, जो उस आधार पर चीजों के बारे में सोचते हैं और मानवीय सोच पूरी तरह से इसी प्रकार से होती है। मैं चीजों को इस तरह नहीं देखता। मैं इतिहास का विश्लेषण या मानव जाति के विकास को इस तरह नहीं देखता जैसे की आप देखते हैं। मनुष्यों को जैसे मामले दिखाई देते हैं, वे सत्य के विपरीत होने की संभावना है, क्योंकि उनका शुरुआती बिंदु ही सांसारिक सुख के पीछे भागना है। दिव्यों का लक्ष्य है कि लोग जल्द से जल्द मनुष्यों के बीच रहकर अपने बुरे कर्मों का भुगतान करें, ताकि लोग अपने मूल स्थानों पर लौट सकें और चैन और आराम से रह सकें। यह एक मूलभूत अंतर है। मनुष्य बस यहीं आराम से रहना चाहता है। बेशक, जब वे फा प्राप्त नहीं करते हैं, तो वे वैसे ही सोचते हैं। एक बार जब वे फा प्राप्त करते हैं, तो उनकी मानसिकता बदल जाती है और पूरी तरह से भिन्न हो

जाती है। इसलिए मैं अक्सर कहता हूं कि यह एक अच्छी बात है, बुरा नहीं है, मनुष्य के लिए थोड़ा कष्ट सहना और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना। ऐसा कैसे? जब लोग अपनी रक्षा करना चाहते हैं, तो उनके विचार स्वार्थ से उत्पन्न होते हैं—एक आत्म-सेवा की इच्छा। वे दुख नहीं चाहते, केवल सुख और सौभाग्य ही चाहते हैं। लेकिन इसके बारे में सोचें। सभी मानव जाती सुख और एक अच्छा जीवन चाहती हैं, और चीन और कई एशियाई देशों की तुलना में, वर्तमान में कई कोकेशियान समाजों में स्थितियाँ बहुत बेहतर हैं और वे इसे अत्यंत सुख की बात मानते हैं। लेकिन वास्तव में, उनके पास कठिनाइयों के अन्य रूप हैं। जन्म, बुढ़ापा, रोग और मृत्यु के चक्र से होने वाली पीड़ा से नश्वर प्राणी बच नहीं सकते हैं। इससे भी बुरी बात यह है कि भावनाओं के प्रवाह के कारण दुःख होता है जो अतृप्त इच्छाओं से आता है। और वे शायद ऐसा महसूस करेंगे कि उनका जीवन बिना उद्देश्य के है और नहीं जानते कि वे किस लिए जी रहे हैं। वे अलग-थलग और अकेला महसूस करते हैं। असहनीय अकेलापन मनुष्य के लिए सबसे खतरनाक चीज है, और यह साधना में सबसे बड़ी चुनौती है। तो कठिनाई का सामना करते हुए या विभिन्न स्तिथियों में लोग साधना करके स्वयं को ऊँचा उठा सकते हैं। इसलिए कुछ दुःख झेलना और यातना अनुभव करना बुरी चीज नहीं है। क्योंकि दिव्य इसे जिस प्रकार देखते हैं, दुःख के बाद आपके बुरे कर्म कम हो जायेंगे। चाहे आपकी समस्या कितनी भी गंभीर हो, आपको इसे शांत, संयमित मन से ठीक से संभालना होगा। जैसा कि मैंने कहा है, दूसरों के साथ संघर्ष के समय, आपको अपने भीतर की जांच करने और अपने भीतर के दोष खोजने की जरूरत है—औरों की तरफ मत देखो। यदि आप ऐसा कर सकते हैं, तो आपका नैतिक गुण मूल स्तर पर सुधार करेगा।

मैंने साधना जगत की एक कहावत का उल्लेख किया है, ऐसे लोगों के बारे में जो "ताओ का अभ्यास किए बिना पहले से ही ताओ में है।" इसका क्या अर्थ है? यह किसी ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जिसकी साधारण समाज में अल्प आय है और वह लगातार संघर्ष करते रहता है। लेकिन जब भी समस्याएँ आती हैं, तो वह दूसरों के साथ करुणा से पेश आता है और स्वयं के अंदर दोष ढूँढता है। यह व्यक्ति वास्तव में मनुष्य जाती का सबसे अच्छा उदाहरण है। यदि वह ऐसा दीर्घकाल तक जारी रख सकता है और अपने जीवन के अंतिम क्षण तक कायम रख सकता है, तो आप देखेंगे कि वह ताओ को प्राप्त करता है। वह ताओ को क्यों प्राप्त कर सकता

है? इस पर विचार करें। आप जानते हैं कि पश्चिमी धर्म जो मैं आपको सिखाता हूं उससे और साथ ही पूर्व की साधना में जो होता है उससे अलग है। [पश्चिम में] वे "आस्था" सिखाते हैं। जब तक आपको प्रभु या यीशु (मसीह) में श्रद्धा है और प्रभु के शिक्षण का पालन करते हैं, तो आप स्वर्ग जा सकेंगे। यह ["ताओ" की कहावत] ऐसी ही सोच है।

बेशक, पश्चिमी धर्म भी वास्तव में साधना के तरीके हैं। कैसे? जब कोई व्यक्ति प्रार्थना करता है, तो वह अपने अनुचित कार्य को स्वीकार करता है। अगली बार, वह सही काम करता है और वही गलती नहीं दोहराता। वह धीरे-धीरे स्वयं को बेहतर और बेहतर तरीके से संचालित करता है, और वह पिछली गलतियों को नहीं दोहराता। क्या वह बेहतर व्यवहार नहीं कर रहा है? क्या वह नैतिक गुण की साधना करते हुए स्वयं को नहीं सुधार रहा है? साधना करना मन की साधना करना है, और क्या वह अपने मन को ऊंचा नहीं उठा रहा? क्या उस प्रकार का ऊँचा उठना साधना के समान नहीं है? हालांकि वह एक बात चूक रहा है: हमारी साधना का तरीका मन और शरीर दोनों को एक ही समय में ऊँचा उठाता है, जबकि उसकी साधना का तरीका केवल मन की साधना करता है। इसलिए अपने जीवन के अंत में यीशु मसीह या पश्चिमी देशों के प्रभु याह्वेह यह निर्धारित करेंगे कि क्या वह स्वर्ग में जाने के मापदंड को पूरा करता है या नहीं। यदि वह करता है, तो वे उसके लिए एक दिव्य शरीर बनाएँगे और उसे स्वर्ग तक ले जायेंगे। इसके विपरीत, हमारी साधना का अभी का तरीका पूर्व की प्राचीन साधना रूपों के साथ कुछ विशेषताएँ साझा करता है। जैसे जैसे आप अपने नैतिक गुण में सुधार करते हैं, आपका जन्मजात शरीर (बनती) उच्च-ऊर्जा पदार्थ द्वारा परिष्कृत करके बदल दिया जायेगा। यह हमारे प्रणाली की एक विशेषता है। बुद्ध शरीर की साधना करने के संबंध में, यह कहा जाता था कि जैसे-जैसे व्यक्ति अपनी साधना के दौरान अपने स्तर में तेजी से सुधार करता है, वैसे-वैसे उसके अमृत क्षेत्र में एक अमर शिशु (युआनयिंग) पैदा होगा, और वह अमर शिशु लगातार बड़ा होता जाएगा। जब यह दिखाई देता है, तो इसमें नन्हें से बुद्ध या नन्हें से ताओ शिशु की छवि होगी। यह बड़ा और बड़ा होता जाएगा। जब यह उस व्यक्ति के शरीर के समान आकार का हो जाता है, तो यह व्यक्ति के मूल शरीर को प्रतिस्थापित कर देगा। बौद्ध धर्म निर्वाण में विश्वास करता है—वे नश्वर शरीर को अपने साथ नहीं ले जाते हैं। जिनके पास दिव्य दृष्टि की क्षमता होती है, वे देख सकते हैं कि जब माँस का

आवरण हट जाता है, तो शरीर से एक बुद्ध का अवतरण होता है और वह प्रस्थान करता है। पूर्व और पश्चिम के लोगों के विचार भिन्न हैं क्योंकि उनकी संस्कृतियाँ आजकल भिन्न हैं। प्राचीन समय में, पश्चिम में कुछ लोगों ने ताओ की साधना की और कुछ ने अपने शरीर की साधना की। बस यह है कि आधुनिक पश्चिमी लोगों ने इस विरासत को खो दिया है।

मैंने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न स्थानों की यात्रा की है। ऑस्ट्रेलिया के पहाड़ों में मैंने कोकेशियान-प्रकार के दिव्यों, स्थलीय दिव्यों को साधना करते देखा। मैंने यूरोप के आल्प्स और संयुक्त राज्य अमेरिका के रॉकी पर्वतों में स्थलीय दिव्यों को भी देखा। अब जब आपने यह बात सुनी है तो आप उत्साहित नहीं हो जाना—यदि आप वहां जायेंगे तो भी आप उन्हें नहीं खोज पाएंगे। दूसरे शब्दों में, वे आपसे मिलने की हिम्मत नहीं करेंगे। ऐसा क्यों है? क्योंकि आप जो साधना कर रहे हैं, वह दाफा है, जो अत्यंत पवित्र है। मैं आपको बता दूं कि आप इस चरम पवित्रता को महसूस नहीं कर पाते हैं, क्योंकि आपके सतही शरीर की साधना अपेक्षाकृत धीमी गति से आगे बढ़ती है। इसके विपरीत, जैसे-जैसे आप साधना करते हैं, आपके आतंरिक सूक्ष्म पदार्थों का परिवर्तन काफी तेजी से बढ़ता है। यह इतनी तेजी से प्रगति क्यों करता है? ऐसा इसलिए है क्योंकि आपके मूल शरीर की उत्पत्ति ब्रह्मांड में होती है। लेकिन "ब्रह्मांड" की यह अवधारणा मानव की दूरी की अवधारणा के समान नहीं है, जैसा कि आप इसे होने की कल्पना करते हैं। एक पल के लिए सोचिए। यदि आप मंगल से पृथ्वी का निरीक्षण करते हैं, तो क्या पृथ्वी ब्रह्मांड में नहीं है? यह भी ब्रह्मांड में है। आपकी उंगली से एक इंच से कम की दूरी पर जो क्षेत्र है उसे इंगित किया जाये तो क्या वह ब्रह्मांड में नहीं है? वह भी ब्रह्मांड है। यह उन ब्रह्मांडों की तरह नहीं है जिनकी आप मानवीय अवधारणा के साथ दूरी की कल्पना करते हैं। यदि हम स्थूल से सूक्ष्म पदार्थों में जाने की तुलना करते हैं जैसे कि मानव शरीर की कोशिकाओं में होती है, तो अणुओं से लेकर, परमाणु, परमाणु नाभिक और न्यूट्रॉन से होते हुए आखिरकार क्वार्क या न्यूट्रिनो के बिंदु तक पहुंचता है, इस बिंदु पर पहुँचने पर भी सूक्ष्मता के संदर्भ में यह इतनी दूर पहुँचाना नहीं होगा। मानव की दूरी की अवधारणा के दृष्टिकोण से, हमने जो कुछ भी वर्णित किया है इसमें बहुत अधिक दूरी शामिल नहीं है, चाहे वह आपके शरीर की हो या आपके शरीर के बाहर की कोई वस्तु हो, और वास्तव में यह लगभग सन्निहित है। हालाँकि, उस ब्रह्मांडीय पिण्ड का विस्तार, अत्यधिक विशाल है।

कोई पदार्थ जितना अधिक सूक्ष्म होता है, या किसी पदार्थ के कण जितने अधिक सूक्ष्म होते हैं, उतना ही उसका समग्र विस्तार होता है। उस पदार्थ का एक कण छोटा होता है, लेकिन क्योंकि यह असंख्य कणों से बना हुआ एक पूरा शरीर है, इसलिए यह बहुत विशाल होता है और यहां तक कि मनुष्य के आयाम के दायरे को भी पार करता है। और मानव आयाम बहुत ही बड़ा दिखता है, जब कि वास्तव में यह बिल्कुल नहीं है।

जब आप साधना करते हैं, चाहे आप किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करें, जब तक आप पहले स्वयं के भीतर कारण ढूंढने की कोशिश करते हैं, आप किसी भी समस्या को हल करने में सक्षम होंगे। जब आप समस्याओं का सामना करते हैं तो आपको अपने अंदर खोज करनी होती है। जैसा कि मैंने पहले कहा था, [ऐसा होता है] इसलिए नहीं कि दूसरों ने आपके साथ अन्याय किया है, बल्कि इसलिए कि आप से कुछ गलती हुई है। उदाहरण के लिए, यदि भव्य ब्रह्मांडीय पिण्ड तालमेल में है, लेकिन आपकी ओर से असंगति है, और एक उलझन की स्थिति केवल वहीं होती है जहां आप होते हैं, तो यह आप हैं जो दूसरों के अनुरूप नहीं है। जब आप अपने भीतर कारण को खोज निकालते हैं और उस समस्या को ठीक करते हैं, तो चीजें सामंजस्यपूर्ण और शांत हो जाएंगी, और हर कोई आपके साथ एक बार फिर से अच्छा व्यवहार करेगा। मैंने सिद्धांत को समझाने के लिए एक सरल उदाहरण का उपयोग किया है।

क्योंकि यह एक फा-सम्मलेन है और लोग अपने अनुभव साझा करने के लिए यहां हैं, मुझे लगता है कि आप इसे जारी रखें। कल मैं आपके साथ फिर से बात करूंगा और आपके प्रश्नों का उत्तर दूंगा।

मैंने आपको बताया है कि साधना करना आसान नहीं है। आपने बहुत कष्ट सहे हैं। कष्ट सहना केवल पवित्र धर्मों या साधना के तरीकों में होता है। यदि किसी अभ्यास को बिना किसी कष्ट के आराम से किया जा सके, तो इसे साधना का तरीका नहीं कहा जा सकता है और यह किसी व्यक्ति को फल पदवी की राह पर नहीं ले जा सकता है। यह एक अटल सत्य है।

जब हम साधना के विषय पर बात कर रहे हैं, तो मैं उन विभिन्न प्रकार के धर्मों के बारे में बोलूँगा जो आज समाज में हैं। मैं यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि हमारा फालुन दाफा एक संगठित, संस्थागत धर्म नहीं है, और किसी ऐसी चीज का मैं भाग नहीं बनना चाहुंगा। हमारा फालुन दाफा ऐसा बिलकुल नहीं है। मैं यह भी कह सकता हूं कि समाज में फा के प्रसार के अनुरूप, ब्रह्मांड के कुछ स्तरों में एक सिद्धांत मौजूद है जिसे "पारस्परिक प्रसार और संयम" कहा जाता है। यह कि जब मैं सच्चा फा सिखा रहा होता हूं, तो बुरे उपदेश बदले में सामने आते हैं। यह आपसी प्रसार और संयम के सिद्धांत के कारण होता है। फिर यह एक प्रश्न आ जाता है कि आप कौन सा अभ्यास अपनाते हैं और ज्ञान प्राप्ति के लिए आप कौन सी शिक्षा पाना चाहते हैं। मनुष्य जाती अपनी करनी के आधार पर इस स्तर तक गिर गयी, और इस तरह से अपने लिए भ्रम की बाधा बना ली। भ्रम की इस स्थिति में, क्या आप अभी भी एक सच्ची साधना के तरीके को पहचान सकते हैं, और फिर जो आप चुनेंगे, वह महत्वपूर्ण होगा। वास्तव में, आपका यहाँ बैठना और फा प्राप्त करना कोई सरल उपलब्धि नहीं है। आप नहीं जानते कि आपकी विभिन्न चेतनाओं में से किसने, जानकर या अनजाने में, आपको इस फा को प्राप्त करने के लिए महान चुनौतियों को पार करने का नेतृत्व किया।

कुछ पंथ भी हैं जो फैल रहे हैं। वे सभी विश्व के अंत के बारे में सिखाते हैं, वे ऐसी चीजों के बारे में बात करते हैं। बेशक, मैंने कहा है कि [निर्धारित] प्रलय होता है। बौद्ध धर्म भी इस धारणा को मानता है, और ईसाई धर्म, कैथोलिकवाद और ताओवाद इस दृष्टिकोण को साझा करते हैं। यह ब्रह्मांड के क्रम-विकास का नियम है। हालाँकि, यह ऐसा कुछ भी नहीं है जैसा यह पंथ दावा करते हैं। इसके अलावा, मैंने देखा है कि इस तरह की घटना वास्तव में एक निश्चित समय पर हो सकती है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है। मैं पूरी निष्ठा के साथ सभी के सामने यह घोषणा कर सकता हूं कि वर्ष 1999 में होने वाले विश्व के सभी कथित अंत, ब्रह्मांड का प्रलय, और इत्यादि बिलकुल नहीं है। प्रलय क्यों होंगे? आपको एक सिद्धांत बताता हूं। मान लीजिए कि जैसे मानव जाति की नैतिकता में गिरावट आती है, सभी पदार्थ सड़ रहे हैं। दूसरे शब्दों में, वे भ्रष्ट हो गये हैं। वर्तमान में, मानव जाति की संस्कृतियां गड़बड़ा गयी हैं। वे हर प्रकार की गन्दगी का संयोजन बन गयी हैं, और जातियां तेजी से मिश्रित होती जा रही हैं। इन बातों ने वास्तव में मानव जाति

को एक खतरनाक बिंदु तक गिरने का कारण बना दिया है, बेशक। जैसा कि मैंने कहा, मानव जाति के भ्रष्टता के कारण प्रलय होते हैं।

उन कथित "प्रलयों" का अब कोई अस्तित्व क्यों नहीं है? मैंने बताया कि चीन में अब 10 करोड़ लोग हमारे दाफा का अभ्यास कर रहे हैं। और पूरे विश्व में हमारे कई शिष्य अभ्यास कर रहे हैं। संख्या काफी बड़ी हो गई है। यदि वे सभी करुणामयी होने का प्रयास कर रहे हैं, साधना कर रहे हैं, और अच्छे लोगों की तरह व्यवहार कर रहे हैं, तो इन सभी अच्छे लोगों का क्या होगा यदि ब्रह्मांड या पृथ्वी नष्ट हो जाते हैं? आप तर्क समझ सकते हैं, है ना? किसी ग्रह का विनाश तभी किया जाता है जब वह अच्छा नहीं रह जाता है। इतने सारे अच्छे लोगों के साथ, इसे कैसे नष्ट किया जा सकता है? दूसरे शब्दों में, ऐसा संकट अब अस्तित्व में नहीं है। (तालियाँ) मैंने आपको यह बताया है क्योंकि यहाँ बैठे सभी लोग फा का अभ्यास करने आए हैं। क्योंकि मैंने इस विषय को शुरू किया है, इसलिए मैं उन बुरी चीजों और अव्यवस्थित विचारों को मिटाने के लिए और अधिक विस्तार में बताऊंगा।

आप जानते हैं कि मैं फा सिखा रहा हूं और लोगों को बचा रहा हूं। क्योंकि आप व्यक्तिगत रूप से लाभान्वित हुए हैं, आप सभी इस बात को मानते हैं। फा और इसके सिद्धांतों से शुरू करते हुए, अब तक आपको वास्तव में समझ आ गया होगा कि यहाँ क्या हो रहा है। हालांकि, मैं आपको बता दूं, मैं यहां केवल लोगों को बचाने के लिए नहीं हूं। मैं जो कर रहा हूं उसमें लोगों को बचाना शामिल है। क्योंकि मैं जिन अवधारणाओं के बारे में बात कर रहा हूं, वे बहुत उच्च स्तर की हैं, आपके बीच जो नए शिष्य हैं उन्हें स्वीकार करना मुश्किल हो सकता है। मैंने पहले कहा है कि पूरा ब्रह्मांड अपनी आवश्यक प्रकृति से भटक गया है और अशुद्ध हो रहा है (ब्रह्मांड की प्रकृति के बारे में, मैंने जुआन फालुन में यह स्पष्ट रूप से समझाया है: ज़न, शान, रेन ब्रह्मांड की मूल प्रकृति है)। जब ब्रह्मांड में सभी जीव, पदार्थ, और प्राणी अशुद्ध हो जाते हैं, तो यह ब्रह्मांड की मूल प्रकृति से भटक जाना होगा, जो फा से भटकना होगा। ब्रह्मांड के फा ने विभिन्न स्तरों पर प्राणियों के लिए रहने का वातावरण निर्माण किया है, और जब जीव और पदार्थ लंबे काल के दौरान अशुद्ध होते जाते हैं, तो वे उस स्तर के फा की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं। यही कारण है कि प्राणी नीचे गिर सकते हैं—वे गिरते हैं जब वे अनुरूप नहीं रह

जाते हैं। जितने बुरे वे बनते जाते हैं, उतने ही नीचे वे गिरते जाते हैं, जब तक कि वे मानव जाति के स्तर तक नहीं पहुँच जाते। लेकिन यह अंतिम पड़ाव नहीं है।

यदि, इस स्थिति में, मैंने जो समस्या बताई है, वह समग्र और व्यापक रूप से पदार्थों के लिए जब लागू होती है, तो इसमें शामिल खतरे गंभीर हो जाते हैं और पता लगाना कठिन हो जाता है। यदि मैंने इस फा को नहीं सिखाया होता, और यदि आपने इस फा का अध्ययन नहीं किया होता, तो किसी को भी इस बात का एहसास नहीं होता कि वर्तमान मानव समाज किस हद तक विकृत हो चुका है। क्योंकि आपने फा का अध्ययन किया है और अंतर्दृष्टि प्राप्त की है, जब आप मानव समाज को पीछे मुड़ कर देखते हैं तो आप देख सकते हैं कि मानव जाति कितनी बुरी हो चुकी है। इसलिए यद्यपि आज मैंने आपको ब्रह्मांड के इस फा को सिखाया है, अतीत में, दिव्यों को भी इसका पता नहीं था। किसी भी प्राणी को यह जानने की अनुमति नहीं थी कि ब्रह्मांड में फा है। वे केवल यह जानते थे कि ब्रह्माण्ड में प्रत्येक स्तर पर प्राणियों के लिए अलग-अलग आवश्यकताएँ थीं, और इससे आगे वे कुछ भी विशिष्ट नहीं जानते थे। इसलिए भले ही वे ब्रह्मांड में एक लम्बे समय तक रहे हों जिसके दौरान वे धीरे-धीरे इसके फा से भटक गए हैं, वे बदलाव की इस प्रक्रिया को अनुभव नहीं कर पाए हैं। मैंने यह बहुत बड़े काम की जिम्मेदारी ली है। मैं यह क्यों कर रहा हूँ? इसके पीछे कारण हैं। निश्चित रूप से मैं अभी उनका वर्णन नहीं कर सकता।

मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि मैंने जिसका ज़िम्मा लिया है वह केवल मनुष्य जाति को मोक्ष प्रदान नहीं करता। मैं सभी भटके हुए जीवों को और मामलों को भी सुधारना चाहता हूं। (तालियां) अन्यथा, उच्च स्तरों पर भी खतरा होगा, और आपके पास रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं होगा, चाहे मैंने कितने भी उच्च स्तर पर आपको साधना करने के लिए सक्षम किया हो। तो यह सब करने की जरूरत पड़ी। आप सोच भी नहीं सकते कि यह कितना कठिन है। मैंने भले ही इसे आपको समझा दिया है लेकिन आप यह नहीं देख सकते कि मैंने दूसरी ओर क्या किया है। मेरी यह जो छवि है वह मनुष्य की है, ली होंगज़ी, एक समग्र मानव रूप में यहाँ बैठकर आपसे बात कर रही है। इसलिए आप मुझे अपनी तरह केवल एक मनुष्य की तरह ही मानें। मैंने जो चर्चा की है वह सनसनी पैदा करने के लिए नहीं

है। मैं केवल फा सिखा रहा हूं और आपको ब्रह्मांड के सिद्धांतों को बता रहा हूं। इसे मानना, और साधना करना, यह पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है।

यह कहने के बाद, मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि इस ब्रह्मांड को मूल रूप से सुधार दिया गया है, केवल इस सबसे बाहरी परत में मानव जाति और पदार्थ अभी भी रह गए हैं। हालांकि यह अंतिम चरण में है। मेरा गोंग पदार्थ की इस परत को विभाजित, विस्फोट, या इसी तरह की चीजों से रोकने में पूरी तरह से सक्षम है—यह इसे पूरी तरह से रोक सकता है। (तालियाँ) तो इतिहास में भविष्यवाणी की गई घटनाएं निश्चित रूप से अब मौजूद नहीं हैं। बेशक, मैंने कहा है कि मुझे यह काम करने के लिए, जो कुछ भी बचाना है उसे अच्छे में परिवर्तित करके रखना होगा। मैंने पहले भी सड़े हुए सेब का उदाहरण दिया है। यदि सेब पहले से ही सड़ा हुआ है, तो इसे रखना एक बुरा काम होगा। बहुत ऊंचे स्तरों के प्राणियों की दृष्टि में, मानव जाति कचरे की तरह है। वे मनुष्य को अपनी प्रजाति के रूप में नहीं मानते: "आप उन्हें बचाना चाहते हैं? क्यों? यदि आप उन्हें बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको उन्हें अच्छा बनना होगा।" यह सिर्फ मानव जाति पर लागू नहीं होता है: सभी पदार्थ, पौधे, जानवर और पृथ्वी पर असंख्य चीजें इसमें शामिल हैं।

आज मैं जो कुछ कर रहा हूं वह मानव जाति और पृथ्वी के सभी पदार्थ को सुधारने के उद्देश्य से है, और मैं यह कर सकता हूं। क्योंकि इस फा को समझना अन्य जीवों, पौधों और जानवरों के लिए आवश्यक नहीं है, इसलिए मैं उन्हें सीधे—सीधे परिवर्तित कर सकता हूं या आत्मसात कर सकता हूं। तो इसके बाद, अब हम केवल मनुष्य जाति के बारे में बात करेंगे। पृथ्वी पर प्रत्येक व्यक्ति को सुधारना अब संभव नहीं है। क्यों नहीं? क्योंकि कुछ लोग इतने बुरे हो गए हैं कि उन्हें फा जानने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यहां तक कि यदि वे फा के बारे में जानते भी हैं, तो भी उन्हें इसे सीखने की अनुमति नहीं है, अर्थात वे अब योग्य नहीं हैं। इस तरह के लोगों की संख्या काफी है। यह एक बड़ी संख्या है। तो अब क्या किया जाना चाहिए? मैंने कभी यह नहीं कहा है कि मानव जाति या पृथ्वी पर प्रलय आएगा। फिर भी मैं आपको बता दूं कि आजकल जो समाज में बहुत सी लाइलाज बीमारियाँ और तमाम तरह की प्राकृतिक आपदाएँ हो रही हैं यह कोई सयोंग नहीं है। आधुनिक विज्ञान यह नहीं पहचान सकता है कि सभी पदार्थ जीवित प्राणी हैं और प्रत्येक का एक पक्ष है जो जीवित है। सतही स्तर पर भौतिक घटनाओं को

समझाने के लिए केवल आधुनिक विज्ञान का उपयोग करते हुए, कोई भी, पदार्थ की जीवित प्रकृति को देखने में सक्षम नहीं होगा। इसलिए यह निश्चित है कि मानव जाति बड़े पैमाने पर उन्मूलन का अनुभव करेगी। जो लोग इतने अच्छे नहीं हैं वे निश्चित रूप से समाप्त कर दिए जाएंगे। यह ऐसा है जैसे कि मानव शरीर के उपापचय करने की आवश्यकता: बेकार के भागों को समाप्त कर दिया जाता है। कुछ ऐसा ही होगा।

वास्तव में इतिहास के प्रत्येक युग में कुछ ऐसा हुआ है, और हजारों वर्षों से लगातार ऐसा ही होता आ रहा है। एक व्यक्ति, जो सड़ा हुआ है उसे निष्कासित करता है और जो ताजा है उसे ग्रहण करता है, जैसा कि शरीर में चयापचय होता है। पृथ्वी और मानव समाज के लिए भी कुछ ऐसा ही है, जैसे कि जन्म और मृत्यु। मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि ऐसा कुछ घटित होगा जो अब तक हुई घटनाओं से अधिक विनाशकारी और बड़े पैमाने पर होगा। जिन लोगों का बुरा कर्म वास्तव में अत्यधिक है, वे अब उस तरह से बचे नहीं रह सकते। पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए क्या करना होगा? आपकी साधना की तरह ही, जैसे आपका शरीर रूपांतरित हो रहा है, वैसे ही नई पृथ्वी भी बन रही है। कुछ लोग यह सोचते हैं कि क्या एक बार नई पृथ्वी बन जाने पर हमें किसी न किसी चीज़ पर सवारी करके वहाँ पहुँचाया जाएगा। यह इसके बारे में सोचने का एक मानवीय तरीका है और एक मानवीय अवधारणा है।

जैसा कि मैंने पहले कहा था, ब्रह्माण्ड में सभी पदार्थ सूक्ष्म पदार्थों और कणों के नित्य गठन के माध्यम से बनते हैं, जो बड़े कणों का निर्माण करते हैं और ऐसा कोशिकाओं के परत तक होता रहता है—वह कणों के आकार जो आज मनुष्य देख सकता है। यह कि, अणुओं के परत के नीचे के सभी पदार्थों को नवीनीकृत किया गया है, और केवल अणुओं की इस सतह की परत, या इससे भी अधिक बाहरी परत अभी [नवीनीकृत होनी] बाकी है। दूसरे शब्दों में, अणुओं की सतह के परत के नीचे सूक्ष्म कणों द्वारा बनाई गई पृथ्वी, अब नई पृथ्वी बन चुकी है। सतही-परत के आयाम में जो पदार्थ है उन्हें भी बदला जायेगा ताकि जो अच्छे लोग हैं—जिन्हें बचाना है और नई पृथ्वी पर जाना है—एक दिन बिना जाने महसूस करेंगे कि विश्व अचानक बदल गया है; या वे एक सुबह उठेंगे और उन्हें पता चलेगा कि सारी

पृथ्वी नवीनीकृत हो गई है। इसके अलावा, लोगों को कुछ और शायद नहीं समझ आएगा। लोगों को एक बदलाव महसूस होगा, लेकिन प्रलय जैसा कुछ नहीं होगा।

ऐसा क्यों है? यह इसलिए है क्योंकि सतह के परत के नीचे पदार्थ का प्रत्येक स्तर सूक्ष्म पदार्थ से बना है। और जब सूक्ष्म पदार्थ विघटित हो जाता है, तो सतह के स्तर पर पदार्थ इसी तरह विघटित हो जाता है और मिट जाता है। विघटन महसूस हुए बिना होता है, जैसे की अदृश्य होती हुई धुंध। उस समय, मनुष्य अभी भी उसी स्थान पर होंगे लेकिन पहले से ही बनी हुई नई पृथ्वी पर। इन बातों को बताने में मेरा उद्देश्य आपको यह सूचित करना है कि, जबकि कथित प्रलय नहीं होगा, फिर भी यह कि एक अच्छा व्यक्ति नहीं होना जोखिम भरा है। यह बात आज की मानव जाति के साथ-साथ हमारी साधना के साथ भी सीधा संबंध रखती है।

इसके बाद, मैं आपको साथ-साथ यह बताना चाहता हूं कि आप में से किसी को मेरे शब्दों में कुछ सनसनीखेज नहीं खोजना चाहिए, उन्हें संदर्भ से बाहर नहीं दोहराना चाहिए, या उन्हें अति उत्साहित होकर या अन्य मोहभाव में आकर नहीं फैलाना चाहिए। आपको, शिष्य होते हुए, पता होना चाहिए कि क्या करना है। मुझे अभी भी लगता है कि कुछ लोग बातें अपने तक नहीं रख सकते। मैं इसके बारे में और समझाता हूँ। मनुष्य जैसा है वैसा क्यों है? उन्हें इतनी कमियों वाला क्यों माना जाता है? पहली बात यह है कि, उनके पास बहुत कम ज्ञान होता है। दूसरी बात, उन्हें कुछ भी करने के लिए अपने हाथों और पैरों का उपयोग करना पड़ता है, शारीरिक माध्यम का उपयोग करना पड़ता है और फिर वे थक जाते है। इसके विपरीत, एक दिव्य, जब वह कुछ करने की इच्छा रखते हैं, तो उन्हें अपने हाथ या पैर का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है। वह दिव्य अपने मन से इसे प्राप्त कर सकते हैं—वे जो भी सोचते हैं वह हो जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक दिव्य का गोंग अत्यंत सूक्ष्म से लेकर बहुत ही स्थूल तक के कणों में मौजूद होता है, और उनमें से हर एक कण में उस ईश्वर की छवि होती है। उनके गोंग में सभी आकार के कण होते हैं, और जब भी दिव्य कुछ बनाना चाहते हैं, तो वे इसे सूक्ष्म से लेकर सतह के स्तर सहित एक साथ सभी स्तरों के माध्यम से बनाएंगे। जैसे ही दिव्य सोचना शुरू करते हैं, उनका गोंग उस वस्तु का निर्माण करता है, जो पहले कभी नहीं था, और ऐसा एक तेज़ समय-क्षेत्र में करता है। इसलिए बुद्ध या दिव्य इतने शक्तिशाली होते हैं।

इसके साथ ही यदि मनुष्य जाति को देखा जाए तो, वे सबसे अधिक कमियों वाले हैं। उन्हें कुछ भी कार्य पूरा करने के लिए अपने भौतिक शरीर के साथ श्रम करना पड़ता है। एक इमारत का निर्माण करने के लिए, इतने सारे लोगों को ऊपर नीचे जाना पड़ता है, जैसे कि सैकड़ों अणु यहां वहां काम करने में व्यस्त हैं, लगातार। लेकिन यह सबसे बेढ़ंगा तरीका है। इससे अधिक, जब कोई बुद्ध कुछ करना चाहते हैं, यह सबसे तेज-समय के आयाम में किया जाता है—मानव जाति के विपरीत, जो इस मानव-समय में कार्य करते हैं। इसलिए वह इस आयाम में तुरंत हो सकता है। मानव-समय के क्षेत्र में, यह केवल जैसे कि एक विचार के साथ ही हासिल कर लिया जाता है। जितना उच्च साधना का स्तर, वे उतने ही अधिक शक्तिशाली होते हैं, और उतने ही अधिक समय-क्षेत्र पर उनका नियंत्रण होता है।

अब, मैं प्रश्नों के उत्तर दूंगा।

शिष्य: मेरे चार वर्षीय बेटे को शिक्षक के ज़ुआन फालुन और शास्त्रों को पढ़ना और पढ़कर सुनाना बहुत अच्छा लगता है, लेकिन उसे व्यायाम करना पसंद नहीं है। क्या यह साधना के रूप में गिना जाएगा ?
गुरु जी: छोटे बच्चे हम जैसे बड़ों के समान नहीं हैं। छोटे बच्चों को खेलना पसंद है। यह उनकी प्रकृति है, और यह केवल एक मोहभाव के रूप में माना नहीं जा सकता है क्योंकि ये वैसे ही होते हैं। यदि कोई बच्चा फा का अध्ययन करने में सक्षम है, तो उसे अध्ययन करने देना सबसे अच्छा है। मैं वास्तव में बच्चों को देखना पसंद करता हूं क्योंकि उनके विचार, मन और शरीर इतने शुद्ध होते हैं। यदि वे साधना करते हैं तो वे बहुत तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। उनके पास बाद के जीवन में विकसित किये गए कोई भी मोहभाव नहीं होते हैं। कुछ बच्चे एक ही समय में फा शिक्षाओं को सुनते हुए साथ-साथ खेलते भी हैं, और ऐसा लगता है कि वे कुछ भी नहीं सुन रहे हैं। लेकिन वास्तविकता में, वे सबकुछ सुनते हैं। यदि आप उन्हें पूछेंगे तो आप पाएंगे कि वे सब कुछ जानते हैं जो सिखाया गया था। यदि कोई बच्चा व्यायाम कर सकता है तो यह बहुत अच्छा है, लेकिन यदि वह बहुत छोटा है तो यह संभव नहीं है। क्योंकि वह एक छोटा बच्चा है, इसलिए वह खेलना चाहेगा। छोटे बच्चों को अलग ढंग से देखने की आवश्यकता होती है।

शिष्य: काकेशियाई लोगों के बीच फा को फैलाते हुए, हमने देखा है कि उनमें से कुछ यीशु में अपने विश्वास को नहीं छोड़ पाते हैं। दाफा में उनकी साधना पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है ?
गुरु जी: मैंने "कोई दूसरी साधना नहीं" के बारे में चर्चा की है। यदि कोई विशेष रूप से दाफा की साधना पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकता है, तो वह हमारे दाफा में फल पदवी प्राप्त नहीं कर सकता है। इससे पहले मैंने कहा कि पूरे ब्रह्मांड, या उससे भी आगे के विस्तार, फा से भटक गए हैं। क्या इसमें मानव जाति शामिल नहीं है? धर्म क्या मनुष्य जाति द्वारा स्थापित नहीं किये गए थे? यदि ब्रह्माण्ड के सभी प्राणी फा से भटक गए हैं, तो क्या जो प्राणी फा से भटके हुए हैं, उनमें [वे] दिव्यलोक शामिल नहीं हैं जिन पर मनुष्य विश्वास करते हैं? यदि बुद्ध, ताओ, और दिव्यों के दिव्यलोक सभी इसका एक भाग हैं, तो सोचें कि यह कितनी बड़ी समस्या है। चाहे जिस किसी ने उन दिनों जो भी पढ़ाया है, चाहे वह यशु हों, शाक्यमुनि, लाओ ज़ या याहवे—जब उन्होंने अपने उपदेश दिये, तो ब्रह्मांड में सभी प्राणी और जीव ब्रह्मांड के आवश्यक गुणों से कब के भटक चुके थे।

मैं आपको साधारण भाषा में एक उदाहरण देता हूं। समझो कि बुद्ध और दिव्यों के दिव्यलोक सोने के बने थे, लेकिन समय के साथ-साथ वे अशुद्ध हो गए और ठोस सोने के नहीं रह गए। वे अभी भी सोने से बने हैं, लेकिन, सोना केवल 18-कैरेट या 16-कैरेट का है। आज, फा को ठीक कर दिया गया है, और सोना शुद्ध, ठोस और 24 कैरेट का हो गया है। लेकिन, धर्म या साधना के तरीके जो वे लोग छोड़ गए हैं वे 18- या 16-कैरेट-सोने के युग से आते हैं, और अब वे दिव्यों और बुद्धों के नए दिव्यलोकों के आदर्शों को पूरा नहीं कर सकते हैं। क्या कोई व्यक्ति [जो उन तरीकों का पालन करता है] शुद्ध 24 कैरेट सोने के दिव्यलोक में लौट सकता है? यदि उसका एक भी अणु वापस लौटता है, तो यह उस दिव्यलोक को दूषित कर देगा। इसलिए ऐसा होने की अनुमति नहीं है। क्या ऐसा नहीं है? इसलिए आज मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि आज जगत में कोई भी ऐसा धर्म नहीं है—और इसमें बुद्धों द्वारा सिखाए गए सभी धर्म शामिल हैं, जिन्हें मैंने दुष्ट नहीं कहा है—जो मानव जाति को फल पदवी प्राप्त करने के साधन उपलब्ध करा सकते हैं।

चाहे कोई व्यक्ति कोई भी धर्म चुने या वह कितनी भी अच्छी तरह से साधना करे, चाहे वह उन वर्षों में बुद्ध या यीशु द्वारा सिखाई गई बातों का सही-सही पालन

करे, सबसे अधिक वह जो हासिल कर सकता है वह है उस सर्वोच्च सिद्धांत तक पहुँचना जो उन दिनों शाक्यमुनि या यीशु द्वारा सिखाया गया था। लेकिन वह फिर भी केवल 16- या 18 कैरेट सोना होगा। क्या वह फिर ठोस सोने के दिव्यलोक में लौट सकता है? यह कहने का यह अर्थ नहीं है कि शाक्यमुनि और यीशु पर्याप्त रूप से अच्छे नहीं हैं। मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि पूरे ब्रह्मांड के प्राणी फा से भटक गए हैं, और यह दोनों भी उन तत्वों में शामिल हैं। यह ऐसा है। मैं विस्तार में नहीं जाऊँगा, क्योंकि यह एक बड़ी समस्या है। लोग हठपूर्वक केवल उसी मार्ग से जुड़े रहते हैं जिनसे उनको लगाव है, और वे केवल वह मानते हैं जो वे अब देख सकते हैं। लोगों को एक गंभीर, जड़ पकड़ी हुई आदत भी होती है: वे चीजों को तर्कसंगत रूप से नहीं देखते हैं। बल्कि, वे भावनाओं के साथ चीजों को आंकना पसंद करते हैं। भावना के कारण, वे प्राचीन काल से विरासत में मिली चीजों को नहीं भूल सकते हैं और तर्कसंगतता का उपयोग नहीं करते हैं कि वास्तव में क्या उचित है या क्या अनुचित है।

शिष्य: जब हम कोकेशियन के लिए फा को फैलाते हैं तो हमें किस चीज का ध्यान रखना चाहिए ?

गुरु जी**:** कोकेशियन हम जैसे एशियाई लोगों से अलग सोच रखते हैं, इसलिए आपको उनकी खास विशेषताओं को ध्यान में रखना होगा। उन्हें आपकी बहुत ही जटिल चीनी सोच या बोलने के तरीके से उलझाओ मत। इससे उन्हें लगेगा कि "यह बहुत मुश्किल है," और इसका परिणाम शायद अच्छा नहीं हो। तो मेरा सुझाव यह है: कोकेशियन को फा को प्राप्त करने में मदद करने के आपके प्रयास में, उन्हें पहले फालुन गोंग दें। जब वे इसका अध्ययन कर लेते हैं, तब वे ज़ुआन फालुन को पढ़ सकते हैं। इस तरह, सीखना उनके लिए अपेक्षाकृत आसान होगा। यदि वे पहले ज़ुआन फालुन को पढ़ना शुरू करते हैं, तो संभवत: उनमें से अधिकांश इसलिए छोड़ देंगे क्योंकि उन्हें शायद समझ नहीं आये। बेशक, कुछ ऐसे भी हैं जो असाधारण रूप से अच्छे हैं और इसे पहली नज़र में ही समझ लेते हैं। एक और समस्या यह है कि वे पहली ही बार में पूरी पुस्तक पढ़ें उसके तरीके खोजने की आवश्यकता है। यदि वे आधे में रुक जाते हैं, तो उनके लिए फिर से इसे पढ़ने के लिए समय निकालना मुश्किल होगा। और फिर यदि आप उन्हें इसका अध्ययन करने या इसे पढ़ने के लिए कहते हैं, तो वे सुनिश्चित ही यह कहेंगे कि उनके पास कोई समय नहीं है। हमेशा ऐसा ही होता है। यह वास्तव में विचार-कर्म है जो उन्हें

किताब पढ़ने से रोकता है, क्योंकि वह भयभीत हो जाता है। पुस्तक पढ़ने के बाद उनके विचार-कर्म को नष्ट कर दिया जाएगा।

शिष्य: हमने अमेरिकी रेडियो स्टेशनों, टेलीविजन स्टेशनों और समाचार पत्रों को दाफा पेश किया है, लेकिन इनसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। क्या हमें इन प्रयासों को जारी रखना चाहिए ?

गुरु जी : मैं आपको एक सिद्धांत बताता हूँ। आप सभी शायद मेरे कार्यों को हमेशा एक ही जैसे तरीके से करने के बारे में जानते हैं। मैंने कहा है कि हम कभी भी धार्मिक प्रारूप नहीं अपनाएंगे। मैं आपके नामों को एक-एक करके सदस्यता रजिस्टर में नहीं लिखता जैसे कि साधारण लोग करते हैं। हमारा कोई प्रारूप नहीं है, कोई कार्यालय नहीं है, और कुछ भी मूर्त नहीं है। कुछ भी मूर्त मानव मोहभाव को प्रेरित कर सकता है और इसलिए इसका साधना में कोई कार्य नहीं है। जो हमें त्याग देना चाहिए वह केवल पैसा, सम्पति, प्रसिद्धि और स्वार्थ ही नहीं है। मैं बता सकता हूं कि क्योंकि हमारा फा मानव समाज में फैला हुआ है और इतना विशाल है, इसलिए इस तरह के महान फा को फैलाने की आवश्यकताएं, अपेक्षाकृत, उच्चतम होनी चाहिए। आप समझ नहीं सकते कि मैंने ऐसा निराकार तरीका क्यों अपनाया है। क्योंकि हमारा फा इतना भव्य है, इसे उचित सम्मान देने के लिए हमें इस फा को धर्मनिरपेक्ष विश्व में फैलाने के लिए "बिना प्रारूप का महान मार्ग" अपनाना होगा। बुद्ध, पश्चिमी ईश्वर ईसा मसीह और यहां तक कि याहवे भी फा को सिखाने के लिए पहले आ चुके हैं। उन सभी ने लोगों को एक साथ इकट्ठा किया, इस डर से कि लोग अन्यथा इसे अच्छी तरह से सीखने में विफल होंगे या लड़खड़ाएंगे। इस प्रकार लोगों को एक साथ साधना करने के लिए इकट्ठा किया जाता था। शाक्यमुनि ने अपने शिष्यों को सिर मुंडाने और चोगा पहनने की आवश्यकता रखी थी। यीशु के शिष्य मठों में रहे। मैं आपको बता सकता हूं कि उन्होंने जो किया वह इसलिए था क्योंकि जिस फा का उन्होंने प्रचार किया वह कमतर था। वे ऐसी सख्ती के बिना लोगों को नहीं बचा सकते थे। इसके विपरीत, आज हमारे पास इतना विशाल फा है कि हम निश्चित रूप से चीजों को सामने रखने और आप पर सब कुछ छोड़ने का साहस करते हैं—केवल आपका मन महत्त्व रखता है। मैंने कहा कि मैंने एक बहुत बड़ा द्वार खोला है। वास्तव में, आपको महसूस नहीं हुआ है कि कोई द्वार ही नहीं है। यह पूरी तरह से खुला है—केवल आपका मन मायने रखता है!

मान लें कि आप विभिन्न आयामों और दिव्यलोकों से फा प्राप्त करने आए हैं। आपके मानव मन को कोई आभास नहीं है। यदि आप अपने दिव्यलोकों में लौटना चाहते हैं, तो इसके बारे में सोचें: क्या आप अतीत के तरीकों या धर्मों से ऐसा कर सकते हैं? कदापि नहीं। इसके विपरीत, हमारा फा आज सभी प्राणियों को बचा सकता है और उन्हें उनके मूल स्थानों पर वापस लौटा सकता है, क्योंकि यह ब्रह्मांड का महान फा है। ऐसा होते हुए, यह बात स्पष्ट है कि इस धर्मनिरपेक्ष विश्व में जिस तरह का फा प्रसारित किया जाना चाहिए वह अत्यंत पवित्र होना चाहिए। इसलिए मैंने आपसे कहा है कि हमने सबसे अधिक पवित्र मार्ग अपनाया है। हम लोगों से प्रसिद्धि, लाभ और भावना की चिंता करना छोड़ने को कहते हैं। मुझ से शुरू करते हुए, हम सभी इन चीजों को त्याग देते हैं। और इतना ही नहीं। हम यह भी चाहते हैं कि आप साधारण समाज में फा फैलाते हुए साधारण समाज के तरीकों को मानेंगे और उनका उल्लंघन नहीं करेंगे।

फा का प्रसार करते समय, हमने विज्ञापनों, टेलीविज़न, और समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन नहीं दिए हैं या अपने ही गुण नहीं गाये। नहीं, हमने ऐसा नहीं किया है। जब मैं फा-उपदेश दे रहा था, तब सभी प्रचारों में इसके अलावा कुछ भी नहीं था: ली होंगज़ी आ चुके हैं। दाफा प्रचारित करने वाले छात्रों की संख्या बहुत कम रही है। और वे अपने आप से यह कार्य कर रहे थे। वे व्यक्तिगत रूप से फा के लिए अच्छे कर्म कर रहे थे। यदि हमारा दाफा किसी भी प्रकार के प्रचार माध्यमों से स्वयं का विज्ञापन करने का नियोजन करता है, तो यह स्वयं को दूषित करने जैसा होगा। इसलिए हमने वह तरीका नहीं अपनाया है। मान लीजिए आप एक प्रैक्टिशनर के साथ-साथ एक रिपोर्टर या एक अखबार के संपादक हैं, और आप फा को फैलाना चाहते हैं। तो फिर, यह अभी भी एक व्यक्तिगत कार्य होगा—हमारा फा आपसे यह मांग नहीं रखता है। एक व्यक्तिगत कार्य या ऐसी चीजों को करने की व्यक्तिगत इच्छा एक व्यक्तिगत रुझान है। एक व्यक्ति को एक व्यक्ति के रूप में अच्छा करने की इच्छा का किसी भी रूप से हमारे फा से कोई आंतरिक संबंध नहीं है।

क्यों इतने सारे लोग फा का अध्ययन कर रहे हैं? आप सभी जानते हैं कि हमारा फा अच्छा है। क्योंकि यह ब्रह्माण्ड का फा है, कौन कह सकता है कि यह अच्छा नहीं है? यहां तक कि बाहरी रूप से विरोध करने वाले व्यक्तियों में से सबसे दुष्ट भी

मन ही मन में इसकी सराहना करते हैं। और वे बाहरी रूप से इसका विरोध क्यों करते हैं? वे जानते हैं कि यदि सभी ने स्वयं को फा के अनुसार चलाना शुरू किया, तो वास्तव में नष्ट होने की उनकी बारी आ जायेगी। तो, संक्षेप में, आप फा को फैलाने के लिए जो भी करते हैं, यह एक व्यक्तिगत कार्य है। दाफा में ऐसा कोई प्रारूप नहीं है। हमने एक सच्चा "बिना प्रारूप के महान मार्ग" अपनाया है।

यहाँ से वापस जाने के बाद अब से आप सभी समाज के साधारण सदस्य बने रहेंगे। हम केवल आपके मन को महत्व देते हैं—हमारा किसी भी प्रकार का कोई पंथ या नियम नहीं है। वास्तव में, अतीत में किसी ने भी इस तरीके को अपनाने का साहस नहीं किया। चाहे कोई भी धर्म हो, यदि आप लोगों को घर जाकर किसी भी धार्मिक विधियों या उद्देश्यपूर्ण गतिविधियों के बिना साधना करने के लिए कहते हैं, तो वह धर्म बिखर जाएगा। वे ऐसा करने का साहस नहीं करते, क्योंकि उनका फा इतना शक्तिशाली नहीं था। हम, इसके विपरीत, उस तरीके को अपनाने का साहस करते हैं। जब आप यहाँ से वापस जायेंगे, तो आप सभी अपना व्यवसाय फिर से शुरू करेंगे और आपके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं लायेंगे। फिर भी आप सभी अपने मन में फा को बनाए रखेंगे, स्वयं की साधना करेंगे, और वास्तव में सुधार करेंगे। मैंने पहले भी कहा है कि बुद्ध और दिव्य साधारण मनुष्यों के धर्मों से न तो सरोकार रखते हैं और न ही स्वीकार करते हैं—वे केवल लोगों के मन को महत्व देते हैं। जब धर्मों को नुकसान पहुँचाया गया तो बुद्धों ने हस्तक्षेप क्यों नहीं किया? जब एक चर्च में तोड़फोड़ की गई तो मसीह ने कोई कदम क्यों नहीं उठाया? ऐसा इसलिए था क्योंकि वे चीजें मानवीय कार्य थीं। मनुष्य कुछ अच्छा करना चाहते थे और इसलिए उन्होंने लोगों को बुद्ध या मसीह की पूजा करने के लिए साधन प्रदान करने, मंदिरों या चर्चों का निर्माण किया। वे मानव जातियों द्वारा अपनाए गए प्रारूप थे। हालांकि, भगवान और बुद्ध, केवल मन को महत्व देते हैं। इसलिए हम ऐसे किसी भी प्रारूप का उपयोग नहीं करते हैं।

निश्चित ही, जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारे राजनीति में शामिल नहीं होने के और भी कारण हैं। हमें बिलकुल भी राजनीतिक नहीं होना चाहिए। मानव समाज के विकास के संदर्भ में, जैसे कि देश की स्थिति और लोगों के बीच के संबंध, यह सब समाज के विकास से निर्धारित होते हैं। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे साधारण लोग रोक सकते हैं। लोग केवल आगे बढ़ने की कोशिश में अपना दिमाग खपा

सकते हैं, कुछ प्राप्त करने के लिए गहन अध्ययन कर सकते हैं, या कोई कामना कर सकते हैं। हालाँकि, विशाल ब्रह्मांडीय परिवर्तनों के बिना, साधारण लोग कोई चीज़ नहीं बदल सकते। मानव जाति का विकास पूर्व निर्धारित मार्ग पर होता है, और इसके विकास में प्रगति करने वाला प्रत्येक कदम मार्ग से नहीं भटकता। एक साधक एक साधारण मानव से बढ़कर होता है। उसे मानवीय मामलों से स्वयं को क्यों चिंतित करना चाहिए? कुछ धर्मों के राजनेता स्वतंत्रता, ज़मीन, या यहां तक कि कोई न कोई पदवी या इत्यादि के लिए राजनीति करने में लगे हुए हैं। कुछ हत्या तक करते हैं या आतंकवादी गतिविधियों में भी शामिल होते हैं, जो बुरा है। मैं कहूंगा कि वे साधक नहीं हैं। एक साधक साधारण लोगों की राजनीति में हस्तक्षेप नहीं करता है। ऐसे लोग महज राजनेता होते हैं। बुद्ध या दिव्य जो चाहते हैं वह है केवल एक स्वर्गीय दिव्यलोक। भौतिक जगत के लिए लड़ाई क्यों करें? क्या आपको लगता है कि वे लोग साधक हैं? क्या वे आदर्शों को पूरा करते हैं? फिर भी लोग उन्हें पवित्र मानकर पूजते हैं। सच्चाई यह है कि उनमें से कुछ तो सभ्य लोग भी नहीं हैं, और वे नर्क में जाएंगे।

शिष्य: क्या मानव समाज की हजारों वर्षों से मौजूद भौतिक व्यवस्था एक कारक है जिसने विचार-कर्म को उत्पन्न किया है ?
गुरु जी: हां, बिल्कुल। यदि यह भौतिक व्यवस्था नहीं होती तो आप कोई कर्म नहीं करते। वर्तमान व्यवस्था जिसमें मनुष्य रहता है उसके बिना, आप अच्छे या बुरे कर्म नहीं कर पाते। इस व्यवस्था के बिना, आप निश्चित रूप से एक मनुष्य नहीं हो सकते। लेकिन साथ ही मानव समाज के अपने विशिष्ट गुण होते हैं, इसलिए इसका अस्तित्व होना जरूरी है।

शिष्य: क्या अमेरिकी समाज की आसुरिक प्रकृति अमेरिकियों को फा प्राप्त करने से रोक रही है ?
गुरु जी: आप इसे इस तरह से नहीं कह सकते। जब मैंने अमेरिका में ग्रामीण इलाकों और यहां के कुछ छोटे शहरों का दौरा किया, तो मैं कई करुणामयी लोगों, करुणामयी पश्चिमी लोगों से मिला। जगत के सभी बड़े शहर काफी अराजक हैं; अच्छे और बुरे लोग दोनों पाए जाते हैं, और बुरे लोगों में से अच्छे लोगों को पहचानना कठिन है। सामान्य तौर पर बहुत ही अच्छे लोगों के साथ-साथ बहुत ही बुरे लोग भी होते हैं, पारस्परिक प्रसार और संयम के सिद्धांत के कारण। इसलिए

आपको सरलता से सबको एक ही दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। लेकिन यह भी है कि, अमेरिका की अपनी विशेषताएं हैं। इसने पूरे विश्व में विकृत मानव सोच की आधुनिक शैली के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाई है, जिसने हर शैली और क्षेत्र, जैसे कला, संस्कृति और मानव मूल्यों को प्रभावित किया है। यह आधुनिक शैली विकृत संस्कृति है—यह निश्चित ही मानव संस्कृति नहीं है। मुझे लगता है कि 1950 के दशक से पहले की अमेरिकी संस्कृति मानव संस्कृति थी। लोग काफी करुणामयी थे। पश्चिमी पुरुषों में सज्जनता थी और सभ्यतापूर्वक व्यवहार करते थे, जबकि महिलाएं ऐसा व्यवहार करती थी जैसे महिलाओं को करना चाहिए। मुझे लगता है कि यह काफी अच्छा था। आजकल पुरुषों और महिलाओं के व्यक्तित्व एक जैसे लगते हैं। बेशक, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अमेरिका अच्छा नहीं है।

जैसा कि मैंने पहले कहा था, मैं मानव जाति के परिवर्तनों के बारे में बात कर रहा हूँ। आजकल के एशियाई लोग भी बहुत बुरे होते हैं। हर कोई एक दूसरे को चोट पहुँचा रहा है और बुरे इरादे रखता है। जब दो व्यक्ति मिलते हैं, तो वे कुछ बात कहने से पहले ही एक-दूसरे को चोट पहुंचाना शुरू कर देते हैं, और वे इस बात को जानते या महसूस भी नहीं करते हैं। क्योंकि एक लंबे सांस्कृतिक इतिहास के दौरान, एक जीवन से दूसरे जीवन, आपको पता नहीं होता है कि किसका ऋण किस पर बकाया है। क्योंकि बहुत ही लम्बे समय के दौरान शिकायतों और कृतज्ञता का निर्माण हुआ है, तो जब लोग मिलते हैं, वे प्रत्येक का पिछला ऋण चुकाने की इच्छा रखते हैं, और इसलिए वे एक दूसरे को क्रूरता से चोट पहुँचाते हैं। क्या आपने यह नहीं कहा है कि अमेरिका में रहने वाले चीनी लोगों की एक दूसरे के साथ नहीं बनती? आप सभी सतह पर देखते हैं, जबकि मैं वास्तविक कारणों को देखता हूं। यही कारण है।

शिष्य: मैं आसुरिक प्रकृति से प्रभावित हो गया हूं। यह बेतहाशा इधर उधर घूमते रहता है या मेरे शरीर के अंदर होता है। और मेरे आसपास के लोगों के चेहरे असुरों की तरह काले, पीले, हरे या फीके नजर आते हैं ...

गुरु जी**:** मैं यह बताना चाहता हूँ: जबकि कुछ लोग दावा करते हैं कि वे दाफा की साधना कर रहे हैं या जब आप दावा करते हैं कि आप एक दाफा शिष्य हैं, तो मुझे यह देखना होगा कि क्या आप एक सच्चे दाफा शिष्य हैं। केवल आपके कहने भर

से नहीं चलेगा। मेरे शिष्यों को वास्तव में साधना करनी होगी और, जब वे कष्टों का सामना करते हैं, तो उन्हें प्रश्न पूछकर अपने मोहभावों की खोज करनी चाहिए: क्या यह मेरे मन में किसी समस्या के कारण था? केवल एक बार पुस्तक पढ़ने के बाद, कुछ लोग दावा करते हैं कि वे दाफा की साधना कर रहे हैं और इस या उस समस्या में पड़ गए हैं। उनका मन मानवीय चीजों से भरा हुआ होता है। विपत्ति का सामना करने पर वे दूसरों से लड़ते हैं, और तकरार के दौरान, अपनी जगह दूसरों में गलतियाँ ढूँढते हैं। वे दावा करते हैं कि वे मेरे शिष्य हैं, लेकिन मैं उन्हें स्वीकार नहीं करता। [साधना करना और केवल बातें करना] निश्चित रूप से दो अलग-अलग चीजें हैं। बेशक, मैं इस प्रश्न या उस व्यक्ति के विषय में नहीं कह रहा हूं जिसने इसे पूछा था।

मैं यह कह रहा हूं कि किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है यदि आप कमियों की आपके अंदर ही खोज करेंगे। आप देखेंगे कि एक व्यक्ति ने बहुत गड़बड़ वाली चीज़ें सीखी थीं और उसका शरीर अव्यवस्थित बातों से घिरा हुआ होता था। वह अक्सर भयानक छवियां देखता था या उसके शरीर में भयानक प्रतिक्रियाएं होती थीं। वह इन कारणों से हमारे दाफा को सीखने के लिए आया, क्योंकि वह हमारे दाफा की अद्भुत शक्ति के बारे में जानता था। लेकिन मैं सभी को बता दूं कि इसे किसी मोहभाव का पीछा करते हुए उद्देश्यपूर्ण रूप से फा प्राप्त करना कहा जाएगा। ऐसा नहीं चलेगा, और कुछ भी प्राप्त नहीं होगा। यदि आप शुरुआत में इस तरह का मोहभाव रखते हैं, जब आपने फा को अब तक पूरी तरह से समझा नहीं है, तो हमें आपत्ति नहीं होगी। लेकिन फा का अध्ययन करने के बाद, आपको उन मोहभावों को छोड़ने की आवश्यकता है। तब किसी भी स्थिति का समाधान किया जा सकता है। मुझे लगता है कि मैंने अपनी बात स्पष्ट कर दी है। इस बात को ज़ुआन फालुन में अच्छी तरह से बताया गया है। आपको पुस्तक को पढ़ना है और फा का अधिक अध्ययन करना है। पुस्तक को पढ़ने से आपकी सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है।

शिष्य: मुझे हमेशा ऐसा लगा है कि मैं दयालु हूं, लेकिन मैं शिक्षक द्वारा बताई गई करुणा को हासिल क्यों नहीं कर पाता ?

गुरु जी: यह एक अच्छा प्रश्न है। लेकिन वास्तव में, प्रश्न अपने आप में एक मोहभाव है। मेरा मतलब यह नहीं है कि प्रश्न लिखना ही ऐसा है। बल्कि, आप

अपनी करुणा से मोहभाव रखते हैं, जो आपकी इच्छा के अनुसार नहीं बढ़ता है। जैसे-जैसे आपका स्तर बढ़ता है, आपकी भावनाओं का वह भाग जो हटा दिया गया है, खाली नहीं हो जाता है—इसके स्थान पर करुणा भर दी जाती है, जो धीरे-धीरे बढ़ती है। यहाँ बैठे मेरे शिष्यों में से कई ने वास्तव में बहुत ऊँचे स्तरों पर साधना की है, लेकिन आप में उन स्तरों की करुणा क्यों नहीं है? वास्तविकता यह है कि, दिव्यों की करुणा वैसी नहीं है जैसी आधुनिक लोग इसे होने की कल्पना करते हैं। मैंने इस बारे में आपसे पहले भी कई बार बात की है। साधारण लोगों के समाज में रहने के लिए, आपको सतह पर बहुत अधिक असामान्य दिखने की अनुमति नहीं है। यदि आप इतनी करुणा प्रदर्शित करते हैं, तो आप वास्तव में साधारण लोगों के बीच नहीं रह पाएंगे। इसी कारण, आपकी करुणा और बाकी सब कुछ जो आपने साधना के माध्यम से प्राप्त किया है, आपके अस्तित्व के सबसे सूक्ष्म स्तर पर तेज गति से विकसित हो रहे हैं, और वे आपकी सतही परत से अलग किये गए हैं।

मानव जीव सूक्ष्म कणों से लेकर अणुओं तक क्रमबद्ध रूप से निर्मित हुआ होता है जिसमें सबसे बड़े कण सतह पर होते हैं; अणुओं से, फिर, कोशिकाएं बनती हैं। जैसे-जैसे आप साधना करना जारी रखते हैं, आपके शरीर के अंदर के अणु (मैं केवल इस तरीके से ही इसका वर्णन कर सकता हूं क्योंकि मानव भाषा सीमित है) और आपके जीवन के सूक्ष्म कण सभी फा के आदर्शों के अनुरूप तीव्रता से परिवर्तित हो रहे हैं। फिर, जैसे ही आप स्वयं के एक भाग की साधना संपन्न करते हैं, यह वैसा ही है जैसे इसे अलग किया जा रहा हो। जब आप दूसरे भाग की साधना संपन्न कर लेते हैं, तो इसे भी अलग कर दिया जाता है—यहां तक कि आपकी करुणा भी अलग कर दी जाती है। यह एक गोदाम की तरह है जो आपके लिए वह सब कुछ संग्रहीत करता है जो आपने साधना के माध्यम से प्राप्त किया है। यदि आपका शरीर सतह पर बहुत जल्दी परिवर्तित होने लगेगा तो आप साधना नहीं कर पायेंगे। आप जो कुछ भी देखेंगे उस पर रोना चाहेंगे। आप जो कुछ भी करेंगे, वह वैसे ही होगा जैसे कि आपके द्वारा साधना किया गया भाग भी पूरी तरह से आपके साथ यह कर रहा हो। और यह एक दिव्य का मानवीय कार्य करने के समान होगा। जब आप बुरे काम करते हैं, तब भी यह उन्हें एक दिव्य द्वारा किए जाने के समान होगा। इसके परिणामस्वरूप आप नीचे गिर जाएंगे। आपको गिरने से रोकने के लिए, और साथ ही, आपको अपनी साधना को साधारण लोगों के बीच बनाए रखने में सक्षम बनाने के लिए, आपके द्वारा पूरी तरह से साधना किये गए

भाग को तुरंत उस भाग से अलग कर दिया जाता है जिसकी साधना अभी तक पूरी नहीं हुई है और जो अभी भी बड़े कणों से बना है। यह हमेशा कमल की स्थिति में बैठा रहता है, जैसे कोई दिव्य रहता है, जबकि आप का जो भाग जिसकी अभी तक पूरी तरह से साधना नहीं हुई है, वह हमेशा एक मनुष्य की तरह साधारण लोगों के बीच रहेगा। जैसे-जैसे आप अंदर से बाहर की ओर अपनी साधना जारी रखते हैं, आप धीरे-धीरे स्वयं को परिपूर्ण कर रहे हैं। जब सबसे सतही परत के अणु परिपूर्ण और आत्मसात हो जायेंगे, तो अंतिम चरण अंतिम फल पदवी होगा। यही तरीका हमने चुना है।

कुछ शिष्यों ने पूछा है, "गुरु जी, मैं इतनी मेहनत से साधना कर रहा हूं, लेकिन मैं अधिक सुधार महसूस क्यों नहीं करता हूँ। और कभी-कभी मेरे मन में अनुचित विचार क्यों पैदा होते हैं? " मैं आपसे कहना चाहूंगा कि आप चिंतित न हों। यदि सभी मानवीय पदार्थ सतह से हटा दिए जाएं तो आप वास्तव में साधना नहीं कर पायेंगे। यदि आपके मानवीय विचार नहीं रहते हैं, तो आप उन सभी विचारों को महसूस कर पाएंगे जो मनुष्य सोचते हैं। आधुनिक व्यक्ति का हर एक शब्द, कार्य और विचार स्वार्थी होता है, और कुछ गहरे, अनुचित विचार भी होते हैं जिन्हें आप सहन नहीं कर पायेंगे। आप उनके बीच कैसे जी पाएंगे? आप उनके साथ मेलजोल कैसे रख पाएंगे? तो ऐसा नहीं किया जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि आपने अपने शरीर में पूरी तरह से सौ भागों की साधना कर ली है, तो आपकी सतह से केवल एक [बुरा] भाग ही निकाला जा सकता है, इसलिए आपको हमेशा यह महसूस होगा कि सतह पर सुधार उस तेजी से नहीं हो रहा है। यह ऐसे ही होता है। मैंने अभी जो कहा है यह सुनकर, आपको यह नहीं सोचना चाहिए: "ओह, तो यह ऐसे होता है। तब मुझे चिंता नहीं करनी चाहिए और मैं वही करुंगा जो मैं करना चाहता हूं।" मैं फा के सिद्धांतों के बारे में बात कर रहा हूं। यदि आप कड़े आदर्शों के अनुसार नहीं चलते हैं या मापदंड के अनुसार कार्य करने में विफल रहते हैं, तो यह नहीं कहा जा सकता है कि आप साधना कर रहे हैं। यह ऐसा ही है।

शिष्य: जैसे ही मैं असावधान हो जाता हूं, मैं जैसा हूं वैसा दिखाई देता हूं।
गुरु जी: अपने आप को कमतर मत समझो। आप वास्तव में एक साधक हैं। जब आप अपनी कमियों को देख सकते हैं, तो आप क्षणभर के पहले के विचारों से ऊपर उठ चुके होते हैं, और आपने अपने पुराने स्व को पार कर लिया होता है। एक

साधारण व्यक्ति अपनी अपर्याप्तता नहीं देख सकता है। वह सोचता है कि वह हर तरह से अच्छा है, जैसे कि वह कोई फूल हो, है ना? क्योंकि आप स्वयं साधना कर सकते हैं, अपनी जाँच कर सकते हैं, और अपनी अपर्याप्तता देख सकते हैं, तो क्या आप एक साधक नहीं हैं?

शिष्य: मैंने दो बड़ी गलतियाँ की हैं, और मुझे बाद में बहुत पछतावा हुआ। क्या यह मेरी सह चेतना थी या मेरे संदेश जो काम कर रहे थे ?
गुरु जी: यदि आपने साधारण लोगों के बीच कुछ किया है, या कुछ बुरा किया है, तो आप यह नहीं कह सकते हैं कि यह आप नहीं थे जिसने इसे किया। न ही आप यह समझ सकते हैं कि क्या यह मुख्य चेतना या सह चेतना थी जिसने ऐसा किया, क्योंकि आप एक ही शरीर हैं। इससे आगे, आप यह नहीं कह सकते हैं कि ऐसी चीजें आपके विचार-कर्म द्वारा की गई थीं, क्योंकि वे भी आपकी मुख्य चेतना के दुर्बल होने के परिणामस्वरूप आते हैं। जब तक आप इसे खत्म नहीं करेंगे, तब तक यह कर्म आपको पीड़ा देगा। जब उस कर्म को हटाना बाकी होता है, तो उसके सभी बाहरी व्यवहार की अभिव्यक्तियों को आपका स्वयं का माना जाना चाहिए। यदि आप इसे दृढ़ता से धकेल देते हैं, या यदि आप इसे पहचान लेते हैं [कि यह क्या है] और अपनी मुख्य चेतना को दृढ़ रखते हैं, तो चीजें अलग तरह से होंगी। इसलिए आपको स्वयं पर दोष लेना होगा यदि आप कर्म को नहीं धकेलते हैं। साधना उन बुरी चीजों को नष्ट करने और इस बीच आपकी मुख्य चेतना को मजबूत करना है। जैसे-जैसे आप साधना करते जाते हैं तो पिछली घटनाओं के बारे में नहीं सोचना ही सबसे अच्छा है। वे पहले ही बीत चुकी हैं, चाहे वे कितनी भी बुरी थीं। भविष्य में अच्छा करें ताकि आप कोई मोहभाव विकसित न करें।

शिष्य: हमने संयुक्त राज्य अमेरिका में कई फा सम्मेलनों की वीडियो रिकॉर्डिंग की, लेकिन हमने उन्हें विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों को नहीं दिया। क्या यह गुरु जी की इच्छा के विरुद्ध है ?
गुरु जी: मैं आपको बता दूं कि हमारे दाफा में साधना करने का तरीका सबसे अच्छा और पवित्र है। मैं आपके लिए वास्तव में उत्तरदायी हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप वास्तव में फल पदवी प्राप्त कर सकें। मुझे हमारे दाफा से उन सभी चीजों को हटाना होगा जो हमारी दाफा साधना का भाग नहीं हैं। चाहे वह कुछ ऐसा हो जो मैंने कहा है, यदि यह किसी निश्चित क्षेत्र या देश के शिष्यों के लिए

कहा गया है, या यदि यह अन्य क्षेत्रों के लिए उपयुक्त नहीं है, तो इसे हटा दिया जाना चाहिए। केवल एक क्षेत्र के लिए कहे गए शब्द जिनका सार्वभौमिक अनुप्रयोग नहीं हो सकता है उन्हें हटा देना चाहिए। इसका लक्ष्य यह है कि आपको हस्तक्षेप के बिना वास्तव में साधना करने में सक्षम बनाना। यही उद्देश्य है।

कुछ लोगों ने पूछा है, "क्या यह शिष्यों की प्रगति के लिए लाभदायक नहीं होगा, यदि हम लौटने के बाद, मास्टर के आज के रिकॉर्ड किये हुए उपदेश को उन्हें सुनाएं?" यदि आपने इसे रिकॉर्ड किया है, तो इसे रहने दें, लेकिन इसे जोश या उत्साह के मोहभाव के साथ समाज में न फैलाएं। यदि आप लौटने के बाद इसे अपने अभ्यास स्थल या अपने देश के छात्रों को दिखाते हैं तो यह सब ठीक है। लेकिन मैं कहूंगा कि एक शिष्य के रूप में, मुझे आपको यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि इसे कैसे संभालना है। सभी के इसे देख लेने के बाद या जब व्याख्यान की पुस्तकें छप जाएं, तो इसे मिटा दें—बस इतना ही। यदि कोई गैर-जिम्मेदार रूप से उन्हें अन्य लोगों के लिए रिकॉर्ड करता है, उन्हें सुनाता है, उन्हें फैलाता है, या गैर-जिम्मेदार रूप से उनका प्रकाशन गृह या कारखाने में बड़े पैमाने पर उत्पादन करता है, तो वह सबसे बुरा कार्य कर रहा है। मैं कहूंगा कि ऐसा व्यक्ति दाफा शिष्य होने के आदर्शों को पूरा नहीं करता है।

शिष्य: मैं अपनी साधना सतत रूप से नहीं करता था और कई बार यौन इच्छा की परीक्षा पास करने में असफल रहा। यदि मैं अब अपने तरीके सुधार लूं, तो क्या आप मुझे अपनाएंगे?

गुरु जी: मैं यह बता दूं कि: यह नहीं सोचें कि आप केवल इसलिए साधना नहीं कर सकते क्योंकि आपने एक या दो बार परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की। वास्तव में, एक व्यक्ति साधना इसी प्रकार करता है। कुछ लोग जो अच्छी तरह से साधना कर रहे हैं, उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जबकि कुछ लोग जो अच्छी तरह से नहीं कर रहे हैं, उन्होंने परीक्षा को अच्छी तरह से उत्तीर्ण नहीं किया है, या बिल्कुल भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है। हालांकि, वे [बाद के प्रकार के] व्यक्ति अन्य प्रकार की परीक्षाओं को पारित कर सकते हैं। इस तरीके से संघर्ष करते हुए और कभी-कभी पर्याप्त रूप से परीक्षा उत्तीर्ण करना, कभी-कभी नहीं—ऐसे ही साधना होती है। यदि हर कोई हर परीक्षा पास कर सकता है, तो आपको साधना करने की आवश्यकता नहीं होगी और आप तुरंत बुद्ध बन जायेंगे। क्या यह ऐसा नहीं है?

लेकिन आपको इसे गंभीरता से लेना चाहिए जब बार-बार आप एक परीक्षा उत्तीर्ण करने में विफल होते हैं। क्या आप अभी भी साधना करने वाले माने जाएंगे, यदि आप इसे लंबे समय तक ऐसे ही चलने देते हैं?

शिष्य: ज़ुआन फालुन का अध्ययन करने से पहले, चीगोंग हीलिंग करना मेरा पेशा था। फालुन गोंग सीखने के बाद मैंने वह पेशा छोड़ दिया। क्या मैं अब चीनी चिकित्सा और एक्यूपंक्चर सीख सकता हूं और उन्हें पेशे के रूप में अपना सकता हूं ?

गुरु जी: यह निश्चित रूप से कोई समस्या नहीं है। चीनी चिकित्सा मानव समाज में चिकित्सा उपचार का एक रूप है। यह एक मानवीय चीज है और साधना करने में बाधा नहीं करती। चीगोंग के साथ-साथ चिकित्सा करने के विषय में, मैंने आप सभी से कहा है कि ऐसा न करें। मुझे लगता है कि यदि आप चीनी चिकित्सा और एक्यूपंक्चर सीख सकते हैं, तो यह ठीक है—आप इसे सीख सकते हैं और उपयोग कर सकते हैं।

शिष्य: हमारे क्षेत्र में हमारे छात्रों की संख्या कम है, और हम दूर-दूर स्थानों पर रहते हैं। हमारे पास उस तरह का फा सीखने के लिए बहुत अच्छा वातावरण नहीं है जैसा चीन के पास है। हम एक बेहतर वातावरण कैसे बना सकते हैं ?

गुरु जी: क्या आप जानते हैं कि बीते दिनों में जब मैं फा सिखाने के लिए बीजिंग जाता था, पहले व्याख्यान में केवल दो सौ से कुछ अधिक लोग थे? लेकिन अब 10 करोड़ लोग हैं। आप सभी का दायित्व है कि अन्य लोगों को फा के बारे में बताएं। क्या भविष्य में और लोग नहीं होंगे? आपका वातावरण आपके द्वारा स्वयं बनाया जाता है। अधिक लोगों का एक साथ साधना करना निश्चित रूप से अच्छा है। लोग विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं, एक-दूसरे से सीख सकते हैं, एक-दूसरे को सुधारने में मदद कर सकते हैं और उन चीजों के बारे में बात कर सकते हैं जो साधना में अनुभव हुई हैं। इससे साधना में आत्मविश्वास बढ़ेगा। साथ-साथ, जब अभ्यास एक समूह में किया जाता है तो एक शक्तिशाली ऊर्जा क्षेत्र होता है, और यह अवश्य ही अभ्यासियों को लाभ प्रदान करता है, निश्चित रूप से। यदि कोई व्यक्ति अपनी साधना स्वयं करता है, तो वह व्यस्त होने पर उसे उपेक्षित कर सकता है या व्यायाम अनियमित रूप से कर सकता है, उन्हें अलग-अलग समय पर कर सकता है। जो भी हो, वह निस्संदेह अधिक मंद होता है।

शिष्य: ऐसा क्यों है कि जिन लोगों को मैं दूसरे आयामों में देखता हूं, वे सभी पश्चिमी प्रतीत होते हैं—कुछ तो पंखों वाले देवदूत भी हैं—जबकि मैंने एशियाई लोगों को कभी नहीं देखा है ?
गुरु जी: यदि आपने ऐसा देखा है, तो ठीक है। यदि मैं इसे आपके लिए स्पष्ट कर देता हूँ, तो मुझे डर है कि आप एक नया मोहभाव या भ्रम पैदा कर सकते हैं। हमारे शिष्य आज चीनी लग सकते हैं, या आप स्वीडिश या अन्य प्रकार के कोकेशियान लग सकते हैं, लेकिन आप एक अलग प्रजाति के हो सकते हैं। ब्रह्मांड अपार है। शायद साधना में सफल होने के बाद आप एक ऐसे दिव्य के दिव्यलोक में चले जाएँगे, जो पश्चिमी दिखाई देते हैं। ऐसा हो सकता है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह जरूरी है—कोई मोहभाव विकसित न करें। आपको इसके बाद गर्वित या भ्रमित नहीं होना चाहिए और इसके बाद बौद्ध स्कूल के तरीकों का अभ्यास करना बंद कर देना चाहिए। यदि आप उस प्रणाली का अभ्यास नहीं करते हैं जो आज मैं आपको सिखा रहा हूं, तो आप उस स्थान तक नहीं पहुंच पाएंगे। यदि आप कहते हैं, "हमें गुरु जी जो सिखा रहे हैं वह बौद्ध विद्यालय से संबंधित है [लेकिन यह पता चलता है कि मुझे एक पश्चिमी दिव्य के दिव्यलोक में वापस जाना चाहिए], इसलिए मैं कल एक कैथोलिक चर्च में प्रार्थना करूँगा," तो आप वहाँ [उस पश्चिमी दिव्यलोक में] जाने में सक्षम नहीं होंगे। मैंने कहा है कि मेरी शिक्षाएँ बौद्ध विद्यालय पर आधारित हैं, लेकिन मैं जो कुछ भी व्याख्या कर रहा हूँ, वह ब्रह्मांड का फा है। ब्रह्मांड के फा के परिधि में कौन सा मार्ग शामिल नहीं होगा? तो यही कारण है। मैं सिखाये जाने वाले फा में अधिक से अधिक स्पष्ट रहा हूं। यह आपकी साधना के लिए लाभदायक नहीं हो सकता है। आपको इन चीजों में स्वयं को विकसित करना होगा और अंतर्दृष्टि हासिल करनी होगी।

शिष्य: मैंने एक रिश्तेदार को एक अन्य चीगोंग का अभ्यास करने से रोकने के लिए मनाने की कोशिश की। एक रात मैंने जब उनसे शक्ति-पात *(गुआन्डिंग)* प्राप्त किया, तो स्वप्न में स्वयं को अच्छी तरह से नियंत्रित नहीं किया। कई बुरी चीजें उंडेली गईं। मुझे उठने के बाद सिरदर्द महसूस हुआ, और तब से अक्सर सिरदर्द होता है। मुझे क्या करना चाहिए ?
गुरु जी: आपने स्वयं को अच्छी तरह से नियंत्रित नहीं किया। यही कि, जब वह आपका अभिषेक करने जा रहे थे, तो आपने इस पर कोई आपत्ति नहीं

उठाई—आपत्ति नहीं उठाने का मतलब था कि आप इसे चाहते थे। आप एक पल कमजोर पड़ने के कारण उनके शक्ति-पात के लिए सहमत हुए। आपको इस सबक को याद रखना चाहिए और अगली बार स्वयं पर नियंत्रण रखना चाहिए। चिंता न करें, यह एक परीक्षा है। सिरदर्द की अनुभूति भ्रम है। यह आपको सिखा रहा है कि आप अपनी विवेक शक्ति को सुधारें। स्वप्नों में परीक्षण होना साधना नहीं है। बल्कि, उन परिस्थितियों में यह परखने के लिए परिक्षण किया जाता है कि आपकी साधना ठोस है या नहीं। यह ऐसा ही है। यदि आप सपने में भी स्वयं को निर्णायक रूप से नियंत्रित कर सकते हैं, तो इसका अर्थ है कि आपकी साधना आपके वर्तमान स्तर पर, और उस मुद्दे के संबंध में [जिस पर आपका परीक्षण किया जा रहा है], ठोस है। लेकिन मैंने जो कहा वह केवल इस बार जो आपके साथ हुआ उस पर लागू होता है। कई सपने शायद सपने नहीं होते हैं। यदि कोई असुर वास्तव में आपके पास आता है, तो यह एक अलग परिस्थिति होगी।

शिष्य*:* गुरु जी*,* आपने एक बार कहा था कि हमारी यह पृथ्वी गंदी है। आपने यह भी कहा कि यहां की चीजें उस दूसरी ओर बहुमूल्य होती हैं। इसे कैसे समझाया जा सकता है *?*
गुरु जी**:** यदि आप इस जगत से उस जगत को कोई चीज जैसी की वैसी ले जाते हैं, तो उसे कोई नहीं लेना चाहेगा। इसे सबसे अधिक गंदी चीज माना जाएगा, यहाँ तक कि मल की तुलना से भी गंदी। यही सत्य है। लेकिन इस जगत के पदार्थ अनमोल बन जाते हैं जब वे परिवर्तन की प्रक्रिया के माध्यम से उस स्तर से आत्मसात हो जाते हैं। यह ऐसा ही है। दूसरे शब्दों में, कुछ [वहां के] पदार्थ यहां उत्पन्न हुए थे, जबकि यहां के कुछ पदार्थ ऊपर से गिरे हैं। यही सम्बन्ध है। दिव्यलोक के रहस्य सभी सामने रख दिए गए हैं

शिष्य*:* जब कोई इस स्तर तक साधना करता है कि उसका अमर शिशु सृजित हो जाये*,* तो उसका दिव्य नेत्र अमर शिशु को देख सकता है। मध्य स्तर तक पहुँचने का मानक क्या है*?*
गुरु जी**:** अतीत में, दुनिया में कुछ साधना विधियों के अभ्यासी इसे देख सकते थे। उदाहरण के लिए, यह हुआ करता था कि ताओवादी प्रणाली में, जब अमर शिशु (युआनयिंग) सात या आठ साल के बच्चे के जितना बड़ा हो जाता था, तो व्यक्ति की मुख्य चेतना (यूआनशेन) इसे नियंत्रित करने के लिए अन्दर जाती थी और

अमर शिशु शरीर से बाहर आ जाता था। इसे अमर शिशु का दुनिया में जन्म लेना कहा जाता था। वह इतना उत्साहित होता था कि स्वयं को रोक नहीं पाता था—आखिरकार, वह एक बुद्ध-शरीर है—और वह घूमने और खेलने के लिए बाहर आना चाहता था। यदि आपको अपने शरीर में अमर शिशु दिखाई देता है और वह बाहर नहीं निकलता है, तो इसे अमर शिशु का दुनिया में जन्म लेना नहीं कहा जाता है। हमारा अभ्यास का तरीका उसे बाहर आने की अनुमति नहीं देता है, या कम से कम, वह इस काल में यह नहीं कर सकता। जैसा कि मैंने कहा है, यह एकमात्र आयाम है जिस पर अभी तक कुछ कार्य नहीं किया गया है, और यहां गन्दगी और खतरा है। जब ऊपरी स्तरों के आयामों पर काम किया गया था, तो वास्तव में कई जीव इस आयाम में आ गए—और यहां तक कि बहुत उच्च स्तर से बुरी चीजें भी आईं। जिन लोगों को आप सड़क पर चलते हुए देख रहे हैं, यह पता चला है कि उनमें से कुछ मनुष्य नहीं हैं। यदि आपके पास क्षमता है, और इस दुनिया पर एक दृष्टि डालेंगे तो आप देखेंगे कि इनमें कई परग्रही जीव हैं। लेकिन वे मनुष्य की तरह दिखते हैं और आप अंतर नहीं देख सकते। इन सभी पर कार्य करना बाकी है।

तो, मध्य स्तर तक पहुँचने का मानक क्या है? क्या आप जान सकते हैं कि आप किस स्तर तक साधना कर पायेंगे? आपका मध्य स्तर कहाँ है? यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप साधना कर सकें, अभी के लिए मैं आपको [बिना अनुभव हुए] साधना करना सिखाता हूं। इसलिए आपके पास जानने का कोई तरीका नहीं है, और आपको जानने की अनुमति नहीं है। यदि आपको अनुमति दी जाती, आप तुरंत ही उत्साह का मोहभाव या किसी अन्य मोहभाव को विकसित कर सकते हैं—कुछ नहीं कहा जा सकता है कि आप क्या करते। अतीत में कुछ लोग जो इस तरह से साधना करते थे [और इसे देख सकते थे] बर्बाद हो गए। अचानक, एक दिन, उस व्यक्ति ने देखा कि वह बुद्ध की तरह दिखाई देने लगा है, तो वह बाहर जाकर एक चीगोंग गुरु बन गया। उसने यह सोच लिया कि, "मैं बुद्ध हूँ।" और फिर उसने जाकर ऐसा किया। उसने किसी की भी नहीं सुनी, यहाँ तक कि अपने गुरु की भी। आप कहेंगे कि आप लोभित नहीं होंगे, लेकिन यह आप अभी कह रहे हैं, जब आप अपनी वर्तमान स्थिति में है। एक बार जब आप इस स्थिति से निकलते हैं और कुछ चीजें देखते हैं, तो क्या आप बहक नहीं जायेंगे? इसलिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप सभी तेजी से आगे बढ़ सकें, आप में से कुछ को

देखने की अनुमति नहीं होगी। बहुत से लोगों को देखने की अनुमति है, हालांकि, सभी की स्थिति अलग-अलग होती है। हमारे बहुत से शिष्य ऐसे भी हैं जो फल पदवी प्राप्त करने की कगार पर हैं। वास्तव में, वे पहले से ही वहां पहुंच चुके हैं। बस इतना है कि उनके लिए कोई हिलने-डुलने की अनुमति नहीं है। लेकिन उन्हें बहुत सी बातें पता हैं। कुछ लोग मेरे साथ बातें करते हैं, वे मुझे देखते हैं और मेरे साथ संवाद करना चाहते हैं। यह स्थिति पहले नहीं हुआ करती थी, यह संभव नहीं था। यह दर्शाता है कि हमारे छात्र अपनी साधना में तेजी से सुधार कर रहे हैं।

शिष्य: मैंने कुछ शिष्यों को देखा है जो अकड़ दिखाते हैं जैसे कि वे और सभी से बेहतर हैं, और मैं बस उनसे दूर ही रहना चाहता हूं। क्या यह एक सामान्य स्थिति है या इसका अर्थ यह है कि मैं अपनी साधना में अच्छा नहीं कर रहा हूं?
गुरु जी: इसे केवल एक सामान्य स्थिति ही कही जा सकती है। कुछ लोगों को ऐसे मोहभाव होते हैं। हमारे कुछ शिष्य इसे तब सहन नहीं कर पाते हैं, जब वे कुछ लोगों की सोच में प्रकट होने वाले मोहभावों को महसूस करते हैं—और यह नए छात्रों में विशेष रूप से देखा जाता है, क्योंकि उनके विचार अधिक स्पष्ट होते हैं। इसका यह अर्थ नहीं है कि वे छात्र अच्छी तरह से साधना नहीं कर रहे हैं। यह उन मोहभावों के परिणामस्वरूप होता है जिन्हें अभी तक हटाया नहीं गया है जो प्रकट होते हैं। साधना ऐसे ही होती है। जब आप उन में कोई मोहभाव देखते हैं तो आप यह नहीं कह सकते हैं कि वह अच्छा व्यक्ति नहीं है। न ही आप यह कह सकते हैं कि उन्होनें उच्च स्तर पर साधना की है जब आप देखते हैं कि वह कुछ अच्छा कर रहा है। एक व्यक्ति का व्यापक रूप से मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

शिष्य: गुरु जी, "एक्सपाउंडिंग ऑन द फा" नामक लेख में आपने लिखा है कि "दुष्ट असुरों को अपने कर्मों से अपने अन्दर जगह देकर ..." यह "दुष्ट असुर" क्या हैं ?
गुरु जी: असुर क्या हैं? वे केवल असुर हैं। इस ब्रह्मांड में हमेशा से ही असुर रहे हैं। जिन असुरों के बारे में आप पूछ रहे हैं, वे मुख्य रूप से आसुरिक चीजें हैं जो किसी के नैतिक गुणों या विचारों में प्रकट होती हैं, और इसका अर्थ यह है कि व्यक्ति के अन्दर अभी भी आसुरिक प्रकृति है। यहां तक कि हमारे शिष्य कभी-कभी एक-दूसरे के लिए असुरों के रूप में कार्य कर सकते हैं। कभी-कभी एक व्यक्ति एक असुर के रूप में दूसरों के साथ हस्तक्षेप कर सकता है। लेकिन आप यह नहीं कह

सकते कि वह एक असुर है। आप केवल यह कह सकते हैं कि उन्होंने वह भूमिका निभाई है। शायद वह व्यक्ति काफी अच्छा है। वह अभी भी स्वयं की साधना कर रहा है, और केवल यह कि उस समय उसने कुछ उचित नहीं किया और इस तरह दूसरों के जीवन में एक असुर के रूप में काम किया। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिनके पास अपेक्षाकृत अधिक विचार कर्म होते हैं। "एक्सपाउंडिंग ऑन द फा" लेख में वर्णित असुर वे हैं जो फा को नुकसान पहुंचाते हैं और आपकी साधना को हानि पहुंचाते हैं। ऐसा नहीं है कि मैं ऐसे असुरों से आपकी रक्षा नहीं कर सकता। मैं आपको बता सकता हूं कि साधना के दौरान आने वाली हर चीज आपसे संबंधित है, इसलिए आपको [इससे गुजरते हुए] साधना करनी होगी।

शिष्य: जिस पक्ष ने फा को प्राप्त कर लिया है उसे फा को कैसे सुधारना चाहिए ?
गुरु जी: आप "एक्सपाउंडिंग ऑन द फा" लेख के बारे में पूछ रहे हैं। मैं यहाँ आपको इसके बारे में विस्तार से नहीं बताऊँगा। हालांकि आप "एक्सपाउंडिंग ऑन द फा" को जिस तरह चाहे समझे, वह उचित ही होगा। [अधिक से अधिक] इसे आप सीमित रूप से समझेंगे। वास्तव में, मैंने इसे केवल आपके मानवीय पक्ष के लिए नहीं लिखा था। बल्कि, मैंने इसे आपके उस पक्ष के लिए लिखा है जिसकी पूरी तरह से साधना हो चुकी है। तो जिस भी हद तक आप इसे समझ पाएं वह ठीक है।

शिष्य: शिनजियांग के शिष्य गुरु जी को देखने के लिए उत्सुक हैं।
गुरु जी: वे मुझे वहाँ आने के लिए कह रहे हैं। मैं आपकी भावनाओं को समझता हूं। आप सभी का धन्यवाद। कई क्षेत्रों के लोग चाहते हैं कि मैं आऊं। देखते हैं यदि उचित अवसर आता है।

शिष्य: मैं वास्तव में फा को फैलाने में मदद करना चाहता हूं, लेकिन कभी-कभी मुझे डर लगता है कि शायद मैं इसे सही तरीके से नहीं करता और गलती से दाफा को नुकसान पहुंचा सकता हूँ। मुझे इसे कैसे करना चाहिए ?
गुरु जी: फा सीखने के अपने स्वयं के अनुभवों के बारे में बात करें। फा के विषय में इस तरह से बात न करें जैसे कि यह शब्द आपके हैं—फा की अनुचित व्याख्या न करें। अपने स्वयं के अनुभवों के बारे में बात करें। यदि आप फा को नुकसान पहुंचाने से डरते हैं, तो आप इस बारे में बात कर सकते हैं कि आपने क्या अनुभव किया है और आप फा से क्या समझे हैं, और इस तरह की बातें। और फिर आप

निम्नलिखित जोड़ सकते हैं: “इस फा का अर्थ बहुत ही गहरा है। अभी, मैं जहां अपनी साधना में पहुंचा हूँ, वहां मैं इसे इस तरह समझ पाया हूँ।" ऐसा करने से फा को हानि नहीं पहुंचेगी। या फिर, आप उस व्यक्ति को गुरु के शब्द बता सकते हैं और उसे अपनी तरह से उन्हें समझने दें। इन तरीकों में से कोई भी फा को हानि नहीं पहुंचा सकता है। यदि आप दूसरों को मेरे शब्द ऐसे बताते हैं जैसे कि वे आपके थे, तो अनजाने में इसका बुरा प्रभाव होगा। कभी-कभी एक व्यक्ति अपनी स्वयं की धारणाओं को फा में जोड़ता है, यह कहते हुए कि इस वाक्य का अर्थ ऐसा है। यह बहुत ही बुरा होगा जब कोई स्वयं की समझ जोड़ता है। क्या वह फा की अनुचित व्याख्या नहीं कर रहा है? वास्तविकता यह है कि फा का प्रगाढ़, बहुत गहरा अर्थ है, और वह इसे बिलकुल भी नहीं समझ सकता है। आप केवल यह कह सकते हैं: "मैं फा का अब तक इतना ही अर्थ समझ पाया हूँ, लेकिन इसमें अभी भी उच्चतर, गहरे अर्थ हैं।" ऐसा ठीक होगा।

शिष्य*:* हमें निष्क्रियता *(*वुवेई*)* का पालन करने की आवश्यकता है और साधारण मानवीय मुद्दों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। साथ ही हमें हमेशा दूसरों की भलाई का ध्यान रखना चाहिए। हम इन दो चीजों को कैसे मिला सकते हैं *?*
गुरु जी**:** मेरे द्वारा सिखाये गए फा में एक सिद्धांत यह है कि सभी को अपने मन और मस्तिष्क की साधना करनी चाहिए, स्वयं को एक अच्छे व्यक्ति में बदलना चाहिए—एक बेहतर व्यक्ति—और यहां तक कि उच्च लोकों के मानदंडों को पूरा करना चाहिए। जब समस्याएं आती हैं, तो अपने भीतर कारणों की खोज करें। यदि आप उन सामाजिक घटनाओं में हस्तक्षेप करते हैं जिन्हें आप देखते हैं, तो आप चीजों को उचित तरीके से नहीं संभाल पायेंगे और गलतियाँ कर सकते हैं। इसलिए आपको ऐसा कम से कम करना चाहिए या बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। इस पर विचार करें: अतीत में भिक्षु इस जगत से दूर क्यों रहे? एक भिक्षु अपने कानों में रुई डाल लेते थे ताकि वह दिन भर कुछ भी न सुन सके, वे एक बात भी नहीं सुनना चाहते थे। और बोलने से बचने के लिए मुंह पर पट्टी बाँध लेते थे। उन्हें एहसास हो गया था कि सुनने से बुरी चीजें अन्दर आ जायेंगी। उन्हें लगता था कि इन सब से बुरे कर्म बढ़ जायेंगे।

क्या आप जानते हैं कि एक दुष्ट व्यक्ति क्या है? एक दुष्ट व्यक्ति को दुष्ट क्या बनाता है? यह है कि व्यक्ति का मन बहुत सारी बुरी चीजों से भरा है। उसने बहुत

सी बुरी बातें सीखी हैं, और उसका मन दुष्ट विचारों से भरा है। वह एक दुष्ट व्यक्ति है, भले ही यह दिखायी देता हो या न हो। और वे बुरी चीजें कहां से आयीं? क्या उन्होंने जो सुना उससे नहीं आयीं? [भिक्षु इस प्रकार सोचते हैं:] "मैं कुछ भी नहीं चाहता, मैं बुरी बातें नहीं सुनता। मैं जो देखता हूं उसे अनदेखा कर देता हूं और कुछ भी नहीं सुनता।" एक अच्छा मनुष्य क्या है? आप एक अच्छे मनुष्य हैं यदि आपका मन अच्छे विचारों से भरा है। यदि आपके मन में केवल अच्छे विचार हैं, तो आप जो करते हैं वह मानदंडों को पूरा करेगा। सभी व्यवहार एक व्यक्ति के मस्तिष्क द्वारा निर्देशित होते हैं, इसलिए आप जो करेंगे वह निश्चित रूप से अच्छी चीजें होंगी। यदि आप, एक साधक, हमेशा साधारण मानवीय मुद्दों में हस्तक्षेप करना पसंद करते हैं, तो आप भूल करेंगे क्योंकि आप पूर्व निर्धारित व्यवस्था नहीं देख सकते हैं। यदि यह आपके कार्यस्थल में कुछ ऐसा हो रहा है [जिसे आपको सुनने की आवश्यकता है], तो निश्चित रूप से आप इसे अनदेखा नहीं कर सकते। लेकिन यदि कुछ ऐसा है जहां साधारण समाज में आप किसी को मारते हुए या अपशब्द बोलते हुए देखते हैं, या आप कुछ लोगों को एक-दूसरे से लड़ते हुए देखते हैं, और आप अन्याय के विरुद्ध एक पक्ष का बचाव करते हैं, तो आपको उन बातों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए था। ऐसा क्यों है? इसके लिए पुलिसकर्मी और निर्धारित लोग हैं। आपका उनके बीच में पड़ना आपका हस्तक्षेप करने के समान है। इसके अतिरिक्त, जो आप करते हैं वह शायद उचित न हो। यदि पिछले जन्म में एक व्यक्ति की दूसरे व्यक्ति पर लात उधार है, तो उसने इस जन्म में उसका भुगतान कर दिया है। लेकिन यदि आप हस्तक्षेप करते हैं तो वह इसे वापस नहीं कर पायेगा। एक साधारण मानवीय दृष्टिकोण से, हां, आपने एक अच्छा काम किया है। लेकिन एक दिव्य के दृष्टिकोण से जिन्होनें इस कर्म ऋण का निपटान करने के लिए उस घटना को व्यवस्थित किया है, आपने एक बुरा काम किया है, क्योंकि एक साधक को साधारण मानवीय मानकों द्वारा मापा नहीं जा सकता है। मैं इस बात का उदाहरण इसलिए दे रहा हूं ताकि आप उन कार्यों को जानबूझकर न करें।

तो, आपको हमेशा दूसरों की भलाई का कैसे ध्यान रखना चाहिए? क्योंकि मैंने कहा है कि आपकी साधना को अधिकतम रूप से साधारण समाज के साथ-साथ लेकर चलना चाहिए, इसलिए आपको लोगों के साथ संपर्क बनाए रखना होगा। तो ऐसी चीजें होंगी जिनमें स्वार्थ शामिल होगा। मैं यह कहूंगा कि यह अच्छा नहीं है

यदि आप अभी भी स्वार्थी हैं, जो हर परिस्थिति में दूसरों से पहले अपने बारे में सोचता है। अंत में मैं कहूँगा कि, आपको अभी भी समाज में लोगों के साथ अपने संबंध बनाए रखने की आवश्यकता है। यदि आप कार्यस्थल पर चुपचाप बैठे रहते हैं, सबसे दूर-दूर, कुछ नहीं कर रहे है, तो मुझे लगता है कि आपका बॉस आपको काम से निकाल देगा। आपको अभी भी मानव समाज के जीने के तरीके का पालन करना होगा। आपको लोगों के साथ संपर्क बनाये रखना है, लोगों के प्रति दयालु होना है और कुछ भी करने से पहले दूसरों का विचार करना है। आज के समाज में, कुछ व्यापारी केवल दूसरों की जेब खाली करना चाहते हैं और तुरंत धनी बन जाना चाहते हैं। इस विषय में, मुझे लगता है कि यूरोप के कोकेशियान व्यवसायियों के मन की अवस्था अच्छी है। कोकेशियान व्यापारी अपने व्यापार को एक व्यवसाय और एक कर्तव्य मानता है, और वह अपनी पूरी क्षमता के साथ पूरी लगन से करता है। यहां तक कि यदि दिन में केवल एक ग्राहक आये तो भी वह बुरा नहीं समझता। वह सोचता है कि यह उसका काम है, यह जीवन का भाग है, कि वह कुछ कर रहा है, और यह ठीक है जब तक वह स्वयं या अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकता है और थोड़ा बचा सकता है। एक व्यक्ति को इस तरह होना चाहिए। आजकल, जल्दी धनी बनने के लिए लोगों की बहुत अधिक इच्छा है; यही मानसिकता उन्हें निर्देशित करती है। लोग बस एक-दूसरे को हानि पहुँचा रहे हैं, जैसे कि वे अपनी जेब भरने के लिए बाकी सब की धन से भरी जेब खाली करना चाहते हैं। लेकिन उस स्थिति में अन्य लोग क्या कर सकते हैं? वे दूसरों पर आने वाले कष्ट के बारे में क्यों नहीं सोचते हैं? वे दूसरों की थोड़ी सी भी परवाह किए बिना काम करते हैं। यह आज के समाज में पाए जाने वाले पतित मानव जाति की मानसिकता है। कुछ करते समय, इस बारे में सोचें कि क्या लोग इसे सहन कर सकते हैं—एक व्यक्ति को ऐसा होना चाहिए।

शिष्य: क्या आप कृपया हमें लेख "मध्य मार्ग लें " का अर्थ फिर से बताएंगे ?
गुरु जी: हमारे सभी छात्रों को यह जानना चाहिए कि आपको मानवीय भावनाओं और सोच के साथ फा को नहीं समझना चाहिए। सीधे शब्दों में कहें तो, यही बात है। उदाहरण के लिए, आज किसी ने मेरा साक्षात्कार लिया। उसने मुझसे पूछा, "तो क्या आप बता सकते हैं कि ब्रह्मांड का आंतरिक और बाह्य रूप कैसा है?" मैंने उनसे कहा, "आपने जिस अवधारणा का उल्लेख किया है वह मानवीय मानसिकता से उत्पन्न होती है। इस ब्रह्मांड में आपके द्वारा बताये गए इस

प्रकार के आंतरिक और बाह्य रूप नहीं होते हैं, ऐसी कोई अवधारणा नहीं है। आपने जो कहा वह मानवीय विचार और मानवीय मानसिकता की उपज थी।" जो मैं आपको बताने का प्रयास कर रहा हूं, वह यह है कि आपको अपनी मानवीय मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। यह कि, अपने दैनिक जीवन में या फा की अपनी समझ में, आपको वास्तव में मानवीय मानसिकता के साथ फा को समझते नहीं रहना जाना चाहिए, और आपको उन मानव पदार्थों के साथ फा की व्याख्या नहीं करनी चाहिए जिन्हें आप दृढ़ता से पकडे हुए हैं और छोड़ते नहीं हैं। "मध्य मार्ग लें" का सतही अर्थ है "बहुत अधिक न सोचें।"

शिष्य: गुरु जी, आपने कहा कि दिव्यलोक में महान बुद्धों के महान गुण वह हैं जो उन्होंने साधना से प्राप्त किये थे। लेकिन क्योंकि बुद्ध के दिव्यलोक में साधना करना कठिन है, तो क्या इसका अर्थ यह है कि उन सभी को साधना करने के लिए इस मानव जगत में लौटने की आवश्यकता है ?
गुरु जी: ब्रह्मांड में जीवों के दो स्रोत हैं: एक माता-पिता से पैदा होता है, और दूसरा ब्रह्मांड में पदार्थ की गति से उत्पन्न होता है। एक निश्चित स्तर में निर्मित होने वाले जीव की जागरूकता का स्तर केवल उस स्तर तक ही सीमित होता है। यह निचले स्तरों की किसी भी चीज से दूषित नहीं होता है और उन्हें निचले स्तरों के किसी भी मापदंड को पूरा करने की आवश्यकता नहीं होती है। यह उस स्तर के मानदंडों के अनुरूप होता है जिस क्षण इसे अस्तित्व में लाया जाता है। क्या उसे उस स्तर में नहीं रहना है? अन्य जीव भी हैं जो साधना के माध्यम से वहाँ पहुँचते हैं। यहाँ मैं साधना पर बल दे रहा हूँ क्योंकि आप साधक हैं। वास्तव में, साधना के माध्यम से वहां तक पहुंचने वाला अनुपात ब्रह्मांड में बहुत कम संख्या में होता है। उस स्तर के अधिकांश जीव उस स्तर में उत्पन्न होते हैं।

शिष्य: मैं फा फैलने के लिए कई छात्रों के उत्साह से बहुत प्रभावित हूं, लेकिन मैं अक्सर उदासीन रहता हूं। मन की इस स्थिति को बदलने के लिए मुझे क्या करना चाहिए ?
गुरु जी: मेरी इस प्रकार की कोई आवश्यकता नहीं है। मैंने यह नहीं कहा कि हमारे शिष्यों को फा को फैलाना चाहिए या दूसरों को फा पारित करना चाहिए। यदि किसी को इसके लिए उत्साह नहीं है या यदि वह इसे प्राप्त करने के बाद फा फैलाना नहीं चाहता है, तो ठीक है। आप ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं है और इसे

अनुचित नहीं माना जाता है। लेकिन हम यह जरूर कहेंगे कि आप, [दाफा] के एक शिष्य के रूप में, दूसरों को पीड़ित देखकर उन्हें फा के बारे में बताना चाहिए, क्योंकि आप में करुणा है। किसी भी प्रकार की धनराशि या किसी भी प्रकार की सहायता से आप उन्हें उतनी अच्छी सहायता नहीं कर सकते हैं जितना कि उन्हें फा के बारे में सूचित करने से, जो कि सबसे अच्छी बात है।

शिष्य: जब हम संगीत के साथ-साथ अभ्यास नहीं कर रहे होते हैं, तो क्या हमारे अभ्यास की गति परिणामों को प्रभावित करेगी ?
गुरु जी: यह बहुत तेजी से नहीं हो सकता है चाहे आप उन्हें कितनी भी जल्दी से करें, और यह उतनी धीमी गति से नहीं हो सकता है चाहे आप कितना भी धीरे-धीरे उन्हें करें। गति निर्धारित नहीं है। आप यंत्रों को मजबूत कर रहे हैं, इसलिए ऐसा नहीं है कि उन्हें बिलकुल मेरे जैसे ही करना है। लेकिन फिर भी, जब आप अभ्यास करते हैं, तो गति लगभग ऑडियो टेप रिकॉर्डिंग के जितनी होनी चाहिए। जब आप उन्हें एक समूह में करते हैं तो अभ्यास को समान रूप से और अच्छी तरह से एक ही लय में किया जाना चाहिए।

शिष्य: जब किसी का अमर शिशु उसके आकार का हो जाता है तो उसका बढ़ना बंद हो जाता है। फिर क्या बच्चों को साधना करने के लिए बड़े होने तक का इंतजार करने की जरूरत है ?
गुरु जी: मनुष्य की तुलना अमर शिशु से कैसे की जा सकती है? अमर शिशु का विकास साधना के माध्यम से किया जाता है। क्या कई बच्चे साधना नहीं कर रहे हैं?

शिष्य: अन्य लोगों के विचार अक्सर मेरे मस्तिष्क में प्रवेश कर लेते हैं। जब किसी को नींद आती है, तो मैं भी सोना चाहता हूं। जब वह क्रोधित होता है, तो मैं दुखी हो जाता हूं।
गुरु जी: यह एक ऐसी स्थिति है जो किसी के अभ्यास के दौरान होती है। यह कि, आपके छिद्र सभी खुल गए हैं और आप बाहरी संदेशों को अनुभव कर सकते हैं। यह एक अलौकिक क्षमता नहीं है। यह केवल साधना की प्रक्रिया में एक अवस्था है: जब कोई व्यक्ति अपने शरीर में कहीं दर्द से पीड़ित होता है, तो आप भी इसे महसूस करते हैं; जब कोई व्यक्ति कष्ट का अनुभव करता है, तो आप भी कष्ट

महसूस करते हैं; जब कोई खुश होता है, तो आप भी खुश हो जाते हैं। यह वास्तव में एक अवस्था है जो तब होती है जब आपका शरीर सभी ओर से खुल जाता है। लेकिन यह स्थिति जल्द ही गुजर जाएगी। आप जितनी तेजी से साधना में आगे बढ़ेंगे, उतनी ही तेजी से यह स्थिति गुजर जायेगी।

शिष्य: मैंने सुना है कि चीन में एक शिष्य था जो फा सीखने के कुछ ही समय बाद मर गया। उसने निधन से पहले दवा लेने से मना कर दिया था। जब एक व्यक्ति मृत्यु से भी नहीं डरता है तो वह ऐसे कैसे मर सकता है ?

गुरु जी: जब कोई रोगी दवा नहीं लेता है, तो आप देखकर ही बता सकते हैं कि क्या उसके मन में वह चाहता है कि मैं उसे ठीक करूं या फिर वह दृढ़ता से स्वयं को एक अभ्यासी मानता है। यदि एक साधारण व्यक्ति किसी घातक रोग से ग्रसित हो जाता है और दवा नहीं लेने पर बल देता है चाहे कुछ भी हो जाए, तो क्या उसकी मृत्यु हो जायेगी? उसकी मृत्यु हो जायेगी, है ना? उसकी मृत्यु का समय आ गया था, इसलिए उसकी मृत्यु हो जायेगी, क्योंकि वह एक साधारण व्यक्ति है। एक साधारण व्यक्ति के जीवन को ऐसे ही कैसे बढ़ाया जा सकता है? यह व्यक्ति दावा करता है कि उसने अभ्यास किया है। तो सोचिये, सभी: क्या फालुन गोंग का अभ्यास करना और पुस्तकें पढ़ना आपको एक दाफा शिष्य बना देता है? यदि आप परिश्रमी नहीं हैं और मैंने जिन आदर्शों को सिखाया है, उनके अनुसार वास्तव में अपना आचरण नहीं कर सकते, तो आप मेरे शिष्य कैसे हो सकते हैं? आप मेरे शिष्य हैं या नहीं यह इस बात पर निर्भर करता है कि क्या मैं आपको अपने शिष्य के रूप में मानता हूं। दूसरे शब्दों में, क्या आप एक शिष्य के मानक को पूरा करते हैं? यदि आप प्रतिदिन अन्य शारीरिक व्यायाम करने की तरह ही व्यायाम करते हैं, यदि आप पुस्तकों को बिना सोचे-समझे पढ़ते हैं, यदि आप परिश्रम से प्रगति नहीं करते हैं और पुस्तकों में दी गयी आवश्यकताओं के अनुसार कार्य नहीं करते हैं, तो क्या आप मेरे शिष्य हो सकते हैं? क्या आप अभी भी एक साधारण व्यक्ति नहीं हैं? मान लें कि एक साधारण व्यक्ति बीमार हो जाता है और जैसे कोई डूबने वाला तिनके का सहारा लेता है, उसे पता चलता है कि मैं किसी के रोग कर्म को हटा सकता हूं। क्योंकि इस अभ्यास प्रणाली में यह सोच है कि कर्म को हटाते समय कोई दवा नहीं लेनी है, उसने इस अनुचित धारणा के साथ अभ्यास किया कि यदि वह केवल अभ्यास करता है और दवा नहीं लेता है तो वह ठीक हो जाएगा

और मरेगा नहीं। न केवल वह एक साधारण व्यक्ति है, बल्कि उसे इतना गहरा मोहभाव भी है। वह कैसे नहीं मर सकता था?

दाफा पवित्र है, और साधना एक गंभीर विषय है। जिस व्यक्ति का जीवन समाप्त होने वाला है, उसे ऐसे ही कैसे बढ़ाया जा सकता है, या एक साधारण मानव को सरलता से फल पदवी प्राप्त करने और बुद्ध बनने की अनुमति कैसे दी जा सकती है? आपको अपने मन की साधना करनी चाहिए। यदि आपका मन मूलभूत परिवर्तन से गुजरने में विफल रहता है, तो इसका कोई अर्थ नहीं है। आप परीक्षा में उत्तीर्ण हुए नहीं माने जा सकते हैं, यदि आप ऊपरी तौर पर अच्छा कर रहे हैं, लेकिन आपके अंदर अभी भी थोड़ा सा मोहभाव रह गया है जिसे पहचानने में आप विफल रहे हैं। क्योंकि इससे अधिक कुछ भी गंभीर नहीं हो सकता है। मूल परिवर्तन सही अर्थ में होना जरूरी है। आप जानते हैं कि बहुत से लोग फालुन गोंग का अभ्यास करते हैं, और उनमें से काफी संख्या में कैंसर या अन्य घातक स्थितियों से ठीक हो गए हैं। मुझे आपको इस बारे में बताने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि हमारे सभी छात्र इस विषय में जानते हैं।

गंभीर रूप से बीमार लोग भी थे जो कैंसर या अन्य घातक बीमारियों से पीड़ित थे और फालुन गोंग का अभ्यास करने आए थे लेकिन उनकी भी मृत्यु हो गई। वैसा क्यों हुआ? जबकि व्यक्ति उपरी तौर पर फालुन गोंग का अभ्यास करता था लेकिन, उसके मन से उस बीमारी की बात नहीं गयी थी। कुछ लोग यह सोच सकते हैं: "वह अभ्यास करने के लिए काफी उत्सुक थे। उन्होंने हमें दवा न लेने के बारे में बताया, और उन्होंने हमें बीमारी से मोहभाव छोड़ने की सलाह भी दी। यहां तक कि उन्होंने दूसरों को भी फा सीखने में मदद की।" लेकिन जरूरी नहीं कि उसने स्वयं इसे छोड़ दिया हो; आपको नहीं पता कि उसके मन में क्या था। इससे पता चलता है कि यह कितना जटिल है। उसने दूसरों से कहा कि वे मोहभाव छोड़ दें यह जानते हुए कि गुरु जी उसे सुन सकते हैं। वह चाहता था कि गुरु जी इसे सुनें। इसे स्पष्ट रूप से कहा जाए तो, वह गुरु जी को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रहा था। उसका वास्तविक आशय था: "गुरु जी निश्चित रूप से उन सभी के बदले में मेरा ध्यान रखेंगे जो मैंने किया है। मैं पुस्तकें पढ़ रहा हूं, अभ्यास कर रहा हूं, और दूसरों को साधना करने के लिए कह रहा हूं, इसलिए गुरु जी निश्चित रूप से मुझे ठीक करेंगे।" आप देखेंगे कि ऊपरी तौर पर उसने दवा लेना बंद कर दिया, उन शब्दों को

कहा, और अभ्यास की मेरी आवश्यकताओं के अनुसार काम किया। लेकिन मूल रूप से देखें तो, वह वास्तव में एक साधक के मानक को पूरा नहीं कर रहा था। वह अभी भी सोच रहा था, "जब तक मैं ऐसा करता हूं, गुरु जी मुझे निश्चित रूप से ठीक करेंगे।" वह अभी भी वैसा ही सोच रहा था। गुरु जी उसे ठीक कर देंगे इस इच्छा को क्या उसने जड़ से निकाल दिया था? क्या वह इच्छा अभी भी उसके मन में दबी और छिपी हुई नहीं थी? तो फिर, क्या वह किसी को मूर्ख बनाने की कोशिश नहीं कर रहा था? क्या वह मुझे मूर्ख बना रहा था? वह केवल स्वयं को मूर्ख बना रहा था, वास्तव में। यही सच है। तो फिर, उसे कैसे ठीक किया जा सकता है?

फिर भी, हम अक्सर ऐसे लोगों को अवसर देते हैं जो गंभीर रूप से बीमार हैं, और हम चीजों को विलंबित करते रहते हैं। अस्पताल की मृत्यु का दिन कब का बीत चुका होगा। एक लंबा समय बीत चुका होगा—शायद आधा वर्ष, एक वर्ष या कई वर्ष। हम उस व्यक्ति को अवसर देते रहते हैं और उस मोहभाव को छोड़ने का उसका इंतजार करते हैं। लेकिन वह बस उसे नहीं छोड़ता। हालाँकि वह कुछ भी नहीं कहता, लेकिन उसका मन अक्सर विचारों से अशांत रहता है: “जब से मैं फालुन गोंग का अभ्यास कर रहा हूं, मेरी बीमारी शायद दूर हो गई है। क्योंकि मैं फालुन गोंग का अभ्यास कर रहा हूं, शायद यह ठीक हो जाएगा।” वह वास्तव में स्वयं को एक ऐसे साधक शिष्य के रूप में नहीं मान सकता, जिसका रोग के विषय में कोई विचार न हो। मैंने कहा है कि मुझे आपसे कोई आवश्यकता नहीं है। सब कुछ अप्रतिबंधित है, केवल आपका मन मायने रखता है। यदि मैं आपके मन को भी न देखूं, तो क्या मैं आपको बचा सकता हूँ? चाहे कोई व्यक्ति किसी भी साधना का अभ्यास करता हो, उसे अपने मन को परिवर्तित करना होगा। अंतर यह है कि हमारी साधना प्रणाली का उद्‌देश्य सीधे किसी के मन के साथ है।

शिष्य: जितना अधिक मैं फा का अध्ययन करता हूं, उतना ही मुझे एहसास होता है कि फा की शक्ति असीम है, कि असीमता के भीतर सब कुछ शामिल है, और इसका कोई अंत नहीं है। गुरु जी, क्या आप मुझे बताएंगे कि ऐसा क्यों है ?
गुरु जी: "सब कुछ असीमता के भीतर समाहित है"—यह एक प्रकार का परीक्षण भी है। जैसे ही आपको अनुभव होता कि फल पदवी निकट आ रही है, तो आपको वह अनुभूति नहीं होगी। आपकी जो अनुभूति है वह बहुत अच्छी है। चाहे आपकी जो भी अनुभूति हो, फिर भी, इस पर बहुत अधिक ध्यान न दें। कभी-कभी एक

व्यक्ति का स्तर तेजी से बढ़ सकता है जब उसका सुधार होता है। लेकिन शरीर के उस भाग पर पहुंचने पर जो तीन लोकों के भीतर है, तो एक भी कदम आगे बढ़ना अविश्वसनीय रूप से कठिन हो जाता है। यह इतना कठिन है कि आप अपनी मानवीय मानसिकता छोड़ने के लिए बस तैयार ही नहीं होते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है जो मैंने देखी है।

शिष्य: गुरु जी, आपने अक्सर कहा है कि समय कम है। इसके साथ, आपने यह भी कहा है कि दाफा लंबे समय तक साधारण लोगों के बीच दूर-दूर तक फैलते रहेगा। क्या यह विरोधाभास है ?
गुरु जी: मैं वास्तव में कह रहा हूं कि समय कम है। मैंने कहा है कि मैं केवल लोगों को बचा नहीं रहा हूं। आपके फल पदवी प्राप्त करने के बाद, मुझे अभी भी अन्य चीजें करनी हैं, जिनके विषय में मैं आपको नहीं बता सकता। मैं मानव जगत में बहुत लंबे समय तक फा को नहीं सिखा सकता। यदि मैं कहता हूं कि समय कम है, तो आपको बस अपनी साधना में तेजी लानी चाहिए। मेरे शब्दों की अनुचित व्याख्या न करें और प्रलय की बात जो वे दुष्ट धर्म अभी करते हैं उनसे ना जोड़े। साधना का समय वास्तव में काफी कम है। कोई प्रलय नहीं आएगा, लेकिन साधना के अंत की एक समय सीमा है। एक बार सच्चाई सामने आने के बाद सब कुछ समाप्त हो जाएगा, और आपको साधना करते रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन, मानव जाति का अस्तित्व हमेशा रहेगा। साधना हमेशा के लिए अस्तित्व में रहेगी, हालांकि यह भविष्य के साधना का रूप धारण करेगी।

शिष्य: साधारण लोगों के समाज में रहते हुए, यदि कोई व्यक्ति मन लगाकर काम करता है, वह अपनी नौकरी और परिवार के प्रति जिम्मेदार है, और बिल्कुल भी लापरवाह नहीं है, तो क्या उसे मोहभाव माना जाएगा ?
गुरु जी: मैं यह नहीं कह सकता कि आपने जो कहा वह अनुचित है, लेकिन साथ ही मैं आपके शब्दों में गहरे मानव तत्वों के होने से इनकार नहीं कर सकता। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब आप इन चीजों को साधारण समाज में अच्छी तरह से करने की कोशिश करते हैं, तो बुद्ध की सोच के साथ यह करना संभव नहीं है। इस तरीके से आप कुछ नहीं कर पाएंगे। इसलिए आपके पास अभी भी मनुष्य के सोचने का तरीका है। विभिन्न स्तरों पर भिन्न-भिन्न स्थितियां होती हैं। यह इसकी मात्र एक अभिव्यक्ति है।

शिष्य: मेरे अमेरिकी दोस्तों की शिकायत है कि ज़ुआन फालुन के अंग्रेजी संस्करण को समझना कठिन है। क्या आप हमें अमेरिकियों में दाफा की संभावनाएं बता सकते हैं?
गुरु जी: मैं आपको बताना चाहता हूं, ऐसा नहीं है कि अंग्रेजी संस्करण को समझना कठिन है। मैं कहूंगा कि अंग्रेजी संस्करणों का अच्छी तरह से अनुवाद किया गया था—जो अमेरिकी में निकला था, विशेष रूप से समझने में सरल है। इस दाफा में बहुत अंतर्निहित अर्थ है। वे अमेरिकी जो थोड़े सरल स्वभाव के हैं, उन्हें समझना कठिन लगता है। कुछ चीजें वास्तव में युवा लोगों के लिए समझना कठिन है, जो गहराई से सोचने के लिए उत्सुक नहीं हैं। यहाँ बैठे हुए आप में से कौन यह कह सकता है कि आप सरलता से ज़ुआन फालुन में सब कुछ समझ गए हैं? आप सभी को लगता है कि आप जितना अधिक इसका अध्ययन करते हैं, यह उतना ही कठिन होता जाता है। आप जानते हैं कि भिक्षु शुआनझांग ने भारत से बौद्ध धर्मग्रंथों को प्राप्त करने के लिए ग्यारह वर्षों तक पैदल यात्रा की। वह सभी प्रकार की परीक्षाओं और विपत्तियों से गुज़रे, और उनके लौटने पर उन्हे स्वयं अनुवाद करना पड़ा। आज, दाफा को आपके सामने रखा गया है, फिर भी आपको यह कठिन लगता है। यदि आपको नहीं लगता कि अनुवाद ठीक है, तो आप भी अनुवाद कर सकते हैं—इससे भी अच्छा।

चीन में, हमने कुछ छात्रों को पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद करने के लिए संगठित किया। इसमें उन्हें दो वर्ष लगे। वे हमेशा आपस में बहस करते थे क्योंकि वे मूल पाठ से किसी भी तरह के बदलाव के बिना अंग्रेजी पाठकों के लिए अनुवाद करना चाहते थे। उन्होंने बड़ी चुनौतियों को पार किया। आपको यह तैयार मिल गया और फिर भी आपको यह कठिन लगता है। यदि कुछ [पुस्तक में] आपके लिए वास्तव में अनिश्चित है, तो आप इसकी तुलना चीन में अनुवादित संस्करण के साथ कर सकते हैं। बोस्टन में एक रूसी शिष्य है। कल जब वह बोल रहे थे तो मैं उनकी बात सुन रहा था। सभी ने पाया कि चीनी सीखने की उनकी प्रक्रिया असाधारण थी। उस तरह के कई मामले सामने आए हैं। यदि आप अपना मन इसमें लगाते हैं, तो मुझे लगता है कि आप सभी उसके जैसे हो सकते हैं।

अमेरिकियों में दाफा की संभावनाओं की बात करें तो, मैं आपको बता दूं कि हर घटना, हर जीवन और इस ब्रह्मांड में की गई हर चीज के लिए, शुरू से अंत तक इनका भविष्य देखा जा सकता है। केवल मेरे इस दायित्व के भविष्य को नहीं देखा जा सकता है। इससे पहले कि मैं इसे करने के लिए तैयार हुआ, इसका कोई भी भविष्य नहीं था। भविष्य की बात करें तो, यदि आज का मानव समाज इसी तरह चलता रहा, तो लोग असुरों की तरह बेहद दुष्ट बन जाएंगे। बेशक, जब लोग बुरे होते हैं, तो हिंसक संघर्ष के साथ-साथ प्राकृतिक और मानव-निर्मित आपदाएं बढ़ जाती हैं। लोग एक-दूसरे को मारते हैं और लड़ते हैं, और बुरे कर्म की लहर आ जाती है। ऐसे में क्या हो होगा? यह सच में भयानक है। साधना की बात करें तो, तब, अमेरिकी में दाफा की संभावनाएं इस बात पर निर्भर करती है कि अमेरिकी कितनी अच्छी तरह से फा को अपनाते हैं।

शिष्य: कुछ अमेरिकी सोचते हैं कि दाफा के कुछ भाग अन्य संबंधित चीगोंग पद्धतियों का विरोध करते हैं। यह अक्सर कुछ समस्याएं पैदा करता है।
गुरु जी: मैं आपको बता दूं, एक इतना महान फा सिखाया गया है। केवल इस पुस्तक में ही, विभिन्न लोगों पर कई परीक्षण व्यवस्थित किए गए हैं, यह देखने के लिए कि उनके मन कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। दाफा को सरलता से नहीं पाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, पंथों की विविधता और झूठे चीगोंग इन दिनों बड़ी संख्या में हैं, और वे लोगों को भटकाते हैं। बहुत से लोग जो साधना करने में सक्षम हैं, उनमें खींचे जाते हैं, और उनमें से कुछ आत्महत्या कर लेते हैं—यह सब गड़बड़ है। मैंने कहा कि मैं केवल लोगों को नहीं बचा रहा हूं। यदि मैंने इन बुरी चीज़ों को इंगित नहीं किया, यदि मैंने आपको यह नहीं बताया कि वे दुष्ट हैं, तो आप अपनी साधना पर ध्यान भटके बिना कैसे केंद्रित रह सकते हैं, और मैं "कोई दूसरी साधना नहीं" के महत्वपूर्ण मुद्दे को कैसे संबोधित कर सकता? दाफा को सरलता से नहीं पाया जा सकता है। शायद कोई व्यक्ति उन चीजों से जुड़ा हुआ है और इसलिए बाधित होता है और वह फा प्राप्त नहीं करना चाहता है। यदि वह फा को प्राप्त नहीं करना चाहता है, तो उसे छोड़ दें, क्योंकि यदि वह मोहभाव को नहीं छोड़ता है और केवल एक ही मार्ग का अभ्यास नहीं करता है, तो वह फल पदवी प्राप्त करने में सक्षम नहीं होगा और दाफा को हानि पहुंचाएगा। यह उसकी व्यक्तिगत भावनाएं हैं जो उसे फा प्राप्त करने से रोकती हैं। दाफा पवित्र है। सब कोई फा प्राप्त नहीं कर सकता है। हम फा को व्यापक रूप से फैला सकते हैं और उन सभी लोगों को

सम्मिलित कर सकते हैं जो पूर्वनिर्धारित हैं या अभी भी फा को प्राप्त करने में सक्षम हैं। लेकिन वास्तव में ऐसे बहुत से लोग हैं जो बस फा प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उन्हें अब इसे देखने की अनुमति नहीं है, इसलिए वे संभवतः बाधित हैं। यदि कोई व्यक्ति बाधित नहीं होता है, तो अभी भी फा प्राप्त करने की शायद संभावना है।

शिष्य: गुरू जी की कई तस्वीरों में मुद्राएं भिन्न हैं जिन्हें आधिकारिक तौर पर प्रकाशित किया गया है। क्या आप हमें उनके अर्थ बता सकते हैं ?
गुरु जी: इस सम्मेलन में लगाई गयी तस्वीर के अलावा, कोई ऐसी मुद्राओं वाली तस्वीर नहीं है जो प्रकाशित की गयी हो। मुद्राएं काफी जटिल होती हैं। वे इन सभी शब्दों की तरह हैं जिनके द्वारा मैं आपको आज फा सिखा रहा हूं। मुद्रा की क्रियाएं एक भाषा है। श्रृंखला में किये जाने पर यह फा का एक अनुच्छेद होती हैं । यदि यह कुछ ऐसा था जो मैं आपको शब्दों के साथ बता सकता था, तो मैं आज आपके लिए मुद्राएँ नहीं बनाता। मैं उनका उपयोग करता हूं क्योंकि ऐसा विषय शब्दों में नहीं बताया जा सकता। आप सोचते हैं कि मैंने आज जो कहा है वह भव्य है, मुझे विश्वास है कि आप ऐसा सोचते हैं। लेकिन आपको इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि इससे भी अधिक और कितनी भव्य मुद्राएं हैं: वे सच्चाई का चित्रण करती हैं। यदि आप उन्हें समझ सकते हैं, बहुत अच्छा है, और यदि नहीं, तो भी ठीक है।

शिष्य: मुझे लगता है कि हमारे लिए पश्चिमी समाज में आने की व्यवस्था की गई थी ताकि हम फा को फैला सकें, और हम उचित समय पर पूर्व में लौट आएंगे। क्या ऐसा ही है ?
गुरु जी: यदि आप मुझसे पूछ रहे हैं कि आप पश्चिम में बसने क्यों गए, तो मैं आपको नहीं बता सकता। आप आजकल जहां चाहे वहां जा सकते हैं। यदि आप कह रहे हैं कि आप फल पदवी प्राप्त करने के बाद पूर्व में लौट आएंगे, तो यदि आप उस समय पर फल पदवी प्राप्त कर चुके हैं तो आप पृथ्वी पर क्या कर रहे होंगे?

शिष्य: एक ऐसा व्यक्ति है जिसकी ट्रांसप्लांट की गई किडनी असफल होने पर निकाल दी गई थी। उसे फालुन गोंग सीखने का अवसर मिला और वह अपने दैनिक जीवन में लगन से अपने नैतिक गुण की साधना कर रहा है, इस आशा से

कि वह इस जीवनकाल में फल पदवी प्राप्त करने में सक्षम हो। क्या उसके पास कोई अवसर है ?

गुरु जी: मैंने कहा है कि आप में से कई ने ऑपरेशन के बारे में पूछा है और यह कि क्या आप शरीर के कुछ अंगों के बिना भी साधना कर सकते हैं। तथ्य यह है कि, इस मानव आयाम में एक ऑपरेशन किया जाता है और जो अन्य आयामों में शरीरों को बिलकुल भी नहीं छू सकता है। तो जो कुछ भी निकाला जाता है वह केवल इस सतही आयाम में होता है। शरीर के सत्व को नहीं छुआ जा सकता। दूसरे शब्दों में, वहाँ के शरीर यथावत हैं। लेकिन आप साधना करने के लिए यहाँ के इस शरीर पर निर्भर हैं। यदि आप वास्तव में साधना के आदर्श को पूरा कर सकते हैं, तो कोई भी चमत्कार आपको प्रदान किया जा सकता है। और यदि आप मानदंडों को पूरा नहीं कर सकते हैं, तो आपको कुछ भी नहीं दिया जा सकता है। साधना एक गंभीर मामला है।

शिष्य: यदि कोई व्यक्ति किसी चीज़ का ज्ञानप्राप्त करता है, लेकिन उसके अनुसार आचरण नहीं करता है, तो क्या उस व्यक्ति को अभी भी इस विषय पर ज्ञानप्राप्त नहीं किया माना जाता है?

गुरु जी: यदि कोई किसी चीज़ का ज्ञानप्राप्त करता है, लेकिन वह अच्छी तरह से आचरण नहीं करता है, तो वह "पूरी तरह से जानते हुए भी अनुचित कार्य करता है।" ऐसा नहीं है कि उसे इसका ज्ञानप्राप्त नहीं हुआ। खैर, मैं केवल उपहास कर रहा था। मैं कहूंगा कि आप में से कई लोग सिद्धांतों को पूरी तरह से अच्छी तरह समझते हैं, लेकिन जब एक परीक्षा का सामना करना पड़ता है, तो आप अभी भी मोहभाव को छोड़ नहीं पाते हैं। क्या यह ऐसा नहीं है? क्या यह ठीक है? (सब कोई उत्तर देता है, "हाँ।") क्या कारण है? कुछ लोगों ने अपने अभिमान की रक्षा करने के लिए ऐसा आचरण किया है, और कुछ अपनी भावनाओं को छोड़ नहीं पाए हैं, है न? इसलिए उन्होंने जानकर भूल की है। अब आप एक साधक हैं, इसलिए आप हमेशा जानकर अनुचित कार्य नहीं कर सकते। आपको कभी तो परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

शिष्य: क्या स्थिर पानी में जेन, शान, रेन हो सकता है ?

गुरु जी: ब्रह्मांड जेन, शान, रेन के गुणों से बना है। इसकी अवधारणा पर ध्यान न दें। यह एक निश्चित अवधारणा के ढांचे के भीतर एक तरह होता है और दूसरे के

भीतर दूसरा। न तो व्यक्तिगत लाभ और न ही ज्ञान का पीछा साधना के लिए आपका उद्देश्य होना चाहिए। यह काम नहीं करेगा। आपको साधना पर ध्यान देना चाहिए।

शिष्य: यदि कोई अरहत के स्तर से आगे साधना करना चाहता है, तो क्या उसे सभी जीवों को बचाने की इच्छा व्यक्त करनी होगी? क्या यह सच है कि यदि कोई ऐसी इच्छा नहीं करता है तो वह केवल एक निम्न स्तर ही प्राप्त कर पायेगा ?
गुरु जी: मैंने इस ओर आपकी सोच का मार्गदर्शन नहीं किया है। मैंने यह सब नहीं कहा। आपने किस धर्म से यह सुना? "इच्छा" से आपका क्या अभिप्राय है? मैं आपको बता दूं कि यह सब मानवीय भावनाओं की उपज है। क्योंकि आपने यह बात उठाई है, तो, मैं इस बारे में बात करूंगा कि बौद्ध शिष्य ऐसा क्यों कहते हैं। क्या इच्छाएं करना जिसके विषय में आज बौद्ध धर्म में बात होती है मानव-चालित कार्य नहीं है? क्या यह वास्तव में उद्देश्यपूर्ण कार्य और पीछे पड़ जाने के मोहभाव नहीं है? बौद्ध धर्म में वे सभी जीवों को बचाने की इच्छा करने की बात करते हैं। उन्हें लगता है कि यदि वे सभी जीवों को बचाने की इच्छा करते हैं, तो उन्हें बुद्ध बनाया जाएगा। क्या यह उपहास नहीं है? कई कठिनाइयों को झेलकर और उस ऊंचे आयाम को प्राप्त करके ही कोई उस स्तर तक पहुंचने के लिए सही अर्थ में साधना करके ही बुद्ध बन सकता है। बौद्ध शिष्य अब सभी जीवों को बचाना चाहते हैं। वे उच्च स्तर तक साधना किए बिना सभी जीवों को कैसे बचा सकते हैं? वास्तव में, कई बौद्ध शिष्य उस कथन के साथ भावना के कई मोहभाव और दिखावा करने का मनोभाव जोड़ देते हैं। मेरे शब्द किसी व्यक्ति के मन को तुरंत चुभ सकते हैं। मनुष्यजाति बुद्ध के स्तर पर "सभी जीवों को बचाने" का अर्थ कैसे समझ सकती है? जब लोग इन दिनों सभी जीवों को बचाने के विषय में बात करते हैं, तो क्या यह वास्तव में दिखावा करने की उनकी मानसिकता का प्रदर्शन और एक जटिल मोहभाव नहीं है जो इच्छाभरी सोच से उत्पन्न होता है? यह भविष्य में दिखावा करने की सोच के साथ मिश्रित होकर, मनुष्यजाति के प्रति मोहभाव और भावनाओं से प्रेरित होता है। क्या एक बौद्ध शिष्य इस अंतिम युग के दौरान इतने महान और पवित्र स्तर पर हो सकता है? यह संभव नहीं है।

इसके अतिरिक्त, सभी जीवों को बचाने के विषय में ऐसे ही बात नहीं की जा सकती है या यह किया नहीं जा सकता है। मनुष्य यह कैसे जान सकते हैं कि

शाक्यमुनि के इस जगत में आने से पहले उन्हें कई बुद्ध, ताओ और दिव्यों से अनुमति लेनी पड़ी थी, साथ ही कई और उच्चतर स्तरों के बुद्ध, ताओ और दिव्यों से भी? यदि यह एक विशेष उद्देश्य के लिए नहीं होता है तो कौन नीचे आने का साहस करेगा? नीचे आना वैसा ही है जैसे नीचे गिरना। लौटने के लिए साधना करने की आवश्यकता होती है, इसलिए नीचे आने का साहस कौन करता है? और इसके अतिरिक्त, किसी को ऐसे ही अपनी इच्छा से तीन लोकों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया जाता है। कोई यह सोच सकता है कि वह मनुष्यजाति से दूषित नहीं होगा। लेकिन यदि कोई मल के गड्ढे में कूदता है तो क्या वह दूषित नहीं होगा? वह निश्चित रूप से दूषित होगा, है ना? तो यह इच्छा से नहीं किया जा सकता है। मूल रूप से वे शब्द पवित्र धार्मिक कथन थे; वे बौद्ध स्कूल के शब्द हैं, जो दिव्यों द्वारा बोले जाते हैं और साधना में उपयोग किए जाते हैं। अब, हालाँकि, साधारण लोग उन्हें ऐसे ही अपनाकर लापरवाही से बोलने लगे हैं। साधारण लोग उनका उपयोग ऐसे करते हैं जैसे वे वास्तव में मूल्यहीन हों, और उनकी पवित्र समझ खो गई है।

एक और बात है, एक अरहत सभी जीवों को बचाने का आशय नहीं रखते है। क्यों नहीं? एक अरहत एक आत्म-जागृत ज्ञानप्राप्त जीव होता है—इसे अरहत कहते हैं। एक आत्म-जागृत ज्ञानप्राप्त जीव कौन होता है? एक आत्म-जागृत ज्ञानप्राप्त जीव ने केवल स्वयं की साधना की है और तीन लोकों से ऊपर फल पदवी प्राप्त की है। उसे सफल और मुक्त हुआ माना जाता है, इसलिए वह दूसरों को बचाने की इच्छा या उद्देश्य नहीं रखता है। एक बोधिसत्व, हालांकि, जीवों को बचाने के अपने प्रयास में एक बुद्ध की सहायता करती है। यह समझा जाता है कि बोधिसत्व लोगों को बचा कर अपने दिव्यलोक में ले जाती हैं, लेकिन उनका अपना दिव्यलोक नहीं होता है—वह बुद्ध के दिव्यलोक में रहती हैं। वह स्वतंत्र रूप से लोगों को बचा सकती है या नहीं, यह बुद्ध की इच्छा पर निर्भर करता है कि वे उन्हें स्वीकार करें या नहीं। क्या यह सच नहीं है? स्थिति यह है कि यदि बुद्ध लोगों को बचाना चाहते हैं, तो वह उन विशिष्ट कार्यों को पूरा करने में मदद करेगी जो जरूरी हैं। यही संबंध है।

शिष्य: क्या यह सच है कि मुझे केवल अपने मोहभावों को छोड़ देने की पूरी कोशिश करने की आवश्यकता है, लेकिन यह कि उन्हें हटा दिया गया है या नहीं, यह गुरु जी के हाथ में है ।
गुरु जी: तो क्या वह मैं नहीं हूँ जो साधना कर रहा है? यह प्रक्रिया वैसी ही है जैसे कि आपने वर्णित की है, लेकिन समझ कुछ ठीक नहीं है। वास्तव में, आप उन मानदंडों को पूरा कर चुके होते हैं जब आप अपनी समस्या की पहचान कर लेते हैं और उन मोहभावों की सही पहचान कर लेते हैं जो आपके पास नहीं होने चाहिए। गुरु जी स्वाभाविक रूप से आपके लिए सतह से संबंधित चीजों को हटा देंगे। फिर, इसे वास्तव में गुरु जी द्वारा किया गया नहीं माना जायेगा, क्योंकि यह आपकी स्वयं की साधना से उपजा है।

शिष्य: हमें विशाल करुणा और वुवेई *(निष्क्रियता)* को कैसे संतुलित करना चाहिए?
गुरु जी: अरहत या बोधिसत्व के आयाम में, मानवीय भावनाओं (चिंग) को विशाल करुणा द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है। मनुष्य भावना के लिए जीते हैं। अर्थात्, मनुष्य भावनाओं में डूबे हुए हैं और उनके लिए इन्हें छोड़ना कठिन है। एक व्यक्ति स्वयं को भावना से मुक्त किए बिना साधना और प्रगति नहीं कर सकता। वुवेई की बात करें तो, यह साधना में आवश्यक है। वह स्थिति किसी ऐसे व्यक्ति में भी पायी जाती है जिसने ब्रह्मांड में एक उच्च स्तर प्राप्त किया है: वह सब कुछ जानता है, लेकिन कुछ भी नहीं करना चाहता है, हालांकि वह कुछ भी करने में सक्षम है, ऐसे जैसे कि वह खिलौनों के साथ खेलने से भी सरल हो। मान लीजिये कि आप एक कॉलेज छात्र हैं और बेहद बुद्धिमान हैं। यदि आपके सामने कुछ साधारण लकड़ी के ब्लॉक रखे जाते हैं और आपको उन्हें इधर-उधर हटाने या उनके साथ खेलने के लिए कहा जाता है, तो क्या आप यह करना चाहेंगे? आप नहीं करेंगे। सब कुछ एक दृष्टि में स्पष्ट हो जाएगा। वे केवल कुछ लकड़ी के ब्लॉक हैं, उनके साथ क्यों खेलें? आप छूना भी नहीं चाहेंगे। वूवेई को साधना में जोर दिया जाता है ताकि आपको अधिक कर्म निर्मित करने से रोका जा सके। आप विशाल करुणा के आयाम में होंगे यदि आप स्वयं को भावनाओं से मुक्त करते हैं और वुवेई के स्तर को प्राप्त करते हैं।

शिष्य: मैं एक सामान्य-रुचि पत्रिका के लिए अंशकालिक संपादक हूं। फा को फैलाने के लिए, हम ज़ुआन फालुन और आप के अन्य लेखों को प्रकाशित करने का आशय रखते हैं। क्योंकि जगह सीमित होती है, तो, हम केवल कुछ अध्यायों और अनुभागों को ही चुन सकते हैं।
गुरु जी: यह एक अच्छा विचार नहीं है। एक कारण यह है, क्योंकि आपकी पत्रिका कई प्रकार के विषय समाविष्ट करती है, इसलिए इसमें फा डालना उचित नहीं होगा। साथ ही, जैसे कि आपने चयन करने की बात की, वास्तव में संदर्भ के बाहर उद्धरण करने के समान होगा। और लोगों को समझ पाना कठिन होगा, और संभवत: उन तथाकथित "साहित्यकारों" द्वारा उन्हें कुछ मानवीय बातों के रूप में समझा जाएगा। इसलिए इस तरह के कार्य न करें और यह सुनिश्चित करें कि संदर्भ से बाहर उद्धरण न हों।

शिष्य: गुरु जी, आपने कहा कि एक अनुभवी छात्र का अभ्यास करने के लिए अभ्यास स्थलों पर न जाना सामान्य है। क्या गुरु जी का उन्हें ऐसी परिस्थिति में साधना करने के लिए प्रोत्साहित न करना ठीक है ?
गुरु जी: यह उतना सरल नहीं है जितना आप सोचते हैं। क्या आप जानते हैं कि आपको बचाने के दौरान मुझे आपकी इन स्थितियों पर भी विचार करने की आवश्यकता होती है? जब आप किसी ऐसे व्यक्ति को वहां जाने के लिए कहते हैं जो एक भिन्न आयाम और स्थिति में है, तो आप नहीं जानते कि वह असहज अनुभव करता है। आप जो कहते हैं और करते हैं, उससे उसे बहुत चिढ़ आती है। इस तरह के मामले होते हैं। यदि कोई व्यक्ति उस स्थिति में नहीं है और बस बाहर नहीं आना चाहता है, तो फिर, मैं कहूंगा कि उसे अपने दृष्टिकोण को ठीक करने की आवश्यकता है। व्यायाम करने के लिए आने से आपको लाभ होता है। यदि आपके पास वास्तव में काम के कारण समय नहीं है, तो यह समझा जा सकता है, और फिर यह आपके ऊपर निर्भर करता है।

बल्कि, चीन में ऐसे उदाहरण हैं जहां वे सुबह और शाम दोनों समय अभ्यास करने के लिए बाहर जाते हैं। वे दिन में दो बार साथ-साथ व्यायाम करने के लिए सुबह चार बजे और शाम को छह बजे रात के खाने के बाद बाहर आते हैं। वे पाते हैं कि इस तरह अभ्यास करना उत्कृष्ट है। फिर भी दूसरे देशों के कई स्थानों के लोग विभिन्न प्रकार के बहाने बनाकर इस तरह से अभ्यास नहीं कर रहे हैं। मैं आपको

बता दूं कि यदि आप मेरे सिखाये हुए अभ्यास प्रणाली के अनुसार चलते हैं, तो यह गारंटी है कि कोई हानि नहीं होगी, केवल लाभ ही होगा। आप दावा करते हैं कि आप बहुत व्यस्त हैं और आपके पास समय नहीं है। वास्तव में, आपको डर है कि आपको पर्याप्त विश्राम नहीं मिलेगा। क्या आपने कभी यह सोचा है कि साधना विश्राम का सबसे अच्छा तरीका है? आप उस प्रकार का विश्राम प्राप्त कर सकते हैं जो नींद के माध्यम से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। कोई भी नहीं कह सकता: "अभ्यास ने मुझे इतना थका दिया है कि मैं आज कुछ भी नहीं कर पा रहा।" कोई भी यही कहेगा कि: "अभ्यास मेरे पूरे शरीर को विश्राम और आराम देता है। मुझे एक रात की नींद नहीं मिलने पर भी नींद नहीं आती। मैं ऊर्जा से भरा हुआ अनुभव करता हूं। मैं सारे दिन के काम के बाद भी पूरी तरह से ठीक अनुभव करता हूं।" क्या ऐसा नहीं है? इसलिए यदि कोई ऐसा व्यक्ति है जो अभ्यास करने के लिए बाहर नहीं निकलता है, वह कहता है कि उसके पास कोई समय नहीं है या किसी अन्य बहाने का उपयोग करता है, तो मैं कहूंगा कि यह केवल इसलिए है क्योंकि उसको फा की गहरी समझ नहीं है और परिश्रम से प्रयास करने की इच्छाशक्ति का अभाव है। निश्चित ही, यह बिलकुल एक अन्य परिस्थिति होती है जब एक अनुभवी शिष्य उस स्थिति में होता है। लेकिन यह ठीक नहीं है यदि कोई व्यक्ति उस स्थिति तक नहीं पहुंचा है और बाहर नहीं आने के लिए अभी भी उस बहाने का उपयोग करता है। साधना करना स्वयं की साधना करना है। दूसरों को मुर्ख बनाना, वास्तव में स्वयं को मूर्ख बनाना है।

शिष्य: हवाई जहाज उच्च स्तर के आयामों पर लंबे समय से मौजूद हैं। लेकिन उच्च-स्तरीय आयाम वाले लोग उड़ सकते हैं, है ना ? फिर भी उन्हें हवाई जहाज का उपयोग करने की आवश्यकता क्यों है ?

गुरु जी: मैंने कहा है कि भिन्न-भिन्न आयामों में सभी जीव दिव्यलोक के बुद्ध और दिव्यों की तरह नहीं होते हैं—जीवों में बहुत अंतर होता है। मानव जाति के स्थानों के समान भी होते हैं, लेकिन कुछ ही। विशेष रूप से परग्रही जीवों के स्थानों की तरह अधिक होते हैं। उन्हें उड़ान भरने की आवश्यकता होती है और उड़ान उपकरणों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। मैं आपको इन सब के बारे में नहीं बता सकता, जिससे आपके विचार उस दिशा में जाएँ और जिज्ञासा को बढ़ावा दें। जीव अत्यधिक जटिल होते हैं। सभी प्रकार के विश्व होते हैं और ब्रह्मांड में बहुत विविधता पायी जाती है। अब पृथ्वी पर मनुष्यों में केवल सफेद, पीले और

काले रंग की जाति है। वहाँ पर, हरे और नीले भी होते हैं, और यहां तक कि बहुरंगी भी होते हैं। आपके द्वारा कल्पना की गई किसी भी चीज़ के विपरीत, हर प्रकार की विविधताएं होती हैं। दूसरे शब्दों में, आपको अपने मानवीय विचारों के साथ इन चीजों के बारे में सोचना बंद कर देना चाहिए।

शिष्य: फालुन गोंग बंधनमुक्त प्रबंधित हैं। यह एक ठोस संगठनात्मक संरचना से कैसे भिन्न है ?
गुरु जी: यह बंधनमुक्त प्रबंधित है और इसमें कोई संगठनात्मक संरचना नहीं है। आप आना चाहो तो आ सकते हो; यदि आप नहीं चाहते हो तो आप छोड़ सकते हो। हमारे पास सदस्यता रजिस्टर नहीं है। लोग [यहां] केवल आपका चेहरा जानते हैं, कोई भी आपकी पहचान नहीं जानता है। क्या यह सही नहीं है? हर कोई अपनी इच्छा से सीख रहा है। उदाहरण के लिए, लोग गुरु जी को ढूँढ़ते हैं, और फिर वे फा की शिक्षा प्राप्त करने के लिए आ जाते हैं, है ना? ऐसा नहीं है कि मैंने कोई आदेश जारी किए हैं की हर कोई अमेरिका में आकर फा की शिक्षा प्राप्त करें। ऐसी कोई बात नहीं थी। कोई व्यक्ति साधना करता है या नहीं यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। एक बार जब सामान्य मानव प्रकार के प्रबंधित रूप को अपनाया जाए तो, किसी भी प्रकार का मानवीय मोहभाव पैदा हो सकता है, और मोहभाव किसी को साधना करने से रोक सकता है और फा पर संकट ला सकता है।

शिष्य: "बुद्ध-प्रकृति में त्रुटिहीन होना " में "त्रुटिहीन " का क्या अर्थ है ?
गुरु जी: "त्रुटिहीन" बौद्ध धर्म में एक शब्द हुआ करता था; यह कि, यह बौद्ध साधना की भाषा थी। इस पर विचार करें, मनुष्यों में सभी प्रकार की भावनाएँ, इच्छाएँ और मोहभाव होते हैं, सभी जो भावनाओं (qing) से उत्पन्न होते हैं। वे कई हैं, जैसे कि ईर्ष्या, दिखावा करना, घृणा आदि। इन में से हर एक को हटाना होगा। यदि उनमें से किसी एक को नहीं हटाया जाता है तो इसे एक त्रुटि माना जाता है। यदि कोई त्रुटि रह जाती है तो फिर वह व्यक्ति फल पदवी प्राप्त नहीं कर पायेगा। एक व्यक्ति को तब तक साधना करने की आवश्यकता है जब तक कि कोई त्रुटि और कोई मोहभाव नहीं रह जाते। वह तभी फल पदवी प्राप्त कर सकेगा जब वास्तव में कोई भी चीज़ बाकी नहीं रह जाती।

शिष्य: क्या प्रकृति जेन, शान, रेन हर बार बदल दी जाती है जब एक नया ब्रह्मांड बेहद उच्च स्तरों पर ज्ञानप्राप्त जीवों द्वारा फिर से बनाया जाता है ?
गुरु जी: आपको इसके बाद इस प्रकार के प्रश्न नहीं पूछने चाहिए। आपको उनके बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। आवश्यक प्रकृति जेन, शान, रेन हमेशा अपरिवर्तित होती है। फा अपरिवर्तित होता है ताकि जीवों में होते परिवर्तन और उनके भीतर के तत्व को मापा जा सके।

शिष्य: साधकों को शांत मन पाने में सहायता करने के अतिरिक्त, क्या फालुन गोंग के संगीत में कोई और विशेष ...?
गुरु जी: इसकी प्रमुख भूमिका लोगों को जल्द से जल्द शांत होने में सहायता करना है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब लोग संगीत सुनते हैं तो वे साधारण मानवीय विषयों के बारे में नहीं सोचते हैं, जैसे दूसरों के साथ प्रतिद्वंद्विता, अप्रिय परिस्थितियां, उनके व्यवसाय कैसे चल रहे हैं, या वे कितना धन कमा रहे हैं। वह तरीका अपनाया जाता है। संगीत का उपयोग हजारों विचारों को एक विचार से प्रतिस्थापित करने के लिए किया जाता है। साथ ही दाफा का सत्व संगीत में जोड़ा गया है। तो जितना अधिक आप इसे सुनते हैं, यह आपके लिए उतना ही सुखद होगा और आप उतना ही बेहतर अनुभव करेंगे।

शिष्य: जब हम ध्यान अभ्यास करते हैं, तो क्या हम गुरु जी के उपदेशों को सुन सकते हैं ?
गुरु जी: मेरे फा-उपदेशों को सुनते हुए आप शांत कैसे हो सकते हैं? फा को सुनते समय आपके मस्तिष्क की कोशिकाएँ बहुत सक्रिय होती हैं, है ना? इसलिए आप शांत नहीं हो पाएंगे। फा-उपदेशों को सुनना केवल फा-उपदेशों को सुनना होना चाहिए।

शिष्य: गुरु जी, आपने कल उल्लेख किया था कि हर नये साधक के साथ आप एक और कष्ट का भाग वहन करते हैं। मुझे यह सुनकर दुख हुआ, क्योंकि मैंने बहुत से लोगों को साधना के मार्ग पर अग्रसर किया है।
गुरु जी: मुझे पता था कि आप उसके विषय में सोचेंगे। लेकिन मैं आपको बता दूं कि: ऐसा नहीं सोचें क्योंकि मेरे अपने तरीके हैं। आपको ऐसी चीजों से चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। केवल साधना पर ध्यान दें। यदि आप फा सीखने के लिए

कई लोगों का मार्गदर्शन करते हैं, तो यह कहा जा सकता है कि आपका योगदान और पुण्य असीम है, और आप परिणामस्वरूप अपने गुरु को फा फैलाने में सहायता करते हैं। आपका मन इस मुद्दे पर सोचने के लिए काफी सक्रिय है। मेरा यह अर्थ था कि प्रत्येक नये साधक के जुड़ने के साथ, मुझे एक और व्यक्ति की चिंता करने की आवश्यकता होती है। मेरी चिंताएँ वैसी नहीं हैं जैसे आप कल्पना करते हैं। मेरे पास अनगिनत सिद्धांत शरीर (फाशन) हैं जो इन विषयों को संभालते हैं।

शिष्य: मैं अपने ध्यान अभ्यास और सपनों के दौरान स्वयं को आकाश में उड़ता हुआ पाता हूं, लेकिन मैंने कभी भी पीले रंग के कपड़े पहने बौद्ध प्रणाली की आकृतियाँ नहीं देखी हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि मैंने जो देखा वह वास्तविक था या नहीं ।
गुरु जी: वास्तव में, आपने कुछ तो देखा है। कारण यह है कि बौद्ध प्रणाली की आकृतियों का नहीं दिखने का कारण यह है कि आप जिस स्थान पर गए थे वह भिन्न था। यदि आप उन चीजों को देखते हैं, तो मुझे लगता है कि आपको इसे बस होने देना चाहिए। इस पर बहुत अधिक ध्यान न दें, और अपना ध्यान साधना में लगाएं। ऐसा करना सुनिश्चित करें।

शिष्य: ऊपर बसे दिव्य अब आधुनिक व्यक्तियों को मानव नहीं मानते हैं। लेकिन गुरु जी, कल आपने कहा था कि अभी कोई भी मनुष्य बनने के लिए नहीं आया है।
गुरु जी: आजकल लोग वास्तव में पतित हैं। दिव्य अब उनकी देखभाल नहीं करते हैं। दिव्यों द्वारा किसी भी धर्म की देखभाल नहीं की जा रही है, क्योंकि दिव्य देखते हैं कि मानव जाति बहुत अधिक भ्रष्ट हो चुकी है और वे अब मानव जाति को मानव नहीं मानते हैं। आप कहां से आए हैं यह निर्धारित नहीं करता है कि क्या आप को बचाया जा सकता है। कुछ ऐसी चीजें हैं जो मैं नहीं चाहता कि कोई भी जीव जानें। इसके अतिरिक्त, मैंने यह नहीं कहा कि चीजों को करने का मेरा तरीका उनके जैसा ही है। मैं जो कर रहा हूं उसका और भी व्यापक महत्व है। मानव समाज का विकास होता रहेगा। जो लोग साधना में सफल हो सकते हैं और फल पदवी को प्राप्त कर सकते हैं वे दिव्यलोकों के विभिन्न स्तरों पर जाएंगे। जो फल पदवी को प्राप्त नहीं कर सकते हैं, लेकिन जो मूल मानव जाति के मानदंडों को पूरा करने में सक्षम हैं वे सभ्यता की आने वाले काल में मनुष्य बन जाएंगे।

शिष्य: गुरु जी, आपने "पुष्टिकरण" नामक लेख में लिखा है कि हमें "सही और सच्चे विज्ञान के रूप में दाफा को सिद्ध करना चाहिए ..." हम इसे कैसे सिद्ध कर सकते हैं ?
गुरु जी: आप पढ़े-लिखे लोग हैं। जब ऐसे लोगों का सामना होता है जिन्हें [दाफा] समझ में नहीं आता है या जो हमारे बारे में बुरी बातें कह रहे हैं, तो आप अपने अनुभव, ज्ञान, या अपने कार्यों के परिणाम साझा करके [दाफा] को सिद्ध कर सकते हैं, इत्यादि।

शिष्य: मैं पोलिश हूं, और मैं पोलैंड में फा को फैलाना चाहता हूं। हम कब पोलिश में लेख देख पाएंगे और मैं कैसे मदद कर सकता हूं?
गुरु जी: पोलैंड में कुछ चीनी लोग हैं। उनमें से कुछ अध्ययन कर रहे हैं और अभ्यास कर रहे हैं, लेकिन कोई पोलिश अनुवाद नहीं किया गया है। यदि कोई अवसर आगे आएगा तो हम देखेंगे क्योंकि केवल हमारे शिष्य ही अनुवाद कर सकते हैं। दूसरों के लिए दाफा पुस्तकों का अनुवाद करना कठिन है। आपकी तरह, मैं जल्द ही पोलिश में ज़ुआन फालुन को देखने के लिए उत्सुक हूं। बेशक, यह बहुत अच्छा होगा यदि आप इसका अनुवाद कर सकते हैं।

शिष्य: उचित रूप से दूसरों को ज़ुआन फालुन के दाफा को बताना सरल नहीं है। कई बार, कुछ अपेक्षाकृत गहरी बातें अनजाने में कही जाती हैं, जिससे लोगों को विश्वास करना कठिन हो जाता है—जो उद्देश्य था उसके विपरीत।
गुरु जी: यह सही है। सभी को इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जब आप ऐसे लोगों के साथ बातचीत कर रहे होते हैं जो अभी तक फा को नहीं सीख पाए हैं, तो आप [दाफा को] उस दृष्टिकोण से नहीं बताएं जैसा आपने इसे समझा है। ऐसा करना उन्हें डरा देगा। आप जो बताते हैं वह काफी गहरा होता है, चाहे आप इसे अनुभव करें या न करें, क्योंकि यह उस आयाम को प्रतिबिंबित करेगा जहाँ आप हैं। और भी अधिक गहन बातें हैं जो आप स्पष्ट नहीं कर पाते हैं लेकिन वे आपके शब्दों में निहित होती हैं। उन चीजों को सतह पर उस व्यक्ति के मन द्वारा नहीं देखा जा सकता है, लेकिन उसका मन उन्हें एक गहरे स्तर पर देख सकता है। और वह इसे सहन नहीं कर सकता। इसलिए जब हम ज़ुआन फालुन को दूसरों के सामने रखते हैं, तो हमें सबसे निचले और सबसे सतही स्तर पर इसके सिद्धांतों

के बारे में बात करनी होगी, जैसे कि एक अच्छा मनुष्य कैसे बनना है और कैसे सुधार करना है। इन जैसे सरल सिद्धांतों पर चर्चा करें। यह किसी को विद्यालय जाने के लिए कहना और विश्वविद्यालय के स्तर पर अवधारणाओं के बारे में बात करने के अनुरूप होगा जबकि वह अभी तक प्राथमिक विद्यालय में भी नहीं है। वह कहेगा, "मैं इसे सीखना नहीं चाहता-मुझे यह समझ में नहीं आ रहा।" क्या ऐसा नहीं होगा?

शिष्य: यदि किसी का एक पैर और एक हाथ नहीं है, तो वह पद्मासन में नहीं बैठ सकता है या व्यायाम नहीं कर सकता है। वह साधना कैसे कर सकता है ?
गुरु जी: मैंने कहा है कि दाफा की साधना करना एक गंभीर विषय है। मैं लोगों को साधना करने के लिए फा सिखा रहा हूं। दूसरे शब्दों में, वह साधना करने में सक्षम है। यह उसका मन है जो मायने रखता है। हाथ और पैर के बिना, आप अभी भी अपने मन के साथ साधना कर सकते हैं। यदि आप इसे एक पैर और एक हाथ के साथ भी करते हैं, तो मुझे लगता है कि चमत्कार होगा। निर्णायक कारक व्यक्ति का मन है।

शिष्य: जब मैं एकाग्रता से ध्यान अभ्यास करता हूं, यदि मैं इस शरीर के प्रति जागरूक नहीं हूं, लेकिन प्रकाश और ध्वनि के अस्तित्व को अनुभव करता हूं, तो मुझे अपनी साधना को कैसे आगे बढ़ाना चाहिए?
गुरु जी: मैंने आपको नहीं बताया कि शांत अवस्था के दौरान क्या होता है या किस तरह की स्थिति में आप प्रवेश करते हैं—मैंने उन चीजों के बारे में बात नहीं की है। हम किसी के मन और मस्तिष्क की साधना की बात पर बल देते हैं, जो मौलिक है। किसी भी प्रकार की स्थिति के प्रति मोहभाव आपको उच्च स्तर तक पहुंचने में असमर्थ बना देगा, और आपको गंभीर रूप से सीमित कर देगा। वूवेई एक महान मार्ग है। जो चीजें आप देखते या सुनते हैं, वे सभी घटनाएं स्वाभाविक हैं। उनके विषय में चिंता न करें और उनके साथ मोहभाव न रखें।

शिष्य: जब मुख्य चेतना शरीर छोड़ती है, तो क्या मुझे इसके बारे में सोचना नहीं चाहिए और इसे उड़ने देना चाहिए? क्या मैं ऊंची और अधिक सुंदर मुद्रा में उड़ान भरने की इच्छा कर सकता हूं? या, क्या मैं आसन को बदल सकता हूं, जैसे कि लेटने से बैठना , या उल्टा लेटना ...?

गुरु जी: यदि आप उड़ सकते हैं, तो उडें। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैसे उड़ते हैं, चाहे वह लेटे हुए हो या बैठे हुए हो। लेकिन इसे मनोरंजन न समझें। कुछ लोग मुझे उनके लिए चीजों का प्रदर्शन करने के लिए कहते हैं । [यदि मैं ऐसा करता तो], जिसे मैंने प्रदर्शित किया उसे आप मानवीय मानसिकता के साथ देखते और केवल मनोरंजित होते। आप बुद्ध की दिव्य शक्तियों के वास्तविक भव्य महत्व को समझ नहीं पाते, इसलिए उनका उपयोग उस तरीके से नहीं किया जा सकता है। यदि आप [उड़] भी सकते हैं, तो आपको इसे मनोरंजक नहीं मानना चाहिए।

शिष्य: मेरी मुख्य चेतना जब मेरे शरीर को छोड़ती थी तो वह ऊंची और दूर तक उड़ान भरने में सक्षम होती थी। ऐसा क्यों है कि अब यह अचानक ऊंची उड़ान नहीं भर पाती है?
गुरु जी: शायद यह इसलिए है क्योंकि आपने एक मोहभाव विकसित किया है। और इसके अलावा, साधना में, आपको हर समय ऐसा नहीं होने दिया जा सकता। यह अच्छा नहीं होगा यदि यह इतनी बार होता है कि आपकी साधना को प्रभावित करे। अपनी साधना का स्तर ऊँचा करना सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण है।

शिष्य: मैं आपके फालुन दाफा को अपने मन की गहराई से सराहना करता हूं, लेकिन यह कहा जाता है कि हमें प्रतिदिन आपकी तस्वीर के सामने फल अर्पित करने होंगे ।
गुरु जी: वास्तव में, जब एक दिव्य मानव जगत में लोगों को बचाता है, तो वह भी, भोजन करता है, लेकिन मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन नहीं। वो क्या खाता है? आप जानते हैं कि मैंने कहा है कि हर वस्तु के अन्य रूप होते हैं। दिव्य आपके भोजन के उन अन्य रूप का सेवन करते हैं। आप शिष्य हैं और मैं आपका गुरु हूं, इसलिए निश्चित रूप से मैं शिष्टाचार को महत्त्व नहीं दूंगा। जब आपका भोजन परोसा जाता है, तो मैं उसे पहले ही उस दूसरी ओर से ग्रहण कर चुका होता हूं। मैंने आपको किसी भी भक्ति प्रारूप का पालन करने के लिए नहीं कहा है। लेकिन यदि आप ऐसा करने की इच्छा रखते हैं और वास्तव में ऐसा करना चाहते हैं, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि वह आपकी इच्छा है। उन विषयों में जहां आप मेरे सामने साष्टांग प्रणाम करते हैं, मुझे लगता है कि आपको देखकर मुझे खुशी होगी यदि आप साष्टांग प्रणाम नहीं करते हैं लेकिन अच्छी तरह से साधना

करते हैं। यदि आप प्रतिदिन मेरे सामने साष्टांग प्रणाम करते हैं, लेकिन अच्छी तरह से साधना करने में विफल रहते हैं, तो आपको देखकर मुझे दुःख होगा। आप समझ रहे हैं, है ना? यह एक सतही रूप है, हालांकि यह व्यक्ति के मन को दर्शाता है।

शिष्य: जब मैं किसी समस्या के बारे में चिंतित होता हूं, तो मैं गहराई से सोचता हूं, और उस समय मेरी कल्पना से एक उत्तर सामने आता है, कभी-कभी मेरे मन में चित्रों के साथ भी। क्या यह अच्छी बात है या बुरी ?
गुरु जी**:** यह साधारण तौर पर सामान्य लोगों के बीच होता है। यह एक ऐसी अवस्था है जो अक्सर तब होती है जब कोई व्यक्ति सामान्य मानवीय समस्याओं के बारे में सोचता है। यदि आप अभी भी अपनी साधना और फा-अध्ययन में ऐसा करते हैं, थोड़े में कहा जाए तो, मैं कहूंगा कि आपको बहुत मोहभाव है [जैसे-जैसे आप फा का अध्ययन करते हैं]। जब आप अपने काम या जीवन की समस्याओं के विषय में सोचते हैं, तो काम सिर्फ काम है, और आपको इसे साधना से अलग करना होगा। आपको इसे अलग रखना चाहिए और जब आप साधना कर रहे हों तो किसी भी चीज के बारे में नहीं सोचना चाहिए। जब आप काम कर रहे हों तो अपने आप को अपने काम में डुबो देना बिल्कुल ठीक है। चित्रों और उत्तरों का दिखना एक अलौकिक क्षमता का प्रकटीकरण है।

शिष्य: यदि किसी का मन बिना किसी विचार के हमेशा खाली रहता है, तो वह ज़ेन बौद्ध धर्म से कैसे भिन्न है?
गुरु जी**:** इनमें पर्याप्त अंतर है। चाहे आपका मन कितना भी खाली हो, यह आपके लिए ठीक नहीं है कि आप अपनी चेतना को भुला दें; हम इस तरह का "खालीपन" सिखाते हैं। ज़ेन बौद्ध धर्म में, हालाँकि, खालीपन का अर्थ होता है कि कुछ भी नहीं बचा है और व्यक्ति हर चीज से बेखबर है। वे स्वयं की साधना नहीं कर रहे हैं; वे साधना नहीं कर रहे हैं, लेकिन केवल अचल है। तो वे किसी और की साधना करा रहे हैं, अर्थात्, उनकी सह चेतनाओं की।

शिष्य: गुरु जी, कल आपने जो कहा था उसे मैं नहीं समझ पाया "आज पृथ्वी पर किसी को भी मनुष्य नहीं होना चाहिए।"

गुरु जी: मुझे मनुष्यों के इस सबसे सतही आवरण से शुरू करने दें। आजकल, मानव जाति (बेशक, आप उनमें सम्मिलित नहीं हैं क्योंकि आप साधना करते हैं) हर तरह की बुराई करने में सक्षम है, लेकिन प्रत्येक व्यक्ति गहन कारणों से आया है। यही स्थिति है। हालाँकि, मैंने पाया है कि वास्तविक मानव जाति, जो लोग यहां रहते थे, वे एक और आयाम में हैं, अर्थात्, पाताल लोक में। जैसे-जैसे वे युद्धों, [आदि] में मर गए, वे वापस ऊपर लौटने के बजाय एक-एक करके वहां चले गए। उस जाति को अब पूरी तरह से उन जीवों द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है जो गहन कारणों से आए थे। लेकिन जो भी आता है उसे मानव जाति के समान भ्रमित होना पड़ता है, और, बिना किसी अपवाद के, वे मानव समाज के पतन के साथ-साथ दूषित हो जाते हैं। तो यह ऐसा है। केवल वे लोग जिनके पास नीचे आने का दिव्य साहस था वे फा को सुन सकते हैं, जो इतना महान और प्रगाढ़ है। लेकिन सभी लोग फा प्राप्त करने के लिए नहीं आए: कुछ ऐसे हैं जो फा को हानि पहुंचाने के लिए आए हैं। इसलिए मैंने कहा है कि उनमें से कोई भी मनुष्य बनने के लिए नहीं आया है। हर कोई साधना करने भी नहीं आया। कुछ ऐसे हैं जो विशेष रूप से फा को कमजोर करने के लिए आए हैं, और उन्हें नर्क में डाल दिया जाएगा। कुछ ऐसे भी हैं, जो अब अच्छे नहीं रहे हैं और फा प्राप्त नहीं कर सकते हैं। ऐसे लोग भी हैं जो अब फा प्राप्त करने के योग्य नहीं हैं।

शिष्य: मैं डेनमार्क से हूं और सौभाग्य से मैंने कैलिफोर्निया में फा प्राप्त किया। क्या मुझे फा को फैलाने के लिए डेनमार्क वापस जाना चाहिए? मुझे डर है कि मैं यह उत्तरदायित्व वहन करने में असमर्थ हो सकता हूं।
गुरु जी: आपको ऐसी चीजों के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जब आप किसी को फा प्राप्त करने में सहायता करने का प्रयास कर रहे होते हैं, तो आप में से कई साधारण तौर पर कहते हैं, "यह पुस्तक वास्तव में अच्छी है।" आप किसी मित्र को बताते हैं। फिर मित्र कहता है: "सच में? मैं इसे देखता हूँ।" अनजाने में, वह इस तरह इसे शामिल करने में सक्षम होता है। यह सब सरल है, लेकिन आकस्मिक नहीं है। लेकिन, एक बात है। अर्थात्, आप यह नहीं कह सकते, "मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है। आप कैसे इसे सीखना नहीं चाहते? " वह व्यक्ति कह सकता है, "मैं बस इसे सीखना नहीं चाहता। मेरे पास समय नहीं है, "या," मुझे नहीं लगता कि यह अच्छा है।" इसे दूसरों पर थोपना अनुचित है। यह अनुचित क्यों है? आप उस व्यक्ति को फा प्राप्त करने के लिए मजबूर कर रहे हैं और दबाव

डाल रहे हैं। कोई जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। यदि किसी का मन प्रभावित नहीं होता है, तो उसे फा नहीं दिया जाना चाहिए; व्यक्ति का मन अपने आप प्रभावित होना चाहिए। दूसरे शब्दों में, उसके सामने फा रखने के लिए उसे इसके योग्य होना चाहिए। यह ठीक लगता है, है ना?

शिष्य: हमें इसे कैसे समझना चाहिए: "खुलने और पूरी तरह से ज्ञानप्राप्त होने के बिल्कुल पहले, उसके गोंग के दस में से आठवें भाग को उसके नैतिक गुण के मानक के साथ कम कर दिया जाएगा"?
गुरु जी: मैंने इस सिद्धांत को समझाया है। आपके गोंग को कम करने का उद्देश्य आपको फल पदवी प्राप्त करने में सक्षम बनाना है। "फल पदवी प्राप्त करने" का क्या अर्थ है? तब आप साधना के माध्यम से मानदंड पर पहुंचते हैं, और आपके सभी पुण्य और सदगुण के साथ आपके गोंग को फल पदवी प्राप्त होती है। बुद्ध कोई भी चीज या कोई भी क्षमता पा सकता है जिसकी वह इच्छा करता है। वह क्षमता कहां से आती है? यह उस अत्यधिक प्रयास से आती है जो आपने किया है। यह कि, यह आपके शक्तिशाली पुण्य—गोंग से बनता और परिपूर्ण होता है, जिसका सह-अस्तित्व नैतिक गुण के साथ है। इसके बिना, आप दिव्यलोक नहीं जा सकते। आप जानते हैं कि बुद्ध के शरीर के चारों ओर एक चक्र होता है। प्राचीन मंदिरों में चित्रित बुद्ध, सभी एक चंद्रमा की तरह प्रतीत होते चक्र में बैठे हुए होते हैं। यह वास्तव में बुद्ध के दिव्यलोक के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। इस दिव्यलोक को सत्व प्रदान करने की आवश्यकता होती है, या फिर आपके पास गोंग के अतिरिक्त कुछ नहीं होगा। फिर आपको बुद्ध कैसे कहा जा सकता है? यदि आप लोगों को बचाना चाहते हैं और अच्छी चीजें करना चाहते हैं, तो आपको उस दिव्यलोक की कमी अनुभव होगी जो आपके लिए आवश्यक है। इससे पहले कि आप जो चाहें पा सकें, आपको अपने स्वयं के दिव्यलोक की आवश्यकता होगी।

शिष्य: आज की तरह दाफा अनुभव साझा सम्मेलनों के बिना, मुझे नहीं लगता कि मैं संभवतः अपने नैतिक गुण को बढ़ा सकता हूं। क्या यह सामान्य है ?
गुरु जी: अनुभव साझा सम्मेलनों से वास्तव में हमारे छात्रों के सुधार और प्रगति में बहुत लाभ हो सकता है, और साथ-साथ सम्मेलन द्वारा दूसरों को फा से परिचित किया जा सकता है। यह एक उत्कृष्ट प्रारूप है, और मुझे लगता है कि इसे इसी तरह किया जाना चाहिए। यह वास्तव में उन लोगों को सक्षम कर सकता है

जो अपनी साधना में सुस्त हैं, यह पता लगाने के लिए कि उनकी कमियां कहां हैं, और इस तरह आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह कहना अनुचित होगा कि कोई व्यक्ति इस सम्मेलन के बिना फा को प्राप्त नहीं कर सकता है। यह फा यहाँ सभी के सीखने के लिए है। फा सम्मलेन दूसरों को फा परिचित करने और आपकी प्रगति में तेजी लाने के उद्देश्य की पूर्ति कर सकते हैं। कुछ लोग हैं जो सम्मेलनों के माध्यम से फा को प्राप्त करते हैं।

शिष्य: गुरु जी, आपने कहा कि वर्तमान काल में , विभिन्न स्तरों के दिव्य भी इस फा को सीख रहे हैं। क्या उच्च स्तरीय जीव भी उन स्तरों पर उन्हीं शास्त्रों का अध्ययन करते हैं जैसे हमें दिखते हैं ?
गुरु जी: वे पूरी तरह से अलग हैं—विभिन्न स्तरों के लिए विभिन्न फा हैं। सफेद पन्नों पर काली स्याही मनुष्यों के पढ़ने के लिए है। फा के वही शब्द और अर्थ अलग-अलग स्तरों पर भिन्न होते हैं।

शिष्य: असुर पुनर्जन्म लेते हैं और मानव जगत में दुःखद अशांति लाते हैं। उच्चतर जीव असुरों को नर्क से पुनर्जन्म लेने की अनुमति क्यों देते हैं?
गुरु जी: सभी असुरों का अस्तित्व नर्क में नहीं होता है—विभिन्न स्तरों पर विभिन्न असुर होते हैं। कुछ पारस्परिक प्रसार और संयम के सिद्धांत के कारण अस्तित्व में हैं; कुछ लोगों के अत्यधिक बुरे कर्मों के परिणामस्वरूप आते हैं; कुछ अन्य पुरानी और पतित शक्तियाँ हैं जो फा को हानि पहुँचाने के लिए आती हैं।

शिष्य: पिछले साल मेरा बपतिस्मा किया गया था, लेकिन अब मुझे लगता है कि फालुन दाफा सच्चा महान मार्ग है। मैं फालुन दाफा में साधना करने के लिए संकल्पित हूं। क्या कोई मतभेद है ?
गुरु जी: कोई मतभेद नहीं है। बपतिस्मा एक मानवीय कार्य है और यह सतही है—यह दिव्यों का कार्य नहीं है। मैंने कहा है कि जो दिव्य मानते हैं वह मनुष्य का मन है, कोई मानवीय प्रारूप नहीं।

शिष्य: आपने कहा था कि ब्रह्मांड गठन, ठहराव और पतन से गुजरता है। पतन क्यों होता है ?

गुरु जी: आप सभी जानते हैं कि भोजन किस तरह से सड़ जाता है, लोग बूढ़े हो जाते हैं, लोहे को जंग लग जाती है, और यहां तक कि चट्टान भी क्षय के अधीन होते हैं—यह ऐसे ही होता है। केवल इतना है कि इसमें अधिक समय लगता है। समय का अंतर और लंबी अवधि मनुष्य की समझ से बाहर है, हमेशा चलने वाला और कभी क्षय नहीं होने वाला [प्रतीत होता है]।

शिष्य: पिछले कुछ महीनों से, मैं उन असुरों की बाधा से दूर नहीं हो पाया जो अभद्र भाषा में मुझसे बात करते हैं। मैं अपने सपनों में और अपने दैनिक जीवन में बुरे संदेशों से परेशान हूं।
गुरु जी: पुस्तक को अधिक पढ़ें और किसी भी समस्या को हल किया जा सकता है। मैंने आपको केवल पुस्तक को और अधिक पढ़ने के लिए कहा है, लेकिन वास्तव में, यह आवश्यक नहीं कि जो मैंने अभी कहा है उसके अंतर्निहित अर्थ को आप समझें। यह पुस्तक सर्वशक्तिमान है, अजेय है। जब आप अपनी मुख्य चेतना को अधिक दृढ़ बनाते हैं, तो आपके विचारों में उपस्थित कर्म को हटा दिया जाता है। अधिकतर परिस्थितियों में, आपके द्वारा वर्णित स्थिति गंभीर विचार-कर्म के कारण होती है, लेकिन आपको वास्तव में अपनी मुख्य चेतना को दृढ़ करने पर ध्यान देना चाहिए!

शिष्य: मुझे पुस्तकें पढ़ने और स्वयं ही अभ्यास करने में कोई समस्या नहीं है। लेकिन जब मैं अभ्यास स्थल पर जाता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है कि जैसे हम राजनैतिक प्रेरित नीति पर काम कर रहे हैं [जब हम पुस्तक को एक साथ पढ़ते हैं]।
गुरु जी: शायद आप राजनीतिक रूप से प्रेरित नीति से घृणा करते हैं, और इसलिए यह आपकी नफरत की प्रबल भावना का कारण है? रूप महत्वहीन है—जो महत्वपूर्ण है वह सार है। क्या आपका यह मोहभाव प्रबल नहीं है, घृणा का मोहभाव?

शिष्य: फालुन दाफा का संक्षिप्त परिचय जो प्रकाशनों में छपा है उसे क्या संदर्भ से बाहर समझा जाना चाहिए ?
गुरु जी: संक्षिप्त परिचय मेरे फा से नहीं लिया गया है। यह केवल एक "संक्षिप्त परिचय" है, इसलिए यह संदर्भ से बाहर नहीं है। यह मेरे फा की सामान्य रूपरेखा

प्रस्तुत करता है। उन्होंने ऐसा किया है, लेकिन वे हमेशा सावधान रहे है। उन्होंने यह लंबे विचार-विमर्श के बाद ही किया था।

शिष्य: अकेलेपन को साधना में सबसे भयंकर अड़चन होने के नाते हमें इसे कैसे समझना चाहिए?
गुरु जी: आपको पता नहीं है कि अकेलापन किसी व्यक्ति के लिए सब कुछ बर्बाद कर सकता है। अतीत में, भिक्षु अपनी साधना के लिए किस पर निर्भर करते थे? वे साधना में सफल क्यों हो पाते थे? उनका सबसे बड़ा कष्ट अकेलापन था। उन्हें क्या कठिनाई सहनी पड़ी? यह सहने-के-लिए-कठिन अकेलापन था। एक व्यक्ति जो ताओ का अभ्यास करने के लिए पहाड़ पर जाता था, वह ताओ क्यों प्राप्त कर पाता था? सांसारिक लोग जबकि प्रतिष्ठा, वैभव, धन और पद का आनंद ले रहे थे। यहां तक कि गरीब लोग, जो प्रतिष्ठा, वैभव, धन और पद का आनंद नहीं ले रहे थे, कम से कम परिजनों के साथ थे और अपने स्वयं के सांसारिक सुखों का आनंद ले रहे थे। लेकिन ये साधक पहाड़ों में कड़ी साधना कर रहे थे, बिलकुल अकेले। जब किसी व्यक्ति का दूसरों के साथ कोई संपर्क नहीं होता है, तो वह अकेलापन, जिसे सहना कठिन होता है, वह उसके कई मोहभावों और इच्छाओं को दूर कर सकता है। बेशक, हम उस तरीके का उपयोग नहीं करते हैं। हम सीधे किसी के मन पर लक्ष्य करते हैं, और यह सबसे तेज़ तरीका है। मुझे नहीं लगता कि आपके पास कई दशकों के दौरान उन्हें दूर करने का समय है।

शिष्य: मानसिक रूप से बीमार लोगों को [दाफा] कक्षाओं में भाग लेने की अनुमति नहीं है। लेकिन क्या भव्यता का भ्रम, मनोग्रसित-बाध्यता विकार, घबराहट के दौरे पड़ने का विकार, और इत्यादि के रोगियों को मानसिक रूप से रोगी माना जाएगा ?
गुरु जी: वास्तव में, मैं साझा कर सकता हूं कि जिस प्रकार लोग "मानसिक बीमारी" को समझते हैं वह मेरी समझ से अलग है। जिस प्रकार मैं मानसिक रोग को समझता हूँ वह यह है कि जब किसी व्यक्ति की मुख्य चेतना (झू युआनशेन) उसके शरीर को नियंत्रण नहीं करती है, और कोई भी बाहरी संदेश, अन्य जीव, या उसके कर्म उसे कुछ भी करने की आज्ञा दे सकते हैं। उसके मन में बसे कर्म उससे अपशब्द बोलने और बुरे काम करवाते हैं, और इसलिए लोग कहते हैं कि वह मानसिक रूप से रोगी है। मैंने पाया है कि मानसिक रोगी के वास्तव में कोई चोट

या रोगजन्य कीटाणु नहीं होते हैं। क्या इसे रोग कहा जा सकता है? यह केवल एक असामान्य मानव अवस्था है। हमारा यह दाफा, हालाँकि, लोगों को बचाने और मुख्य चेतना की साधना करने के लिए है; यदि व्यक्ति की मुख्य चेतना प्रभारी नहीं है, तो दाफा किसको दिया जाएगा? इसलिए हम उसे हमारी कक्षाओं में सम्मिलित नहीं होने देते हैं। यदि कर्म या ग्रसित करने वाली दुष्टात्मा उसे निर्देशित करते हैं, तो क्या उस कर्म और उन ग्रसित करने वाली दुष्टात्माओं को बचाने की अनुमति दी जाएगी [ऐसा होगा यदि हम उसे दाफा देते हैं]? यह हमारे सोच का कारण है। इसके अतिरिक्त, लोग कहेंगे, "देखो, फालुन गोंग ने उसे पागल बना दिया है।" इससे हमें बहुत हानि पहुंचेगी।

शिष्य: डेटिंग हम में बहुत से मोहभावों को जन्म दे सकती है। क्या मुझे अपने प्रेमी के साथ संबंध तोड़ देना चाहिए या क्या मुझे जैसे हो रहा है होने देना चाहिए, शादी करनी चाहिए और बच्चे पैदा करने चाहिए?
गुरु जी: मैंने कहा है कि मानव समाज को अभी भी वास्तव में प्रजनन करने की आवश्यकता है। यदि हमारे दाफा शिष्यों की संख्या 10 करोड़ के बजाय अरबों में होती है, तो आपने जो बताया क्या वह गंभीर समस्याओं का कारण नहीं बनेगा? क्या यह मुद्दा नहीं है? मैंने आपसे कहा है कि जहाँ तक हो सके आप को अपने आचरण साधारण लोगों की तरह रखने होंगे। और वास्तव में, आपका ऐसा करना ठीक है; आप बस अपने लिए एक उच्च आदर्श स्थापित कर रहे हैं। बेशक, मैं अत्यधिक-उच्च आदर्शों के विरुद्ध नहीं हूं। लेकिन मुझे लगता है कि आपको जितना हो सके साधारण लोगों की तरह रहना चाहिए। जबरदस्ती से [अस्वाभाविक रूप से उच्च आदर्शों का पालन करने] के कारण समाज हमें अनुचित समझ सकता है, जिससे हमारे फा को कुछ हानि होगी। जब आप उस आदर्श तक नहीं पहुँचे हैं, [फिर भी आप इसे स्वयं पर थोपते हैं,] आप अपने [अस्वाभाविक रूप से दबाए गए] मोहभावों की पीड़ा को झेलेंगे। यदि आप सही मायने में उस स्तर पर पहुंच गए हैं, तो मैं आपके उन चीजों को करने के विरुद्ध नहीं हूं; यदि नहीं, तो आप स्वाभाविक रूप से सबसे अच्छा करने का प्रयास करें।

इन चीजों को अच्छी तरह से संतुलित करें। यदि सभी भावनाओं को हटा दिया जाता है, तो आप वास्तव में डेट पर नहीं जा पाएंगे। हालांकि, इससे पहले कि आप उस स्थिति तक पहुंचें, मुझे लगता है कि आपको अभी भी मानव जाति के तरीकों

के अनुसार कार्य करना चाहिए। शादी करने के कारण निश्चित रूप से आपका स्तर नीचे नहीं गिरेगा, ऐसा नहीं होगा।

शिष्य: यदि कोई अपने पिछले जीवन में एक पशु था, तो क्या वह इस जीवन में साधना के माध्यम से पर-त्रिलोक-फा तक पहुंच सकता है?
गुरु जी: मैं एक उदाहरण देता हूँ: कोई व्यक्ति बहुत उच्च स्तर से आया हुआ हो सकता है, लेकिन अपने पुनर्जन्मों के दौरान वह शायद किसी भी जन्म में मनुष्य नहीं रहा होगा। वह यह या वह हुआ होगा। लेकिन, उन्होंने इस चरण के दौरान एक मानव के रूप में पुनर्जन्म लिया। आपने [शायद] इस चरण से पहले एक पशु के रूप में पुनर्जन्म लिया हो, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि आप एक पशु हैं । केवल यह है कि आप पुनर्जन्मों के दौरान वह थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपका वास्तविक जीव क्या है।

शिष्य: कभी-कभी पुस्तकों को पढ़ते हुए और फा का अध्ययन करते हुए मैं नई अंतर्दृष्टि प्राप्त करता हूं। लेकिन कभी-कभी दो या तीन बार पुस्तक पढ़ने के बाद भी ऐसा नहीं होता।
गुरु जी: यदि आप जानबूझकर ऐसा करना चाहते हैं तो आप निश्चित रूप से नई अंतर्दृष्टि प्राप्त नहीं कर पायेंगे। आपको यह पुस्तक उठानी चाहिए और बस इसे पढ़ना चाहिए। इसे "पीछा किए बिना स्वाभाविक रूप से प्राप्त करना" कहा जाता है। मैं कल ही कह रहा था कि जब आप किसी समस्या का सामना करते हैं, तो पढ़ने के लिए उचित खंडों को खोजने का प्रयास न करें। आप उन्हें नहीं ढूंढ पाएंगे। एक व्यक्ति साधारण तौर पर स्वाभाविक रूप से बिना उसका पीछा किए कुछ प्राप्त करता है। बस पुस्तक उठाएं और इसे कहीं से भी खोलें, और यह पक्का है कि आपको वह मिलेगा जो उस दिन आपको मिलना है। हालांकि, यह कहने के बाद, कुछ लोग इसका अर्थ यह समझेंगे: "अच्छा। अब से, जब मैं पुस्तक पढ़ूंगा तो मैं इसे कहीं से भी खोलूंगा।" फिर वह एक और मोहभाव बन जाएगा, और फिर से आप वह नहीं पा सकेंगे जो आप चाहते हैं। और फिर, यह पीछा करने की समस्या बन जायेगी—केवल इसका रूप अलग है।

शिष्य: हम दृढ़ता से आप और फालुन दाफा में विश्वास करते हैं। हमने सुना है कि हाल ही में मुख्य भूमि चीन में कुछ समस्या हुई है। हमारी प्रतिक्रिया कैसी होनी चाहिए ?

गुरु जी: जिस दिन से मैंने फा को सिखाना शुरू किया है, तब से लगातार समस्याएं हो रही हैं। ऐसा क्यों है? यदि कोई पवित्र फा किसी बुराई द्वारा गड़बड़ी उत्पन्न किये बिना फैलाया जा सकता है या यदि हर कोई इसे समझ सकता है, तो मेरी राय में, इसका स्तर मानव जाति के स्तर पर ही होगा, है ना? उस स्थिति में यह लोगों को बचाने में सक्षम नहीं होगा। केवल इसलिए हस्तक्षेप होता है क्योंकि ऐसे लोग हैं जो इसे समझ नहीं सकते हैं, या बुराई को पता लगने पर कि यह एक पवित्र फा है इसे बाधित करना चाहती है। यद्यपि यह फा पहले से ही सफलतापूर्वक प्रसारित हो चुका है, लेकिन यह बेहद महत्वपूर्ण है कि इसे कैसे फैलाया जाता है, यह लोगों को कैसे बचाता है, कैसे मेरी और स्वयं दाफा की प्रतिक्रिया होती है जब अवरोधों का सामना करना पड़ता है, और क्या लिया गया मार्ग सही है। इसका सीधा सम्बन्ध इस बात से है कि क्या फा पवित्र है और लोगों को बचाने में सक्षम है। आप समझ रहे हैं, है ना? इसलिए लगातार परीक्षाएं और कष्ट हुए हैं। हमारे द्वारा उठाया गया हर कदम पवित्र है। यहां तक कि यदि कोई एक भी त्रुटि को पकड़ के और सभी अच्छे तथ्यों को अनदेखा करके हम पर हमला करने का इरादा करते हैं, तो वह व्यक्ति कुछ भी अनुचित नहीं पा सकेगा क्योंकि हमने जो मार्ग लिया है वह बेहद पवित्र है। यही कारण है कि हम इतनी दूर आने में सक्षम रहे हैं। इस तरह हमने अपने महान पुण्यों को परीक्षाओं और कठिनाइयों के माध्यम से स्थापित किया, और केवल इस तरह से हम बाद की पीढ़ियों के लिए कुछ छोड़ सके हैं। हम बाद में आने वाली पीढ़ियों के लिए विभिन्न कठिनाइयों से गुजरने और सामना करने से प्राप्त किये अनुभव और सबक छोड़ सकते हैं। केवल इस तरह से फा महान पुण्य का अधिकारी हो सकता है, है ना?

शिष्य: गुरु जी, आपने कहा है कि क्योंकि हम साधारण लोगों के बीच साधना करते हैं, हमें जहाँ तक हो सके साधारण लोगों के तरीकों से चलना होगा। यू.एस. में, कभी-कभी एक पंजीकृत संगठन के बिना लोगों में फा को फैलाना कठिन होता है।

गुरु जी: अमेरिका में एक दाफा एसोसिएशन पंजीकृत किया गया है, लेकिन हम इस संगठन को एक साधारण मानव उपक्रम के रूप में नहीं मान सकते हैं। यह

कानूनी रूप से साधना प्रणाली का अभ्यास करने के लिए हमारे फा के लिए एक वातावरण बनाता है और कानूनी रूप से साधना करने में आपके लिए एक सुरक्षा कवच है। इसके उद्देश्य केवल इतने ही हैं। आपको निश्चित रूप से इस इकाई को किसी प्रकार की परियोजना के रूप में नहीं मानना चाहिए। मैंने कहा है कि एक महान तरीके का कोई रूप नहीं होता है; आपको किसी भी उद्यम पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं करना है। आज के इस बड़े सम्मेलन को नियोजित करने का प्रयास भी आपकी साधना में एकीकृत होना चाहिए। शिष्य कोई शुल्क नहीं ले रहे हैं क्योंकि यह एक धर्मार्थ संगठन है। हालाँकि, यह एक धार्मिक उपक्रम नहीं है।

शिष्य: मैं अकेले रहता हूं और अन्य लोगों के साथ बहुत कम संपर्क रखता हूं। मेरा परिवार चीन में है। मैं घर पर अपने खाली समय में फा का अध्ययन करता हूं। क्या यह वातावरण ...?
गुरु जी: जैसे भी आप साधना करें ठीक है। जब तक आप हर पल स्वयं को एक साधक के रूप में मानते हैं और अभ्यास कर रहे हैं और व्यायाम कर रहे हैं, तब तक आपको छोड़ नहीं दिया जाएगा। बेहतर होगा कि आप व्यायाम करने और साधना करने के लिए बाहर जाएं।

शिष्य: क्या हमें संपूर्ण साधना प्रक्रिया के दौरान सभी प्रकार के संदेशों से हस्तक्षेप को हटाना चाहिए ?
गुरु जी: जब आप व्यायाम करते हैं, यदि आप वास्तव में कुछ आवाजें सुन सकते हैं, यदि आपके मन में संदेश आते हैं, या यदि कुछ विचार आपके साथ हस्तक्षेप कर रहे हैं, तो आपको उन्हें हटाना होगा। यदि वे शक्तिशाली हैं, तो आप उन्हें किसी और के या दूसरों के विचारों के रूप में मान सकते हैं जिनका आपके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है। मैं यह क्यों कह रहा हूं? यह इसलिए क्योंकि जो कुछ भी आपका है वह आपकी आज्ञा से होता है। आपके हाथ, पैर, उंगलियां और मुंह आप जैसे भी हिलाना चाहें, उन्हें हिला सकते हैं। ऐसा क्यों है? यह इसलिए है क्योंकि वे आपके हैं। जब आप ध्यान में प्रवेश करना चाहते हैं, तो विचार शांत नहीं होते हैं। और जितना अधिक आप उन्हें शांत करना चाहते हैं, उतने ही अधिक वे उपद्रवी हो जाते हैं। फिर, क्या वे विचार आप हैं? क्या आप उन्हें अपना ही रूप मानेंगे? वे कर्म और धारणाएं हैं जिन्हें आपने जीवन भर अर्जित किये है। इसलिए आपको उन्हें किसी और के मानना चाहिए: "आप सोचते रहें, और मैं आपको ऐसा करते हुए

देखता रहूँगा।" इस बार, आप उनसे अलग हो जाएँ। यदि आप वास्तव में उन्हें [यह मेरा अपना रूप नहीं है] ऐसा समझ सकते हैं, तो यह आपके द्वारा उनसे पूर्ण रूप से मुक्त करने और स्वयं को पाने के समान है। ऐसा करना स्वयं में साधना है, और यह उन्हें जल्दी से हटा सकता है। यदि आप वास्तव में उन्हें पहचान सकते हैं, तो वे डर जायेंगे क्योंकि उनके समाप्त होने का समय आ गया है।

शिष्य: ज़ुआन फालुन को भविष्य की पीढ़ियों के लिए छोड़ा जा रहा है और आपकी तस्वीर इसमें है। फिर भी आपने यह भी कहा है कि भविष्य में लोग आपके स्वरूप को नहीं जान पाएंगे।
गुरु जी: ज़ुआन फालुन भविष्य की पीढ़ियों के लिए नहीं छोड़ा जा रहा है। भविष्य में लोग ज़ुआन फालुन के अस्तित्व के बारे में नहीं जानेंगे। इसलिए, यद्यपि मैंने जो फा पढ़ाया है वह गहरा है और कई दिव्य रहस्य सामने आए हैं, यदि जिन लोगों ने इस फा को सुना है वे वास्तव में आने वाले समय में फल पदवी प्राप्त करते हैं, तो क्या मैंने इसे दिव्यों के अतिरिक्त किसी और को सिखाया है? मानव जाति अभी भी इसे नहीं जानेगी। इसीलिए मैं आपको इस प्रकार सिखाता हूं। मुझे आशा है कि आप सभी फल पदवी प्राप्त कर पाएंगे।

पुस्तकों की बात करें तो, उन्हें सरलता से निपटाया जा सकता है। एक निश्चित समय पर, हम उन पर एक भी शब्द छोड़े बिना उन्हें कोरा कागज बना सकते हैं।

शिष्य: हमें ज़ुआन फालुन के कुछ संस्करणों को कैसे संभालना चाहिए जिनमें कुछ पंक्तियाँ और वाक्य नहीं हैं ?
गुरु जी: ज़ुआन फालुन के चुराये हुए संस्करणों में इसके कई मामले हैं। सुनिश्चित करें कि आप इस मुद्दे पर ध्यान दें। यदि कुछ शब्द या वाक्य नहीं हैं, तो उन्हें अपनी कलम से लिख दें। भविष्य में, कुछ छूटे हुए शब्दों या वाक्यों वाली कोई भी पुस्तक न खरीदें। दूसरे शब्दों में, आप मूल टाइपसेटिंग की पुस्तकें खरीद सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप नई टाइपसेटिंग वाली पुस्तकें नहीं खरीद रहे हैं।

शिष्य: कुछ छात्र हैं जो विभिन्न चीगोंग अभ्यास करते थे। अब, जब वे फा फैला रहे हैं, तो लोगों को आकर्षित करने के लिए पहले वे अपने बीते अभ्यास की बात करते हैं।

गुरु जी: आप में से कुछ के पास अवश्य ही साधारण मानवीय इच्छा का यह रूप है, लेकिन आप यह नहीं कह सकते कि ऐसा व्यक्ति अच्छा नहीं है। मैंने इन दो दिनों के भाषणों में देखा है कि कुछ लोग अपने अतीत की बातों का उल्लेख करते रहे। सामान्य तौर पर, सभी ने जो कहा है वह काफी अच्छा है। यह सिर्फ इतना है कि अभी भी ऐसे लोग हैं जो अपने साधारण मानवीय मोहभावों को प्रदर्शित करते हैं। दाफा को फैलाते समय आपने पहले जो कुछ भी सीखा था, उसमें से किसी का भी उल्लेख नहीं करना चाहिए, क्योंकि आपने इसके साथ पूरी तरह से नाता तोड़ दिया है। यह अब आपका नहीं है, और आप जो प्राप्त करना चाहते हैं यह उसका भाग नहीं है। क्या यह दो या अधिक साधना के मार्गों को फैलाने के समान नहीं है?

शिष्य: गुरु जी, क्या आप कृपया हमें इस बात के बारे में बता सकते हैं कि स्वयंसेवक केंद्रों पर कोई पैसा नहीं रखा जाना चाहिए? संयुक्त राज्य अमेरिका के इस लाभ-हानि वाले समाज में, बिना पैसे सम्मिलित किए काम करवाना कठिन है।

गुरु जी: मैं आपको बता दूं कि कोई भी इसे बदल नहीं सकता है: स्वयंसेवक केंद्र बिल्कुल कोई पैसा नहीं रख सकते हैं। मान लीजिए कि इस अवधि के दौरान पुस्तकें बेचने के बाद थोड़ा पैसा बच जाता है और हम उस पैसे का उपयोग कुछ चीजों के लिए तुरंत करना चाहते हैं। सैद्धांतिक रूप से कोई पैसा सम्मिलित नहीं है, लेकिन वास्तविकता में यह सम्मिलित है। यदि यह लंबे समय तक चलता है, तो यह अंतहीन हो जाएगा, और आप वास्तव में पैसा और संपत्ति जमा करेंगे। मैं आपको बता दूं कि जब हम फा फैलाने का काम करते हैं, तो मुझे लगता है कि कुछ शिष्य जो अधिक समृद्ध हैं, वे कम खर्च वाली चीजों का ध्यान रख सकते हैं। उदाहरण के लिए, आज का यह बड़ा सम्मेलन कक्ष हमारे शिष्य में से एक द्वारा भुगतान किया गया था। उन्होंने एक अच्छा काम किया, लोगों को फा को प्राप्त करने में सहायता करने की इच्छा से। शायद इससे जो वह लाभ प्राप्त करेगा वह अधिक होगा। खैर, मुझे लगता है कि मैं केवल सोच के बारे में बात कर रहा हूं। हम जो मार्ग अपनाते हैं वह उचित होना चाहिए—हमें इसी उचित मार्ग पर चलना चाहिए।

शिष्य: क्या यह सच है कि स्तर जितना अधिक ऊँचा होता है, उतना ही मूल तत्व के पास होता है? इससे यह समझ आता है कि परियों द्वारा बरसाये गए फूल

बोधिसत्व के शरीर से होकर कैसे पार हो सकते हैं, लेकिन अरहत के शरीर से नहीं गुजर सकते।
गुरु जी: ऐसा नहीं है। आप जिस चीज का उल्लेख कर रहे हैं वह तत्वों के अंतर की बात है, जबकि मैं आयामों और दिव्य स्तर में अंतर का उल्लेख करता हूं। अवश्य ही, दिव्य स्तर में अंतर आपके शरीर के कणों में अंतर पैदा कर सकता है—जो कि निश्चित है। लेकिन कणों में अंतर एक पूर्व-अपेक्षा नहीं है। दिव्य स्तर और नैतिक गुण के स्तर पूर्व-अपेक्षा है।

आज के सभी प्रश्नों का मूल रूप से उत्तर दे दिया गया है। नए छात्रों को पुस्तक अधिक पढ़नी चाहिए। यदि आप इसे सीखना और साधना करना चाहते हैं, तो पुस्तक पढ़ें। फा-सम्मेलन कभी कभी ही आयोजित होते हैं। यदि मैंने आपको प्राथमिक स्तर की चीजों के बारे में बताया होता, तो उन लोगों के लिए जो इस सम्मेलन में यहाँ बैठे हैं वस्तुतः फलदायी नहीं होगा क्योंकि आपने वह नहीं सुना होता जो आपको सुनना चाहिए। सम्मेलन का उद्देश्य सभी को अधिक तेज़ी से प्रगति करने और फल पदवी को जल्द प्राप्त करने में सहायता करना है। यह इस फा के उद्देश्य को भी आगे बढ़ा सकता है और अधिक लोगों को इसे प्राप्त करने में सहायता कर सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि आपका सम्मेलन से बहुत सुधार होगा। साथ ही, हमें उन और लोगों की सहायता करनी चाहिए, जिन्होंने अभी तक फा को नहीं सीखा है। मैं आपको बता दूं कि गोरी जाति और अन्य जातियों के बीच अभी भी बहुत से लोग हैं जो अभी भी बचाये जा सकते हैं जिन्होंने अभी तक फा प्राप्त नहीं किया है। बेशक, मैं आपको ऐसा करने के लिए दबाव नहीं डाल रहा हूँ। जितना भी आप कर पा रहे हैं वह ठीक है। फा पूर्व संबंधित लोगों को बचाता है। आप केवल लोगों को दयालु होने की सलाह दे सकते हैं, लेकिन आप उन पर साधना करने के लिए दबाव नहीं डाल सकते। यह ऐसा ही है। मुझे आशा है कि हर कोई और भी अधिक तेजी से प्रगति कर सकेगा और जल्द ही फल पदवी प्राप्त कर लेगा।